कार्तिक शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 09:43 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 14 नवंबर 2024
वर्ष 3, अंक 84, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वैज्ञानिकों ने खोजा ब्लैक होल को जन्म देता विशाल तारा 14

57 की हुईं फिल्म अभिनेत्री जूही चावला 13

# सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर पर लगाया ब्रेक

## संपत्तियों को ढहाए जाने पर अदालत ने जारी किए दिशा निर्देश ध्वस्तीकरण से पहले प्रभावितों को दी जाए 15 दिन की नोटिस

## कोर्ट ने कहा-अधिकारी न्यायाधीश बनकर ध्वस्तीकरण का निर्णय नहीं ले सकते, अराजकता की संविधान में जगह नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने हाल में चलन में आए बुलडोजर न्याय की तुलना अराजकता की स्थिति से की और देशभर के लिए दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि कारण बताओ नोटिस दिए बिना किसी भी संपत्ति को ध्वस्त नहीं किया जाए तथा प्रभावितों को जवाब देने के लिए 15 दिन का वक्त दिया जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि प्राधिकारी उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना नागरिकों की संपत्ति को ध्वस्त करके उन्हें दंडित नहीं कर सकते। कोर्ट ने ऐसी ज्यादतियों को मनमाना करार दिया और कहा कि इससे सख्ती से निपटे जाने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक इमारत को बुलडोजर से ध्वस्त करने और महिलाओं, बच्चों तथा वृद्ध व्यक्तियों को रातों-रात बेघर कर देने के दृश्य को भयावह करार दिया। पीठ ने अपने 95 पृष्ठ के फैसले में कहा कि यदि प्राधिकारी न्यायाधीश की तरह काम करते हैं और किसी नागरिक पर इस आधार पर मकान ढहाने का दंड लगाते है कि वह एक आरोपी है तो यह शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन है।

पीठ ने कहा कि इस तरह की मनमानी कार्रवाइयों के लिए संविधान में कोई जगह नहीं है, जो कानून के शासन की बुनियाद पर टिका हुआ है। पीठ ने कहा कि कारण बताओ नोटिस जारी किए बिना (संपत्ति) ढहाने की कोई भी कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। इस नोटिस का जवाब स्थानीय नगर निकाय कानून के अनुरूप निर्धारित अवधि में देना होगा या फिर नोटिस तामील होने के 15 दिन के भीतर देना होगा। पीठ ने कहा कि प्राधिकारी न्यायाधीश बनकर यह निर्णय नहीं ले सकते कि आरोपी व्यक्ति दोषी है और इसलिए उसकी आवासीय/व्यावसायिक संपत्ति/संपत्तियों को ध्वस्त करके उसे दंडित किया जाए। अधिकारी का ऐसा कृत्य उसकी सीमाओं का उल्लंघन होगा। अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि ढहाने का आदेश पारित होने के बाद भी प्रभावित पक्षों को कुछ समय दिया जाना चाहिए ताकि वे उपयुक्त मंच पर आदेश को चुनौती दे सकें। न्यायालय ने कहा कि ऐसे मामलों में भी जहां लोग ध्वस्तीकरण आदेश का विरोध नहीं करना चाहते हैं उन्हें घर खाली करने और अन्य व्यवस्थाएं करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। यदि अधिकारी कुछ समय के लिए रुक जाएंगे तो आसमान नहीं टूट पड़ेगा। पीठ ने निर्देश दिया कि संपत्ति के मालिक को पंजीकृत डाक से नोटिस भेजा जाए और इसके अतिरिक्त, नोटिस को संपत्ति की बाहरी दीवार पर भी चिपकाया जाए। नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 15 दिन की समयसीमा प्रारंभ होगी, जिसका जिक्र ऊपर किया गया है। पीठ ने निर्देश दिया कि जैसे ही कारण बताओ नोटिस की विधिवत तामील हो जाए, इसकी सूचना संबंधित कलेक्टर या जिलाधिकारी के कार्यालय को डिजिटल रूप से ई-मेल द्वारा भेज दी जाए। फैसले में कहा गया कि जिलाधिकारी एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे और एक ई-मेल पता भी प्रदान करेंगे तथा भवन नियमन और ध्वस्तीकरण के प्रभारी सभी नगर निकाय और अन्य प्राधिकारियों को इसकी सूचना देंगे।

### सार्वजनिक अनधिकृत निर्माण पर लागू नहीं होंगे यह आदेश

पीठ ने कहा कि उसके निर्देश उन मामलों में लागू नहीं होंगे जहां सड़क, गली, फुटपाथ, रेल पटरी या किसी नदी या जलाशय जैसे किसी सार्वजनिक स्थल पर कोई अनधिकृत संरचना है तथा जहां न्यायालय ने ध्वस्तीकरण का आदेश दिया है।

### योगी सरकार ने किया फैसले का स्वागत

लखनऊ। बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट के रोक वाले फैसले का राज्य सरकार ने स्वागत किया है। बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि सुशासन की पहली शर्त होती है कानून का राज। इस फैसले से अपराधियों के मन में कानून का भय होगा। सरकार की तरफ से कहा गया कि फैसले से माफिया एवं संगठित अपराधियों पर लगाम कसने में आसानी होगी। तर्क दिया गया कि आदेश दिल्ली के संदर्भ में था, उप्र सरकार इस केस में पार्टी नहीं थी।

### किसी का घर नहीं टूटेगा



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अब किसी का घर नहीं टूटेगा। क्योंकि न्यायालय ने कहा है कि बगैर सुनवाई आरोपी को दोषी करार नहीं दिया जा सकता है।

### अब आतंक समाप्त होगा



बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि अब बुलडोजर का छाया आतंक जरूर समाप्त होगा। उप्र व अन्य राज्यों की सरकारें जनहित व जनकल्याण का सही व सुचारू रूप से प्रबंधन करेंगी।

### असंवैधानिक थी कार्रवाई



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि जंगल राज समाप्त हो जाएगा, बुलडोजर कार्रवाई पूरी तरह से अन्यायपूर्ण, अनुचित, असंवैधानिक और अवैध थी।

# तीसरे दिन भी आयोग के गेट पर डटे रहे प्रतियोगी छात्र

संवाददाता, प्रयागराज

- ड्रम, थाली और पानी की खाली बोतलें पीटकर जता रहे आक्रोश
- पोस्टर फाड़े जाने में पुलिस ने 11 छात्रों को हिरासत में लिया

**अमृत विचार:** पीसीएस-2024 व आरओ/ एआरओ प्रारम्भिक परीक्षा-2023 अलग-अलग तिथियों में दो दिन में कराए जाने से नाराज प्रतियोगी छात्रों का धरना-प्रदर्शन बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। हजारों अभ्यर्थी वन डे-वन एग्जाम कराने को लेकर आयोग के गेट पर अभी भी जमे हुए हैं। आयोग की हठधर्मिता के खिलाफ वे ड्रम, थाली और पानी की खाली बोतलें पीटकर अपना आक्रोश दिखा रहे हैं। वे प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी कर रहे हैं। क्योंकि उन्हें लग रहा है कि सरकार कुंभकर्णी नींद में है। छात्रों की मांग को मानने व उनकी व्यथा सुनने आयोग या सरकार की ओर से कोई जिम्मेदार अभी तक नहीं पहुंचा है।

मंगलवार को लोक सेवा आयोग चौराहे पर लगे कोचिंग संस्थान का पोस्टर फाड़े जाने के मामले में पुलिस ने 11 छात्रों को हिरासत में लिया है। बीते 3 दिनों से छात्र दिन-रात खुले आसमान के नीचे आयोग के सामने सड़क पर डटे हुए हैं। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला और दिव्यांग अभ्यर्थी भी डटे हुए है। प्रतियोगी छात्र आयोग द्वारा नार्मलाइजेशन वापस लेने की नोटिस जारी होने तक आंदोलन खत्म करने को तैयार नहीं हैं। वे आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत की तस्वीर लिए हुए हैं। तस्वीर के नीचे लिखा है मैं संजय श्रीनेत बहरा हूं। प्रदर्शन के चलते आयोग के दफ्तर के बाहर का पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील किया गया है। पुलिस और पीएसी के साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स भी तैनात है। सूत्रों के अनुसार प्रदर्शकारी छात्रों का साथ देने दिल्ली से हजारों प्रतियोगी भी बुधवार को प्रयागराज पहुंच गए हैं।

### घर पहुंचकर परिवार को धमकी दे रही पुलिस

प्रदर्शन कर रहे प्रतियोगी छात्रों का कहना है कि आयोग की तानाशाही चरम पर है। उनके मुताबिक उनके घर पर पुलिस भेजकर धरने को समाप्त करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। लेकिन, न्याय होने तक हम मौके पर ही डटे रहेंगे। आयोग के बाहर सोमवार को बिजली आपूर्ति रोक दी गई थी। छात्रों ने बताया कि मंगलवार को रातभर कैंडल और मोबाइल टॉर्च के सहारे रहे। यही क्रम बुधवार रात को भी चलता रहा।

## एक नजर

### अभिनेत्री अक्षरा सिंह को जान से मारने की धमकी



**पटना।** भोजपुरी फिल्मों की सुपरस्टार अक्षरा सिंह से अपराधियों ने 50 लाख रुपये रंगदारी की मांग की है और पैसे नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि अक्षरा सिंह के मोबाइल फोन पर सोमवार देर रात अलग-अलग नंबरों से दो कॉल आए। अक्षरा सिंह को दो दिनों के अंदर 50 लाख रुपये की रंगदारी देने के लिए कहा गया है और पैसे नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। इस मामले में अक्षरा सिंह ने दानापुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

### एक आईएएस व तीन पीसीएस अधिकारी निलंबित

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने लखीमपुर खीरी में खेत की पैमाइश लटकाए रखने को लेकर आईएएस अधिकारी व अपर आयुक्त लखनऊ मंडल धनश्याम सिंह, बाराबंकी के एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह, झांसी के नगर मजिस्ट्रेट विधेश सिंह व बुलंदशहर की एसडीएम रेनु को निलंवित कर दिया है। इन चारों राजस्व परिषद से संबध कर दिया गया है। अधिकारियों ने लखीमपुर खीरी में अपनी तैनाती के दौरान जमीन की पैमाइश के मामलों में टालमटोल की थी। दरअसल बीते दिनों, लखीमपुर खीरी के सदर भाजपा विधायक योगेश वर्मा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह स्कूटी पर बैठकर कलक्ट्रेट परिसर गए और बीच सड़क पर एसडीएम से लेकर कानूनगो की शिकायत करते हुए नजर आए।

# बारातियों की बस खड़े ट्रक में घुसी, 3 की मौत

संवाददाता, फतेहपुर

- फतेहपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में मौहार के पास हाईवे पर हुआ हादसा, दर्जन भर घायल
- प्रयागराज से नोएडा जा रही थी बस, भोर में 3:30 बजे के करीब मची चीख-पुकार

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर बुधवार भोर में बारातियों से भरी बस खड़े ट्रक में घुस गई, जिसमें 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब दर्जन भर बाराती घायल हो गए। भोर के सन्नाटे में तेज धमाके और चीख-पुकार से आसपास के लोगों की नींद टूटी। बस में फंसे घायल बारातियों को निकालकर अस्पताल भेजा गया। यह हादसा कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मौहर गांव के पास हुआ।

प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के मुंडेरा से एक मेजर की शादी में शामिल होने के लिए बारातियों को लेकर बस नोएडा जा रही थी। बताया जाता है कि बस रात करीब 1 बजे प्रयागराज से रवाना हुई। भोर में करीब 3:30 बजे बस हाईवे पर कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मौहर गांव के पास पहुंची, तभी हाईवे किनारे खड़े एक ट्रक से भिड़ गई। भिड़ंत इतनी तेज थी कि बस के आगे का हिस्सा ट्रक में घुस गया। धमाके और बारातियों की चीख-पुकार से स्थानीय लोगों की नींद खुली। मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बस में फंसे घायल बारातियों को ग्रामीणों की मदद से निकालकर अस्पताल भेजा। हादसे में किरन देवी (50), आदित्य आमोद (5) की मौत हो गई, जबकि कुमकुम (20) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में दर्जन भर बाराती घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए भेजा गया। चार घायलों को जिला अस्पताल, दो को बिंदकी सीएचसी भेजा गया, जबकि तीन गंभीर घायलों को कानपुर रेफर कर दिया गया।



फतेहपुर में हाईवे पर हादसाग्रस्त बस।

### इन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

हादसे में घायल शशिकांत (35), श्वेता (18), सिमरन (24), सुषमा (14), आदित्य (5), मनोरमा (40), रोशन (30), सुजाता (24) का इलाज किया जा रहा है। ये सभी प्रयागराज के रहने वाले बताए गए हैं।

### बस चालक को झपकी आने से हुआ हादसा

बारातियों ने बताया कि बस चालक को झपकी आने से हादसा हुआ। बताया गया कि 14 नवंबर को नोएडा में शादी है। जिसमें शामिल होने के लिए एक दिन पहले ही परिवार और नाते-रिश्तेदार प्रयागराज से रवाना हुए थे। लंबा सफर होने से बस रात करीब एक बजे प्रयागराज से निकली थी। चालक सोया नहीं था, जिससे उसे झपकी आई।

# उप्र उच्च न्यायिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा स्थगित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश उच्च न्यायिक सेवा (यूपीएचजेएस) 2023 में सीधी भर्ती के लिए 8 दिसंबर 2024 को आयोजित प्रारंभिक परीक्षा प्रशासनिक कारणों से स्थगित करने की घोषणा की है। चयन एवं नियुक्ति/वरिष्ठता विभाग से जारी नोटिस में रजिस्ट्रार मान वर्धन द्वारा उम्मीदवारों को नई परीक्षा तिथि के बारे में अपडेट के लिए हाईकोर्ट के आधिकारिक वेबसाइट को देखते रहने की सलाह दी गई है। कोर्ट ने संशोधित तिथि के विषय में कोई निर्देश नहीं दिया है। मालूम हो कि उक्त भर्ती उत्तर प्रदेश की उच्च न्यायपालिका के भीतर न्यायिक पदों को भरने के लिए महत्वपूर्ण है।

# ब्रिटिश लेखिका सामंथा हार्वे को बुकर पुरस्कार

**लंदन।** ब्रिटिश लेखिका सामंता हार्वे ने अपने उपन्यास ऑर्बिटल के लिए 2024 का बुकर पुरस्कार जीता है। यह 64,000 अमेरिकी डॉलर का साहित्य पुरस्कार जीतने वाला अंतरिक्ष पर आधारित पहला उपन्यास बन गया है। इस साल पुरस्कार के लिए नामित लेखकों में महिलाओं की संख्या अधिक है। ऑर्बिटल अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर छह अंतरिक्ष यात्रियों के एक दिन के जीवन पर आधारित है, जो महाद्वीपों के पीछे चक्कर लगाते हुए पृथ्वी पर 16 सूर्योदय और सूर्यास्त देखते हैं। इसे मंगलवार शाम को लंदन शहर में ओल्ड बिलिंग्सगेट में हुए एक समारोह में विजेता को घोषित किया गया। हार्वे ने पृथ्वी के लिए बोलने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना पुरस्कार समर्पित किया।



# पेंशन से रिकवरी पर कैट ने भी लगाई रोक

चंदन श्रीवास्तव , लखनऊ

- राज्य कर्मियों को हाईकोर्ट ने पहले ही दे रखी है राहत

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार के पेंशनभोगी सरकारी सेवकों को मिले कम्यूटेशन के बदले पेंशन से कटौती पर अब (केंद्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल) कैट ने भी रोक लगा दी है। वहीं इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा पूर्व से ही राज्य कर्मियों की ओर से अलग-अलग दाखिल हजारों याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पेंशन में कटौती पर अंतरिम रोक लगाई जा चुकी है।

अभी हाईकोर्ट व कैट के समक्ष राज्य व केंद्र सरकार के कर्मियों की याचिकाएं आ रही हैं जिन पर सुनवाई के उपरांत अदालतें पेंशन में कटौती पर अंतरिम रोक का आदेश पारित कर रही हैं। दरअसल प्रावधानों के मुताबिक सेवानिवृत्ति के बाद 40 प्रतिशत तक देय पेंशन के बदले एक मुश्त धनराशि (कम्यूटेशन) लेने की आजादी है। एक हजार रुपये पेंशन बेचने पर एक लाख रुपये तत्काल मिलते हैं और जितना पेंशन बेची जाती है उतने रुपये पेंशन से हर माह कटौती होती है। शासनादेश के तहत 15 वर्ष तक कटौती किए जाने का प्रावधान है। इस प्रावधान को सबसे पहले पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के समक्ष रामस्वरूप जिंदल मामले में चुनौती दी गई। जिस पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि 15 वर्ष तक कटौती चलाते रहने से कर्मचारी द्वारा ली गई एकमुश्त धनराशि से बहुत ज्यादा धनराशि की वसूली की जा रही है। इस आधार पर हाईकोर्ट ने पेंशन में कटौती पर रोक लगा दी। पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के उक्त आदेश को वहां की सरकारों ने शीर्ष अदालत में चुनौती दी, हालांकि शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

उत्तर प्रदेश में भी वर्ष 2008 में एक शासनादेश जारी करते हुए, 15 वर्ष तक पेंशन में कम्यूटेशन के बदले कटौती का प्रावधान किया गया। उक्त शासनादेश को ओमप्रकाश श्रीवास्तव मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में चुनौती दी गई। जिस पर सुनवाई के उपरांत न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने प्रथम दृष्टया पाया कि यदि एक मुश्त धनराशि पर 8 प्रतिशत ब्याज भी जोड़ा जाए तो 10 साल 11 महीने में और अधिक से अधिक 11 साल में कम्यूटेशन के बदले वसूली पूर्ण हो जानी चाहिए लिहाजा 15 साल तक पेंशन से कटौती करके वसूली करते रहने का प्रथम दृष्टया कोई औचित्य नहीं है। इस आधार पर हाईकोर्ट ने पेंशन में कटौती पर अंतरिम रोक लगाते हुए राज्य सरकार से विस्तृत जवाब तलब किया है। हाईकोर्ट में कर्मचारियों की हजारों याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं, जिनके पेंशन में कटौती की जा रही है।

# उपचुनाव ही नहीं, 2027 भी जीतेगी सपा : अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी 9 सीट जीतने का किया दावा, भाजपा महाराष्ट्र में हारेगी और फिर उप्र की छिनेगी कुर्सी



जनसभा को संबोधित करते अखिलेश व बगल में खड़ी प्रत्याशी नसीम सोलंकी।

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को यहां कहा कि समाजवादी पार्टी उपचुनाव में तो सभी 9 सीटें जीतेगी ही, 2027 में भी उत्तर प्रदेश में अपनी सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा अभी महाराष्ट्र हारेगी और फिर उत्तर प्रदेश की कुर्सी छिन जाएगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर कहा कि वे सपा नेताओं को अपराधी और माफिया कहते हैं, लगता है कि वे सुबह आईना देखकर नहीं निकलते हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव के लिए जीआईसी ग्राउंड में सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी के समर्थन में चुनाव जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव 2027 के विधानसभा चुनाव का भी पैमाना बनेगा। उन्होंने कहा कि पीडीए के नारे से उनके पेट में दर्द हो रहा है। उन्हें तो पीडीए का फुलफार्म भी नहीं मालूम। पीडीए से भाजपा घबराई है और नकारात्मक राजनीति पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि सरकार और भाजपा के पास बुनियादी सवालों का जवाब नहीं है। भाजपा कभी बुनियादी मुद्दों पर बात नहीं करती। जनता का ध्यान भटकाने के लिए सिर्फ नए-नए नारे गढ़ती है।

**संकट** वाहनों से निकलने वाली कार्बनिक गैस से मौसम में परिवर्तन, कैंची धाम की वजह से कई गुना बढ़ी पर्यटकों की संख्या

# बिगड़ा नैनीताल का मौसम, नवंबर में ठंड गायब

संतोष बोरा, नैनीताल



**अमृत विचार :** गुलाबी ठंड का जो मौसम नैनीताल में सितंबर में होना चाहिए, वो इस बार नवंबर में भी गायब है। इसकी चौंकाने वाली वजह सामने आई है। पर्यटक वाहनों की बढ़ती संख्या से नैनीताल की फिजा में कार्बनिक गैस भारी मात्रा में जमा हो चुकी है और यही वजह है कि मौसम चक्र बिगड़ रहा है। कैंची धाम की वजह से सरोवर नगरी के पर्यटन में इजाफा हुआ है और अब हर दिन हजारों पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। जबकि अक्टूबर 15 के बाद से नैनीताल में कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो जाती थी। मौसम के जानकारों का कहना है कि वाहनों की अत्यधिक वृद्धि से कार्बनिक कणों की मात्रा पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ गई है। जिससे एक ओर दिन के तपमान में तेजी से वृद्धि हो रही है तो वहीं, रात के तापमान में उतनी ही तेजी से गिरावट हो रही है। जिसके चलते तापमान काफी हद तक अनियंत्रित हो चुका है।

### वाहनों का दबाब करना होगा कम

नैनीताल में लगातार बढ़ रहे वाहनों के दबाव को कम करना है तो इसके लिए शहर से बाहर पार्किंग की व्यवस्था करनी होगी। बलियानाला, टिफिन टॉप और नैना पीक से लगातार हो रहे भूस्खलन की वजह से पहले से नगर पर खतरा मंडरा रहा है। अब वाहनों से निकलने वाली गैस से पर्यावरण पर गहरा असर पड़ रहा है। जिसके चलते नगर में धुंध छाई रहती है। इससे सांस संबधी रोगियों की संख्या भी बढ़ने लगी है। तल्लीताल चुंगी से हर रोज 400 से अधिक तथा इतनी ही संख्या में कालाढूंगी की ओर से कुल मिलाकर हर रोज नगर में एक हजार गाड़ियां प्रवेश कर रही हैं।

### 30 फीसदी बढ़ गई कार्बन की मात्रा

एरीज के पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ .नरेंद्र सिंह का कहना है कि हिमालयी क्षेत्रों में वाहनों की अत्यधिक वृद्धि से वायुमंडल को बहुत नुकसान पहुंचा है और इसका असर हिमालयी क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। हिमालय में तीन वर्ष पूर्व हुए शोध में 30 फीसदी कार्बन की मात्रा बढ़ गई थी। हिमालयी क्षेत्रों के तापमान में असमय वृद्धि हुई है, जिसका असर यहां की जलवायु, उपज, पर्यटन व सामाजिक क्षेत्र में पड़ा है। यदि समय रहते कार्बनिक गैसों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो भविष्य में बदलते मौसम की वजह से भारी दुश्वारियां झेलनी पड़ सकती हैं।



# साइकिल पंचर कर सैफई गैराज में भेजेगी जनता

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बोले, समाजवादी पार्टी ने गुंडे को टिकट नहीं दिया होता तो उपचुनाव नहीं कराना पड़ता

सीसामऊ उपचुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा के सामाजिक सम्मेलन में ग्वालटोली पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कांग्रेस, सपा और बसपा पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि लखनऊ के सपा कार्यालय में चर्चा है कि वह सीसामऊ सीट हार रहे हैं। सपा की साइकिल को पंचर कर जनता उसे सैफई के गैराज में भेजना चाहती है। उन्होंने कहा कि अगर सपा गुंडे को टिकट नहीं देती तो यहां उपचुनाव की नौबत नहीं आती।

उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि पता चला है कि अखिलेश की जनसभा में कुर्सियां खाली रह गईं और यहां बैठने के लिए कम पड़ गईं। जनता अब समझ चुकी है कि सपा को वोट देना कुएं में वोट डालने जैसा है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कानपुर ने नारा गढ़ा था कि जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा। अखिलेश यादव इन सबके मुखिया हैं। ग्वालटोली चौराहे पर आयोजित सभा में शाम करीब 4 बजे उप मुख्यमंत्री पहुंचे। उनके मंच पर पहुंचने पर प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, नितिन अग्रवाल समेत भाजपा के जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि 2022 वाला मौका 2024 में मिला है। आप लोग तब तक ईवीएम में कमल का बटन दबाना जबतक लबालब न भर जाये। हमें पूरी तरह से बदला लेना है। प्रदेश और केंद्र का इंजन कानपुर में डटा है। डबल इंजन में हमारे रमेश अवस्थी भी यहां हैं। मैं कार्यकर्ता पहले हूँ और उप मुख्यमंत्री बाद में हूं। हमारे दो मंत्री सुरेश खन्ना और नितिन अग्रवाल भी यहीं हैं यह दोनों कभी चुनाव नहीं हारे, इसका मतलब है कि सीसामऊ हम जीतने जा रहे हैं। सुरेश अवस्थी प्रत्याशी नहीं मैं भी हूं।

उन्होंने मंच से कहा कि पहले यहां दंगे होते थे जब से भाजपा की सरकार बनी तब से दंगा नहीं हुआ। अब गुंडागर्दी की राजनीति नहीं सिर्फ विकास और सुशासन की राजनीती होती है। सीसामऊ के लोगों ने मन बना लिया है कि भाजपा को जिताना है। सपा के गुब्बारे की हवा निकल गयी है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी हमारी तीसरी बार सरकार बनी। कांग्रेस मुक्त देश और सपा-बसपा मुक्त उत्तर प्रदेश बनाना है। उन्होंने कहा कि सपा की नइया को डुबोने का यही समय है। महाराष्ट्र और झारखण्ड में भी हमारी सरकार बनने जा रही है। इस दौरान कई समाजिक संस्थाओं के समर्थन पत्र को उप मुख्यमंत्री को सौंपा गया।



ग्वालटोली चौराहे पर जनसभा के दौरान जनता का उत्साह बढ़ाते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

- भाजपा के सामाजिक सम्मेलन में कांग्रेस, सपा और बसपा पर कसा तंज
- ग्वालटोली और अहिराना में जनसंपर्क कर बनाया माहौल, सभी वर्गों को मंच से साधा

### मंच पर ये भाजपा नेता रहे मौजूद

उप मुख्यमंत्री के सभा मंच पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मानवेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री व कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, एमएलसी सलिल विश्नोई, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वपनिल वरुण, विधायक सुरेंद्र मैथानी, महेश त्रिवेदी, नीलिमा कटियार, राहुल बच्चा सोनकर, प्रदेश के अनुसूचित मोर्चे के अध्यक्ष रामकृष्ण कनौजिया, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह, पूर्व विधायक महेश बाल्मिकी, पूर्व महापौर रवींद्र पाटनी, रघुनंदन सिंह भदौरिया, पार्षद अंकित मौर्य समेत भाजपा के अन्य नेता रहे।

### झूलेलाल मंदिर में टेका माथा, सड़क किनारे खाई चाट

**कानपुर।** ग्वालटोली में सामाजिक सम्मेलन और जनसंपर्क करने के बाद उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रामबाग स्थित झूलेलाल मंदिर में पहुंचकर माथा टेका। झूलेलाल मंदिर में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय सह कोषाध्यक्ष आनंद राजपाल, अशोक अंशवानी, विधि राजपाल आदि सिंधी समाज के दर्जनों नेताओं ने उनका स्वागत किया। इससे पहले उपमुख्यमंत्री ने रामबाग में हनुमान चाट के नाम से प्रसिद्ध ठेले पर खड़े होकर चाट खाई। इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद रमेश अवस्थी, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, पार्षद गोविंद शुक्ला साथ में मौजूद रहे।

### रथ पर सवार होकर किया जनसंपर्क

जनसभा के बाद उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के समर्थन में जनसंपर्क किया। रथ पर सवार होकर वह ग्वालटोली चौराहे से लेकर सब्जी मंडी एवं ग्वालटोली अहिराना तक गये और जनता से वोट मांगे। उन्होंने लोगों ने हाथ जोड़कर अभिवादन किया इसपर लोगों ने भी फूल और माला डालकर उनका अभिनंदन किया।

### 2047 तक सीएम नहीं बनेंगे अखिलेश

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शहर से नाता जोड़ते दिखे। जनप्रतिनिधियों नाम लेते समय उन्होंने एक-एक का संक्षिप्त परिचय दिया। क्षेत्र के पार्षद अंकित मौर्य को गले लगाकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि कानपुर के एक ज्योतिष ने बताया है कि अखिलेश यादव की कुंडली में 2047 तक मुख्यमंत्री बनने का योग नहीं है। मैं उस ज्योतिष का नाम नहीं लूंगा। यह सुनकर जनता ने तालियां बजाईं। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह आज अखिलेश की जनसभा में कुर्सी खाली रह गई हैं, उसी तरह उनकी ईवीएम भी खाली ही निकलेगी।

### करहल-सीसामऊ समेत सभी 9 सीटें जीतेंगे

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इन लोगों ने संविधान ख़त्म करने का दुष्प्रचार किया, राहुल गाँधी और सपा संविधान की दुश्मन है। हमने वादा किया था की रामलला का भव्य मंदिर मनाएंगे और बना दिया। आज कश्मीर में 370 हटा दिया गया। जो कहा हमने वो किया। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि यह चुनाव 2027 में यूपी की तीसरी बार चुनावी जीत की शुरुआत है। हम करहल भी जीत रहे हम सीसामऊ भी जीतेंगे। प्रदेश की सभी 9 सीटें भाजपा जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि सीसामऊ में सुरेश नहीं, केशव भी प्रत्याशी हैं। अंत में बोले, घर-घर में खुशहाली पहुंचे बस इतना फ़र्ज निभा देना बस तुम कमल का बटन दबा देना।



हनुमान चाट रामबाग में चाट का आनंद लेते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।

# सपा विधायक समेत 127 लोगों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फजलगंज थाने में धरना देने और आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में हुई एफआईआर

**अमृत विचार।** फजलगंज थाना क्षेत्र में बीते शुक्रवार को दर्शनपुरवा में एक रोडवेज कर्मी के निधन की सूचना पर सांत्वना देने पहुंचे सपा विधायक, प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने वहां खड़े शख्स ओमप्रकाश गुप्ता से पता पूछा था। आरोप था कि उसने प्रत्याशी को देखकर बहूरानी कह दिया था। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद सपा विधायक की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फजलगंज थाने में नारेबाजी कर विरोध जताया था। इस पर पुलिस ने सपा विधायक समेत 127 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

फजलगंज थाने के उपनिरीक्षक दीपक तिवारी ने एफआईआर दर्ज कराई है कि 8 नवंबर को चंदेल वाली गली निवासी दर्शनपुरवा निवासी अशोक कुमार गुप्ता के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई कर उसे दाखिल किया गया था। जिस पर आर्यनगर विधानसभा सदस्य अभिताभ बाजपेई अपने साथ वरुण जायसवाल उर्फ गोलू निवासी दर्शनपुरवा पूर्व पार्षद प्रत्याशी व कुछ अन्य समर्थक व कार्यकर्ताओं को लेकर फजलगंज थाने पहुंच गए। इसके बाद वहां उपस्थित होकर दाखिल किए जा चुके अशोक कुमार गुप्ता को थाने से छोड़ने का दबाव बनाने लगे। उप निरीक्षक के अनुसार कहा कि जीडी में दाखिला हो गया है। यह सुनकर वह उत्तेजित होने लगे तथा पुनः दबाव बनाने लगे फिर अपने समर्थकों को फोन कर थाने पर आने के लिए कहने लगे।

कुछ ही देर बाद इनके करीब 100-125 समर्थक व कार्यकर्ता थाना परिसर पर आ गए और वह लोग नारेबाजी करते हुए अशोक कुमार गुप्ता को छुड़ाने के लिए दबाव बनाने लगे। मना किया गया तो थाना परिसर में धरने पर बैठ गए व अपने समर्थकों समेत पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद व सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। इनके समर्थकों द्वारा काफी संख्या में गेट के बाहर किनारे गाड़ियां खड़ी कर दी गई तथा नारेबाजी से थाने पर आने जाने वाले फरियादी भी भयभीत होकर वापस चले गए। अशोक कुमार गुप्ता को न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए ले जाने से पुलिस को रोकने का प्रयास किया गया।

बताया कि वर्तमान में सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए आदर्श आचार संहिता लागू है। फिर भी अमिताभ बाजपेई ने आदर्श आचार संहिता व धारा 163 बीएनएस का उल्लंघन करते हुए विधि विरुद्ध जमाव करके अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर थाना परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। बताया कि इनका यह कार्य धारा बीएनएस के अन्तर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। इस संबंध में फजलगंज इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आर्य नगर विधानसभा से सपा विधायक अमिताभ बाजपेई, वरुण जायसवाल उर्फ गोलू निवासी दर्शनपुरवा, 100-125 समर्थक व कार्यकर्ता नाम पता अज्ञात के खिलाफ 191(2)दंगे की धारा का दोषी, (352) जानबूझकर अपमान करने, (221) सरकारी कार्य में बाधा डालना, (223) सरकारी अधिकारी द्वारा दिए गए आदेशों का उल्लंघन करने की धारा में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### नर्वल डायट के नए भवन की डिजाइन बनकर तैयार

**कानपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) नर्वल के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की डिजाइन बनकर तैयार हो गई है। इस डिजाइन में नर्वल डायट में प्रशासनिक भवन, छात्रावास, लैब, क्लासेस को नया रूप दिया गया है। सरकार को प्रस्तावित डिजाइन की रिपोर्ट भेज दी गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से डायट के उन्नयन के लिए मिलने वाले 15 करोड़ रुपये के बजट से निर्माण कार्य कराया जाएगा। डायट के उत्कृष्टता केंद्र में उच्चीकृत होने के बाद डीएलएड प्रशिक्षुओं को शिक्षण कार्य में गणित और विज्ञान का प्रयोग करने के लिए अत्याधुनिक लैब, स्मार्ट क्लास की सुविधा मिलेगी। प्रशिक्षुओं के लिए छात्रावास की भी सुविधा रहेगी। अभी तक डायट में पर्याप्त संसाधन न होने से प्रशिक्षण कार्य में समस्या बनी रहती है।



बुधवार को जनसंपर्क करते भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी। अमृत विचार

### भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने जनसंपर्क कर मांगे वोट

**कानपुर।** भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने बुधवार को जनसंपर्क की शुरुआत रायपुरवा में माता शीतला देवी के मंदिर में माथा टेक की। जय श्रीराम के उद्घोष के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रायपुरवा की विभिन्न गलियों में घर घर कुंडी खड़काकर वोट मांगे। पुरानी शराब गद्दी रोड पर बड़े बुजुर्गों, माताओं बहनों का चरण वंदन करके आशीर्वाद लिया। जनसंपर्क में जगह-जगह सुरेश अवस्थी पर घरों से पुष्प वर्षा हुई। सुरेश अवस्थी ने कहा कि मैं आपके स्नेह और आशीर्वाद का सदा ऋणी रहूंगा। आप का सुख और दुख सब मेरा है। यहां से कर्नलगंज की गलियों में भी जनसंपर्क किया। यहां महिलाओं ने टीका कर के विजय श्री का आशीर्वाद दिया। संगीत टाकीज चौराहे पर गुरुनानक देव जी की शोभा यात्रा का स्वागत कर के दर्शन लिया। कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से महेंद्र पाल शैलेन्द्र चौहान, राजू बाजपेई, अंकित मिश्रा, राजू नगीना, विनीत पासवान, आनंद साहू, आदि लोग उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कोपेस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर के साथ बैठक की। इस दौरान सीसामऊ विधानसभा निर्वाचन में भाजपा के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने के लिये मंथन हुआ और आगामी रणनीति पर विचार किया गया। इस बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री राकेश सचान के साथ पूर्व विधायक अजय कपूर, हरविन्दर सिंह लार्ड, विक्की छाबड़ा सहित प्रबुद्धजनों ने भाग लिया।



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त। अमृत विचार

### मतदाताओं के दावे और आपत्तियां 28 तक ली जाएंगी

**कानपुर।** मण्डलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को सभागार में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 की समीक्षा बैठक हुई। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता के लिए हुई बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2025 के आधार पर नगर में उप निर्वाचन वाली सीसामऊ विधानसभा को छोड़कर अन्य सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। मतदाताओं के दावे और आपत्तियां 28 नवम्बर तक ली जाएंगी। 23 व 24 नवंबरको विशेष अभियान में बीएलओ मतदान बूथ पर फार्म सहित उपस्थित रहकर सहायता करेंगे। 28 नवम्बर से 24 दिसम्बर तक दावों और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह, एडीएम राजेश कुमार, अपर आयुक्त पूनम निगम, रेनू सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कमल किशोर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



चुन्नीगंज जीआईसी मैदान के सभा मंच पर जनता का अभिवादन करते सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव। अमृत विचार




चुनाव जनसभा के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। अमृत विचार

# सीसामऊ का उपचुनाव भाजपा की साजिश: अखिलेश यादव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जीआईसी ग्राउंड में जनसभा कर मांगा जनसमर्थन

**अमृत विचार।** सीसामऊ का उप चुनाव विशेष परिस्थितियों में हो रहा है। यह उपचुनाव भाजपा सरकार की साजिश है। सरकार ने झूठे मुकदमे लगाकर विधायक रहे इरफान सोलंकी को जेल भेजा। इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी कभी किसी चुनाव में घर से बाहर नहीं निकलीं, लेकिन इंसाफ के लिए जनता के बीच जाकर वोट मांग रही हैं। 20 नवंबर को साइकिल वाला बटन दबाकर नसीम सोलंकी को रिकॉर्ड मतों से जिताएं। यह बातें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जनसभा में कहीं।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को सीसामऊ विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए चुन्नीगंज स्थित जीआईसी मैदान पर चुनावी जनसभा की। उन्होंने कहा कि सीसामऊ सीट की जनता से सोलंकी परिवार का गहरा नाता है। इस सीट पर नेताजी के समय से लोग सपा पर भरोसा करते आए हैं। सीसामऊ क्षेत्र की जनता और इरफान सोलंकी को इंसाफ दिलाने के लिए उनकी पत्नी नसीम सोलंकी पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा के लोग घबराए हैं। यह हमारी पार्टी नहीं, जनता का चुनाव है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के जरिए लोगों पर कार्रवाई करवा रहे हैं, लेकिन अधिकारी भी यह समझ लें कि भाजपा के दबाव में आज जिस तरह कार्रवाई कर रहे हैं, 2027 में सपा की सरकार आने पर उनके साथ भी यही व्यवहार होगा।

उन्होंने किसानों, बेरोजगारों, नौजवानों और महिलाओं के मुद्दे उठाते हुए कहा कि भाजपा के एजेंडा में नौकरी नहीं है। ये लोग कभी नौकरी की बात नहीं करते। इस सरकार में चयन आयोग अयोग्य हो गया है। इतने पर्चे लीक हुए, जितने बीते 60 साल में नहीं हुए। पर्चे लीक करने वाले, गलत पर्चे बनाने वाले और हेराफेरी करने वाले भाजपा के ही लोग हैं, ताकि नौजवानों व बेरोजगारों को नौकरी न देनी पड़े।

उन्होंने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन की बात करने वाले युवाओं का सेलेक्शन नहीं करा पा रहे हैं। प्रयागराज में हजारों युवा धरने पर बैठें हैं, जिन पर डंडे बरसाए जा रहे हैं। महंगाई की वजह से त्योहार फीके पड़ गए हैं। किसानों की डीएपी गायब कर दी है। प्रदेश सरकार सीएम आवास के बाहर आत्मदाह करने वालों का एक नया रिकॉर्ड बना रही है।

### यूपी के बाद दिल्ली से भी भाजपा को हटाएंगे

अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए परिवार ने मिलकर जिस तरह लोकसभा में भाजपा को हराया, उसी तरह विधानसभा चुनाव में भी पीडीए परिवार भाजपा को हराएगा। संविधान ही पीडीए की संजीवनी और रक्षा कवच है। यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। भाजपा पढ़ाई व नौकरी से अरक्षण को खत्म करने का काम कर रही है, लेकिन हमारी लड़ाई तब तक खत्म नहीं होगी, जब तक दिल्ली व उत्तर प्रदेश से भाजपा को हटा नहीं लेंगे।

### चुनाव टाले हैं तो हारेंगे

अखिलेश यादव ने कहा कि उपचुनाव में हार के डर से ही भाजपा ने उपचुनाव की तारीख बदली। 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को मतदान कर दिया। अगर तारीख नहीं बदली होती तो आज यहां इकट्ठा होने के बजाय मतदान कर रहे होते। भाजपा वाले तारीख बदल सकते हैं, लेकिन परिणाम नहीं। उन्होंने कहा कि बुनियादी सवालों का सरकार के पास कोई उत्तर नहीं है।

### ये लोग रहे मौजूद

सपा के नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, सीसामऊ विधानसभा प्रभारी राजेंद्र कुमार, सह प्रभारी सुनील सिंह साजन, राष्ट्रीय सचिव कांग्रेस नीलांशु चतुर्वेदी, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल राय, लोकसभा चुनाव में कांगेस-सपा गठबंधन के प्रत्याशी आलोक मिश्रा, प्रेमप्रकाश वर्मा, विधायक अमिताभ बाजपेई, विधायक मोहम्मद हसन रूमी, पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया, राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र मोहन अग्रवाल, नगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, प्रदेश सचिव केके शुक्ला, यूथ विग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा, पूर्व विधायक गजाला लारी, दिलीप सिंह, पूर्व विधायक सतीश निगम, अपर्णा जैन, आसिफ कादरी, अंकित सचान, पप्पू मिर्जा, नीतेंद्र यादव, हाजी सरताज अनवर, डॉ. कमलेश यादव, दीपक खोटे आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### एक घंटे के भाषण में किसी का नाम नहीं लिया

अखिलेश यादव ने करीब एक घंटे भाषण दिया, लेकिन इस दौरान उन्होंने किसी भी विपक्षी नेता का नाम नहीं लिया। अलबत्ता इशारों-इशारों में मोदी और योगी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि उनके हाथ में विकास नहीं, विनाश की रेखा है। नकारात्मक सोच वालों की उम्र ज्यादा नहीं होती। भाजपा बचाने नहीं फंसाने वाली पार्टी है। इनके चेहरे पर नकारात्मक भाव दिखाई देता है। भाजपा के बुलडोजर को सुप्रीम कोर्ट ने न सिर्फ रोक दिया है, बल्कि तल्ख टिप्पणी भी की है।

### इरफान से कानपुर मिलने आए तो महाराजगंज भेजा

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के झूठे मुकदमों की वजह से इरफान सोलंकी को जेल हुई। हम कानपुर जेल में इरफान से मिलने आए तो उन्हें महाराजगंज भेज दिया। मंच पर मौजूद इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी और मां की ओर से इशारा करते हुए कहा कि पूरा परिवार इंसाफ की लड़ाई लड़ रहा है। हमें पूरा भरोसा है कि सीसामऊ क्षेत्र की जनता 20 नवंबर को उनका साथ देगी और पहले से भी ज्यादा इस बार रिकॉर्ड मतों से जिताएगी।

**सियासी दांव** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्थानीय मुद्दों को उठाया, बंद पड़ी लाल इमली को भी चलाने का किया वादा

# टेनरियों को आगे बढ़ाएंगे, मेट्रो उन्नाव तक दौड़ाएंगे

विशेष संवाददाता, कानपुर

- कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर सरकार को घेरा

**अमृत विचार।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्थानीय मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि इस सरकार में कानपुर की टेनरियों पर संकट गहराया है, लेकिन 2027 में सपा की सरकार आने पर टेनरियों को आगे बढ़ाएंगे। प्रदूषण रोकने के लिए जरूरी कदम उठाएंगे। मेट्रो को उन्नाव तक दौड़ाएंगे और लाल इमली को भी चलाएंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार टेनरियों को प्रदूषण के नाम पर बंद कर सकती है, लेकिन प्रदूषण से निपटने और टेनरियों के विकास के लिए कोई कदम नहीं उठा सकती। इसकी वजह सभी जानते हैं। टेनरी कारोबारियों पर संकट मंडरा रहा है। जब उद्योग ही बंद हो जाएगा तो टेनरी मालिक और कर्मचारी क्या करेंगे। 2027 में उनकी सरकार आई तो एक भी टेनरी बंद होने देंगे और जो बंद हो चुकी हैं, वे भी चालू कराएंगे। पर्यावरण और गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए चाहे तीन हजार करोड़ या फिर पांच हजार करोड़ रुपया खर्च करने पड़ेंगे, सरकार पीछे नहीं हटेगी।

उन्होंने कहा कि अभी इमली मिल के लोग मिले। बताया कि भाजपा सरकार ने कुछ नहीं किया। प्रदेश में सपा की सरकार आने पर लाल इमली को चालू कराएंगे। इस मिल की बंदी की कहानी जगजाहिर है। दीवाली बीत गई। कर्मचारियों का बकाया भुगतान सरकार नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि कानपुर को मेट्रो हमने दी। आगे जरूरत पड़ी तो उन्नाव तक चलाएंगे। घाटमपुर में पॉवर प्लांट के लिए जमीन हमने दी, लेकिन भाजपा सरकार ने पनकी पॉवर प्लांट के लिए क्या किया? वहीं की वहीं खड़ी है। उन्होंने कहा कि नवीन मार्केट का विकास सपा सरकार में हुआ। भाजपा सरकार पार्किंग तक नहीं बना पाई। हमने एंबुलेंस सेवा शुरू की। प्रदेश में यूपी-100 की शुरुआत हमने कानपुर से ही की थी। उन्होंने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर जिलाधिकारी आवास कंपाउंड में महिला का शव दफनाने का जिक्र किया। बोले, 8 फीट का गड्ढा खोद दिया गया, लेकिन जिलाधिकारी को भनक तक नहीं लगी। यूपी में तो अब पुलिस ही पुलिस को पकड़ रही है।

### पुलिस और प्रशासन ने भीड़ को आने से रोका

**कानपुर।** मंच पर जब अखिलेश यादव पहुंचे तो आगे की कुर्सियां भरी और पीछे की कुर्सियां खाली थीं। तमाम लोग छांव पर खड़े थे। विधायक अभिताभ बाजपेई ने कहा कि पुलिस प्रशासन यतीमखाना, साइकिल मार्केट और लकड़मंडी की ओर से लोगों को आने नहीं दे रही है, जो कि गलत है। कहा कि अभी तक पुलिस, नगर निगम, केडीए और केस्को ही कार्रवाई कर रहा था, लेकिन मंगलवार को ड्रग विभाग भी सीसामऊ क्षेत्र में एक्शन मोड पर आ गया। यह सब चुनाव प्रभावित करने के लिए हो रहा है।

# कॉटन मिल से टीपी नगर पहुंची टीबीएम

## डाउन लाइन पर 331 मीटर लंबे टनल का निर्माण पूरा, अब सेंट्रल की ओर बढ़ेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● अप-लाइन पर टीबीएम पहले ही बना चुकी है रास्ता, आगे बढ़ने की प्रक्रिया जारी

**अमृत विचार।** मेट्रो कॉरिडोर-1 (आईआईटी-नौबस्ता) के अंतर्गत स्वदेशी कॉटन मिल के पास स्थित रैंप एरिया से कानपुर सेंट्रल तक लगभग 2.40 किमी लंबे अंडरग्राउंड स्ट्रेच पर टनल निर्माण जारी है। 'विद्यार्थी' टनल बोरिंग मशीन ने बुधवार को डाउन लाइन पर लगभग 331 मीटर लंबे टनल का निर्माण पूरा कर ब्रेकथ्रू हासिल किया। यह मशीन शाम 5 बजे जमीन के नीचे रास्ता तैयार करते हुए ट्रांसपोर्ट नगर स्टेशन पहुंची।

कानपुर मेट्रो के परियोजना निदेशक अरविंद मीणा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच टीबीएम का स्वागत हुआ। अप-लाइन पर आजाद टीबीएम स्वदेशी कॉटन मिल से ट्रांसपोर्ट नगर स्टेशन तक पहले ही टनल निर्माण पूरा कर चुकी है। अब दोनों टीबीएम स्टेशन के दूसरे छोर तक ड्रैग किए जाने के बाद कुछ दिनों के अंतराल पर झकरकटी स्टेशन की ओर लॉन्च कर दी जाएंगी। झकरकटी स्टेशन से ये मशीन दोबारा कानपुर सेंट्रल की ओर टनल निर्माण करते हुए आगे बढ़ेंगी।


टीपी नगर पहुंची टीबीएम का गुब्बारे लगाकर स्वागत किया गया।

कॉरिडोर-1 (आईआईटी-नौबस्ता) के अंतर्गत लगभग 8.20 किमी लंबे अंडरग्राउंड सेक्शन में चुन्नीगंज, नवीन मार्केट, बड़ा चौराहा, नयागंज, कानपुर सेंट्रल, झकरकटी और ट्रांसपोर्ट नगर, कुल 7 अंडरग्राउंड स्टेशन हैं। मैकरॉबर्टगंज स्थित रैंप एरिया से कानपुर सेंट्रल तक टनल निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद अब स्वदेशी कॉटन मिल के पास स्थित रैंप एरिया से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक लगभग 2.40 किलोमीटर लंबे अंडरग्राउंड स्ट्रेच में टनल का निर्माण किया जा रहा है।

इसी स्ट्रेच में ट्रांसपोर्ट नगर और झकरकटी स्टेशन भी पड़ते हैं। डाउन लाइन पर टनल निर्माण के इस सफर में 'विद्यार्थी' टीबीएम ने कुल 230 रिंग्स लगाए और लगभग 331 मीटर लंबे टनल का निर्माण पूरा किया। अगले कुछ दिनों में 'विद्यार्थी' टीबीएम की 'ड्रैगिंग' प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे ट्रांसपोर्ट नगर से झकरकटी की ओर लॉन्च कर दिया जाएगा।

### दोनों कॉरिडोर पर एक साथ चल रहा कार्य

- वर्तमान में लगभग 24 किमी लंबे कॉरिडोर-1 (आईआईटी-नौबस्ता) के अंतर्गत कानपुर मेट्रो की यात्री सेवाएं 9 किमी लंबे प्रॉयरिटी कॉरिडोर (आईआईटी-मोतीझील) पर चल रही हैं। कॉरिडोर-1 के बैलेंस सेक्शन यानी चुन्नीगंज से नौबस्ता तक चल रहे निर्माण कार्य के अलावा लगभग 8.60 किमी लंबे कॉरिडोर-2 (सीएसए-बर्रा 8) का निर्माण कार्य भी तेजी से बढ़ रहा है। कॉरिडोर-2 पर टीबीएम 'गोमती' द्वारा टनल निर्माण का कार्य भी आरंभ हो चुका है।

## अब सीएसए में बढ़ेगी निगरानी

**कानपुर।** सीएसए विवि के हॉस्टल के आस-पास बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए खासतौर पर रात में सुरक्षा गार्ड की संख्या में इजाफा किया गया है। छात्रगुटों के बीच हुई मारपीट के बाद विवि प्रशासन की ओर से यह सतर्कता बरती जा रही है। उधर हॉस्टल में मारपीट के बाद दोनो ही गुटों में समझौता की बात सामने आ रही है।

विश्वविद्यालय में एमबीए तीसरे सेमेस्टर के छात्रों के बीच मारपीट की घटना के बाद विवि प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। विवि प्रशासन की ओर से पहले तो दोनों पक्ष में समझौता कराया गया। अब हॉस्टल में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश से संबंधित नियम सख्त किए जाएंगे।

# सीजन में पहली बार 14 डिग्री तापमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ऊंचे पहाड़ों पर हुई बर्फबारी का बताया गया असर, तापमान गिरने की संभावना
- दिन का तापमान औसत और रात के तापमान में गिरावट की जताई गई आशंका

**अमृत विचार।** शहर में ठंड ने दस्तक दे दी है। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिकों ने बुधवार को सीजन की सबसे ठंड रात दर्ज की। पहली बार न्यूनतम पारा 14.8 डिग्री सेलसियस दर्ज किया। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि ऊंचे पहाड़ों में हुई बर्फबारी के असर से रात के तापमान में कमी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिनों तक न्यनतम तापमान में कमी जबकि अधिकतम तापमान औसत रहने की आशंका जताई है।

शहर में नवंबर महीने की शुरुआत से न्यूनतम तापमान 17 से 18 डिग्री सेल्सियस के आस-पास दर्ज हो रहा था। मंगलवार को भी मौसम विभाग की ओर से 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार रात तापमान अचानक नीचे आया और उसे 14.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की ओर से इसे सीजन की अब तक की सबसे सर्द रात बताया गया। उधर न्यूनतम तापमान में आई गिरावट का असर अधिकतम तापमान में नहीं पड़ा।

बुधवार को पारा 32.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अधिकतम तापमान औसत से 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि पहाड़ों में बर्फबारी की शुरुआत का असर शहर के तापमान में भी पड़ना शुरू हो गया है। आने वाले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में लगातार कमी दर्ज होने की संभावना है। इसी तरह अधिकतम तापमान में कमी दर्ज हो सकती है लेकिन एक डिग्री सेल्सियस से अधिक की कमी फिलहाल दर्ज होने की संभावना से विशेषज्ञों ने इनकार किया है।

**आज का मौसम**

प्रात :काल के समय आसमान में हल्के से मध्यम कोहरा दिखाई देने के आसार हैं।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 32.5° | 14.8° |
| सूर्योदय 06 : 27 | सूर्यास्त 05 : 19 |



24/44, Birhana Road, Kanpur | 0512 2312887 | 7081818102
Follow us on: /kashijewellerskanpur /houseofkashi

27 स्वर्णिम वर्ष 1997-2024
27 साल से अधिक आपका विश्वसनीय हेल्थ मित्र
24 घंटे लैब सेवा
पालीवाल डायग्नोस्टिक्स (प्रा.) लि.
सहयोग डॉ. लाल पैथलैब्स
21 उत्कृष्ट लैब्स | 220 + कलेक्शन सेंटर्स | 270 + पिकअप पॉइंट्स | 9.99 लाख कुल पेशेंट प्रतिवर्ष (2021-22) में

पालीवाल डायग्नोस्टिक्स मेडिकेयर प्रा. लि.
मुख्य लैब : 117/एच-1/02, पाण्डु नगर, जे.के. मन्दिर के सामने, कानपुर-05
फोन : 0512-2335500, 2235821, 2232962

विश्वस्तरीय क्वालिटी आकर्षक दरों पर किफायती स्वास्थ्य परीक्षण

Swasth Fit
Diabetes & Heart Check



Swasth Fit SCREEN
in ₹ 699/-

हमारे विभिन्न किफायती हेल्थ पैकेजेस में से आज ही चुनें, अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाईन पर संपर्क करें।

होम कलेक्शन / हेल्पलाईन नं.
9305028499, 7311130006, 9336843141
customercare.pdpl@lalpathlabs.com www.paliwaldiagnostics.in

लैब जैसी सुविधा अब घर पर भी — स्वच्छता, सुविधा, भरोसा

| स्वस्थ सुपर-1 (27 Tests) | स्वस्थ सुपर-2 (47 Tests) | स्वस्थ सुपर-3 (29 Tests) | स्वस्थ सुपर-4 (49 Tests) | स्वस्थ फिट कम्पलीट |
|---|---|---|---|---|
| OFFER PRICE 1050/- | OFFER PRICE 1350/- | OFFER PRICE 2050/- | OFFER PRICE 2350/- | OFFER PRICE 3500/- |

सुविधाएं — NABL & ISO CERTIFIED LAB — सभी जाँचें एक छत के नीचे
✦ सी.टी. स्कैन ✦ एक्सरे (डिजिटल) ✦ अल्ट्रासाउन्ड ✦ टी0एम0टी0 ✦ ओ0पी0जी0 ✦ ऑडियोमेट्री
✦ पैथोलॉजी ✦ कलर डॉप्लर ✦ ई0ई0जी0 ✦ आई एण्ड ईयर ✦ इको कार्डियोग्राफी ✦ पी0एफ0टी0

मुख्य शाखा लैब
परख डायग्नोस्टिक सेन्टर
सी.टी. स्कैन, एक्सरे, अल्ट्रासाउन्ड व सभी पैथोलॉजी जाँचें
37/17 वेस्टकॉट बिल्डिंग कैम्पस, द मॉल, कानपुर
फो.: 0512-2363605, 2304005, 9919406571

साउथ ब्रान्च
मातृ छाया बिल्डिंग
621/37, W-2 बर्रा
निकट सचान गेस्ट हाउस
फोन: 9335093357, 9838900770

14 नवंबर वर्ल्ड डायबिटीज डे
Advertisement

लगातार कराएं डायबिटीज टेस्ट, सेहत रखें दुरुस्त



*डायबिटीज तेजी से अपने पैर फैला रहा है। कई लोगों में इसके लक्षण तक नजर नहीं आते। इस कारण नियमित टेस्ट कराना जरूरी होता है क्योंकि डायबिटीज का तुरंत पता चलने पर समय पर कदम उठाने से बेहतर स्वास्थ्य नियंत्रण संभव हो जाता है। जानें, मधुमेह के लिए मेडिकल टेस्ट कौन से हैं, जिन्हें कराना अनिवार्य है...*


डॉ. उमेश पालीवाल (डायरेक्टर)

डायबिटीज यानी मधुमेह रोग होने पर पीड़ित व्यक्ति का शरीर अपने खून में शुगर (ग्लूकोज) की सही मात्रा को बनाये नहीं रख पाता। ब्लड शुगर लेवल के बढ़ने से समय के साथ कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। जो लोग अपने आहार और एक्टिव लाइफस्टाइल के माध्यम से अपने ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखते हैं, वो काफी हद तक अपनी डायबिटीज पर नियंत्रण रख सकते हैं, लेकिन फिर भी नियमित रूप से चेकअप और टेस्ट कराना आवश्यक हैं। भारत की लगभग 11.2% आबादी मधुमेह से पीड़ित है। विभिन्न प्रयोगशाला और घर-आधारित परीक्षण उपलब्ध हैं जो रक्त शर्करा के स्तर (Blood Sugar Levels) की जाँच में मदद करते हैं। इन परीक्षणों में एचबीए1सी (HbA1c), उपवास (Fasting), (Postprandial) और रैन्डम (Random) रक्त शर्करा परीक्षण (Blood Sugar Tests) शामिल हैं।

**क्या आप डायबिटीज के अलग- अलग टेस्ट के बारे में अधिक जानना चाहते हैं और टेस्ट आपके स्वास्थ्य के बारे में क्या कह सकते हैं? आइए कुछ बुनियादी बातों पर गौर करें जिससे कुछ बातों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी।**

**टेस्ट किसे कराने होंगे?**

डायबिटीज उम्र नहीं देखता। डायबिटीज किसी को भी, किसी भी उम्र में हो सकता है और प्रभावित कर सकता है। अगर आपकी उम्र 40 वर्ष या उससे अधिक है तो आमतौर पर नियमित रूप से टेस्ट करवाना अच्छा विचार है, भले ही आप ठीक महसूस कर रहे हों। लेकिन अगर आप युवा हैं और मोटापा, डायबिटीज से जुड़ी फैमिली हिस्ट्री या हाई ब्लड प्रेशर जैसी बातों से घिरे हैं, तो कम उम्र में टेस्ट कराने में समझदारी है। अपने और अपने शरीर के बारे में जानना आपके स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

टेस्ट से आप पता कर सकते हैं कि आपको डायबिटीज है या नहीं। इस प्रकार आप अपनी आदतें बदल सकते हैं और हालात कठिन होने से पहले उपचार शुरू कर सकते हैं। यह बेहतर स्वास्थ्य के लिए उठाया गया अच्छा कदम है।

**डायबिटीज के लक्षण और संकेत जिन पर ध्यान देना बेहद जरूरी है**

कभी-कभी आपको कोई भी लक्षण महसूस भी नहीं हो सकते। इसलिए टेस्ट बहुत महत्वपूर्ण हैं। सचमुच शरीर के भीतर क्या हो रहा है, पता लगाने में टेस्ट मदद करते हैं।

**बिना लक्षण के जॉंच का महत्व :**

आप भले ही ठीक-ठाक महसूस कर रहे हों, लेकिन डायबिटीज के लिए टेस्ट कराना बेहद जरूरी है। क्यों? क्योंकि आपको कुछ महसूस होने से पहले ही डायबिटीज समस्या पैदा कर

सकता है। डायबिटीज का पता जल्दी लगाकर आप अपने स्वस्थ जीवन को जी सकते हैं और बाद में होने वाले नुकसान को रोक सकते हैं।

**डायबिटीज टाइप 1, टाइप 2 और प्री-डायबिटीज के लिए टेस्ट :**

**1. फास्टिंग प्लाज्मा ग्लूकोज टेस्ट (FPG) / फास्टिंग ब्लड शुगर** - इस टेस्ट को बिल्कुल सुबह-सुबह करना चाहिए। इस टेस्ट से पहले 8 से 10 घंटे तक आपका पेट खाली होना चाहिए। लेकिन आप चिंता मत कीजिए, आप पानी पी सकते हैं। अगर आपका ब्लड शुगर लेवल 126 mg/dl या इससे अधिक है, तो इसका मतलब है कि आपको डायबिटीज है। यदि यह 100 mg/dl से कम है, तो यह सामान्य है, और अगर यह 100 से 125 mg/dl के बीच है तो इसका मतलब है आपको प्री-डायबिटीज हो सकता है।

**2. पी.पी. ब्लड शुगर (Postprandial Blood Sugar)** आपका शरीर ग्लूकोज को किस प्रकार नियंत्रित करता है इसका पता इसकी जाँच से होता है। इसमें खाली पेट रहने के बाद भारी नाश्ता/ भोजन करने के दो घंटे बाद टेस्ट कराते हैं। अगर नतीजा 200 mg/dl या इससे अधिक है, तो इसका मतलब है आपको डायबिटीज है। यदि यह 140 mg/dl से कम है तो यह सामान्य बात है। अगर यह 140 से 199 mg/dl के बीच है, तो इसका मतलब है कि आपको प्री-डायबिटीज हो सकता है।

**3. हीमोग्लोबिन A1c ( HbA1c) टेस्ट :** यह टेस्ट सर्वोत्तम है, क्योंकि इस टेस्ट के जरिए पिछले दो-तीन महीनों के आपके ब्लड शुगर लेवल को देख सकते हैं! यह एक आम ब्लड टेस्ट है, जिसमें फास्टिंग की जरूरत नहीं होती है। डायबिटीज की पुष्टि तथा मरीज की दवा निर्धारण में इसका बहुत महत्व होता है, इसके नतीजे परसेंटेज में इस प्रकार दिखाए गए हैं: अगर यह **6.5%** या उससे अधिक है तो इसका मतलब है, आपको डायबिटीज है। यदि यह **5.7%** से **6.4%** के बीच है तो, इसका अर्थ है कि आपको प्री-डायबिटीज हो सकता है।

**4. रैंडम ब्लड शुगर टेस्ट :** इस टेस्ट के जरिए किसी भी समय आपके ब्लड में शुगर कितनी मौजूद है, इसका तुरंत पता लग जाता है। इस टेस्ट के लिए आपको खाली पेट रखने की कोई जरूरत नहीं है और यह टेस्ट बहुत सरल है। यह वैसे तो 140 के अंदर होती है परन्तु अगर नतीजा 200 mg/dl या इससे भी अधिक है, तो समझ लीजिए कि आपको निश्चित रूप से डायबिटीज है अथवा डायबिटीज अनियंत्रित है, अतः अन्य जांचें व चिकित्सक से राय लेनी चाहिए।

**ओरलग्लूकोज टोलरेंस टेस्ट ( OGTT)**- यह जाँच कई प्रकार से की जाती है तथा खाली

पेट जाँच के बाद आधे-आधे या एक-एक घंटे बाद करायी जाती है।

**अनियंत्रित डायबिटीज से होने वाली जटिलताएं-** मधुमेह में अनियंत्रित शुगर से शरीर के अधिकांश हिस्से प्रभावित होते हैं अतः मधुमेह से जुड़ी कई जटिलताएं हो सकती हैं जिनमें से कुछ ये हैं। हृदय रोग : मधुमेह से हृदय रोग स्ट्रोक और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ जाता है। तंत्रिका क्षति: मधुमेह से पूरे शरीर में नसों को नुकसान पहुंच सकता है, इससे हाथों और पैरों में दर्द, झुनझुनी और संवेदना का नुकसान हो सकता है। गुर्दे की क्षति : मधुमेह से गुर्दे की फिल्टरिंग प्रणाली को नुकसान पहुंच सकता है, इससे गुर्दे की विफलता और डायलिसिस या प्रत्यारोपण की जरूरत पड़ सकती है। आंखों की क्षति: मधुमेह से आंखों की रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे रोशनी कम होना या अंधापन हो सकता है। मधुमेह से पीड़ित लोगों में मोतियाबिंद और ग्लूकोमा का खतरा भी बढ़ जाता है। पैरों की समस्याएं: मधुमेह से पैरों में अल्सर, संक्रमण और गैंग्रीन जैसी समस्याएं हो सकती हैं । त्वचा एवं शरीर के प्रवेश मार्ग संबंधी समस्याएं- मधुमेह से हमारी सुरक्षा आवरण जीवाणु और फंगल संक्रमण के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो सकती है। सुनने की समस्याएं- मधुमेह से सुनने की समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

सुझाव- हमारा सुझाव है कि डायबिटीज व अन्य बीमारियों को शुरू में ही पहचानने के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करायें तथा किसी बीमारी या डायबिटीज के लक्षणों को नजरअंदाज न करें, तुरंत डायबिटीज टेस्ट करवाकर उसका इलाज शुरू करें। डायबिटीज के बारे में जानने, समझने और टेस्ट कराने के लिए हमें इस नंबर पर 9305028499 पर कॉल करें या हमारे पैथोलॉजी में संपर्क करें।

**ओरलग्लूकोज टोलरेंस टेस्ट ( OGTT)**- यह जाँच कई प्रकार से की जाती है तथा खाली

पेट जाँच के बाद आधे-आधे या एक-एक घंटे बाद करायी जाती है।

**अनियंत्रित डायबिटीज से होने वाली जटिलताएं-** मधुमेह में अनियंत्रित शुगर से शरीर के अधिकांश हिस्से प्रभावित होते हैं अतः मधुमेह से जुड़ी कई जटिलताएं हो सकती हैं जिनमें से कुछ ये हैं। हृदय रोग : मधुमेह से हृदय रोग स्ट्रोक और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ जाता है। तंत्रिका क्षति: मधुमेह से पूरे शरीर में नसों को नुकसान पहुंच सकता है, इससे हाथों और पैरों में दर्द, झुनझुनी और संवेदना का नुकसान हो सकता है। गुर्दे की क्षति : मधुमेह से गुर्दे की फिल्टरिंग प्रणाली को नुकसान पहुंच सकता है, इससे गुर्दे की विफलता और डायलिसिस या प्रत्यारोपण की जरूरत पड़ सकती है। आंखों की क्षति: मधुमेह से आंखों की रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे रोशनी कम होना या अंधापन हो सकता है। मधुमेह से पीड़ित लोगों में

**ये जाँचें भी हैं उपयोगी -**

1. किड्नी फंक्शन टेस्ट (Kidney Function Test)
2. सीरम क्रिएटिनिन (Serum Creatinine :
3. ग्लोमेरुलर फिल्ट्रेशन रेट (GFR)
4. यूरीन टेस्ट एल्ब्यूमिन प्रोटीन (Albumin Protein)
5. यूरिन माइक्रो एल्ब्यूमिन्यूरिया (Urine Micro albuminuria) :
6. एल्बुमिन/क्रिएटिनिन रेशियो (एसीआर)

मोतियाबिंद और ग्लूकोमा का खतरा भी बढ़ जाता है। पैरों की समस्याएं: मधुमेह से पैरों में अल्सर, संक्रमण और गैंग्रीन जैसी समस्याएं हो सकती हैं । त्वचा एवं शरीर के प्रवेश मार्ग संबंधी समस्याएं- मधुमेह से हमारी सुरक्षा आवरण जीवाणु और फंगल संक्रमण के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो सकती है। सुनने की समस्याएं- मधुमेह से सुनने की समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

सुझाव- हमारा सुझाव है कि डायबिटीज व अन्य बीमारियों को शुरू में ही पहचानने के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करायें तथा किसी बीमारी या डायबिटीज के लक्षणों को नजरअंदाज न करें, तुरंत डायबिटीज टेस्ट करवाकर उसका इलाज शुरू करें। डायबिटीज के बारे में जानने, समझने और टेस्ट कराने के लिए हमें इस नंबर पर 9305028499 पर कॉल करें या हमारे पैथोलॉजी में संपर्क करें।

# एकता के पिता का लिया गया ब्लैड सैंपल



एकता हत्याकांड

- घटना के साक्ष्य एकत्र करने में पुलिस ने पकड़ी तेजी
- शेयर कारोबारी की पत्नी की जिम ट्रेनर ने की थी हत्या

### गड्ढे से निकालते वक्त टूटी थीं कई हड्डियां

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार एकता के शव को गड्ढे से निकालते वक्त कई पसली चोट की वजह से अलग हो गई थीं। पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टरों ने जो रिपोर्ट दी, उसमें लंबाई और शरीर की बनावट को लेकर लिखा है कि इस पर कोई कमेंट नहीं दिया जा सकता। वहीं एकता गुप्ता के शव में कोई पहचान चिन्ह न मिलने के चलते उसके फिंगर प्रिंट भी नहीं लिए जा सके थे।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शेयर कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता की हत्या के मामले में पुलिस सभी साक्ष्यों का सत्यापन कर रही है। पुलिस एकता की मां सुनीता के बाद अब पिता गणेश का भी ब्लड सैंपल लिया है। बुधवार को पुलिस के साथ पहुंची डॉक्टरों की टीम ने उनका ब्लड सैंपल लिया। माना जा रहा है कि अगर मां से डीएनए का मिलान नहीं हुआ तो पिता के सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद चार्जशीट में शामिल कर दी जाएगी। अभी तक एकता से संबंधित किसी भी सैंपल की जांच रिपोर्ट पुलिस को नहीं मिली है। विवेचक ने जांच रिपोर्ट के लिए एक बार फिर रिमाइंडर भेजा है।

शेयर कारोबारी की पत्नी एकता गुप्ता की जिम ट्रेनर विमल सोनी ने कार में हत्या करने के बाद शव को जिलाधिकारी कंपाउंड के बगल में स्थित ऑफिसर्स कालोनी में दफनाया था। एकता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी पुलिस के आला अधिकारियों के अलावा गुप्त रखी गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार एकता के शरीर की बड़ी हड्डियां सलामत थीं, जबकि नाक और मैक्सिलरी बोन (नाक के अगल बगल और नीचे की हड्डी) में फ्रैक्चर मिले थे। साथ में यह भी लिखा गया है कि टूटी हुई हड्डियों को सुरक्षित किया गया है, जिस पर एक्सपर्ट के राय की जरूरत है, ताकि यह पता चल सके कि यह चोट एंटी मोर्टम है कि पोस्टमार्टम। बड़ा सवाल यह है कि पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर भी एक्सपर्ट थे, लेकिन उन्होंने यह जानकारी क्यों नहीं दी। इसके अलावा शरीर से जो मिट्टी बरामद हुई है, उसे भी केमिकल एनालिसिस और विशेषज्ञ राय के लिए सुरक्षित किया गया है। पोस्टमार्टम में बिसरा के लिए शरीर के 250 ग्राम अलग-अलग टुकड़ों को सुरक्षित किया गया है। इसमें 50 ग्राम पेट के टिशू और उसमें मिले केमिकल, 50 ग्राम छोटी आंत के टुकड़े, 50 ग्राम लीवर, 50 ग्राम दोनों किडनियां और 50 ग्राम स्पलीन को सुरक्षित रखा गया है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ कर भेजा जेल

**कानपुर।** नौबस्ता थाना क्षेत्र में रहने वाले एक मजदूर ने पुलिस को बताया कि सोमवार को उसकी साली की हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

बताया कि वह अपनी मां के साथ अस्पताल गए थे। घर पर 22 वर्षीय बहन अकेले थी। इसी बीच दोपहर में पड़ोस में रहने वाले दोस्त ने घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वह घर लौटे तो बहन ने आपबीती बताई। इलाके के लोगों ने पड़ोसी दोस्त को घर में जाते देखा था। नौबस्ता थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि भाई ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दोनों पड़ोसी हैं आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# रिश्तेदार के खिलाफ घर से जेवर चोरी करने की रिपोर्ट

- घर में विवाह समारोह के दौरान चोरी किए थे आभूषण
- नजीराबाद थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस जांच में जुटी



कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नजीराबाद थाना क्षेत्र में विवाह समारोह के दौरान घर से आभूषण चोरी करने के मामले में पीड़ित ने एक रिश्तेदार पर कोर्ट की मदद से रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोप है, कि रिश्तेदार से चोरी के बारे में पूछने पर अज्ञात लोगों ने उन्हें रोककर धमकी दी थी।

मथुरी मोहाल निवासी योगेश गुप्ता ने ईस्ट मुंबई निवासी रिश्तेदार राम शिवहरे के खिलाफ चोरी के आरोप में नजीराबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार 19 नवंबर 2019 को आरोपी विवाह समारोह में शामिल होने उनके घर आया था। आरोप है इस दौरान घर से 350 ग्राम सोने के आभूषण चुरा लिए। समाज में छवि खराब होने के डर से योगेश ने पुलिस से शिकायत नहीं की। इस बीच आरोपी ने एक अन्य रिश्तेदार के घर भी चोरी की घटना को अंजाम दिया। रिश्तेदार संग योगेश ने आरोपी से बात की और गहने वापस करने को कहा लेकिन उसने गहने नहीं लौटाए। आरोप है कि 11 जुलाई 2024 को दो व्यक्तियों ने उन्हें गुमटी नंबर 5 में रोका और राम शिवहरे से दोबारा गहने मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस कमिश्नर से शिकायत पर भी कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### बर्रा में ऑटो टकराने पर चालकों के बीच मारपीट

**कानपुर।** बर्रा आठ निवासी जीत बहादुर सिंह ऑटो लेकर नौबस्ता जा रहे थे। बर्रा दो के पास दूसरे ऑटो उनकी गाड़ी से छू गई। इससे जीत बहादुर और दूसरी ऑटो के चालक कमलेश पाल के बीच बहस होने लगी। इसके बाद दोनों वहां से नौबस्ता चौराहे के पास पहुंचे और फिर गालीगलौज कर मारपीट करने लगे। मारपीट का वीडियो भी लोगों ने वायरल किया। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

### डंपर ने बोलेरो में मारी टक्कर, 7 लोग घायल

**कानपुर।** खाटू श्याम से घर लौट रही बोलेरो गाड़ी को बर्रा हाईवे पर तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे सात लोग घायल हो गए। नौबस्ता संजय गांधी नगर निवासी प्रतियोगी छात्र सूरज कुमार पांडेय ने बताया कि वह अपनी बोलेरो गाड़ी से मोहल्ले के दोस्त प्रभात श्रीवास्तव, हेमंत त्रीपाठी उर्फ प्रशांत, अंकित शर्मा, विनय दिवेदी, गोपाल वर्मा, दिव्यांश शुक्ला के साथ रविवार रात खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने गए थे। लौटते समय बुधवार सुबह बर्रा दो स्थित भोलेश्वर मंदिर के पास ओवरटेक करते समय डंपर ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी, जिससे कार घूमकर सेफ्टीवाल पर चढ़ गई। सभी को चोटें आई हैं। प्रभात और प्रशांत को ज्यादा चोटें हैं।

### डंपर और कंटेनर में टक्कर

**कानपुर।** सिद्धार्थ नगर कठेला निवासी चालक मो.हकीम अपने कलीनर आदिल को लेकर चायपत्ती लदे कंटेनर असम से मुंबई जा रहे थे। देर रात नौबस्ता रैंप से पहले एलीवेटेड हाईवे पर आगे जा रहे डंपर के पीछे कंटेनर भिड़ गया, जिससे चालक और क्लीनर केबिन में फंस गए। यातायात पुलिस और दमकल की गाड़ी पहुंची। कटर से केबिन काटकर दोनों को निकालकर कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया।

### कोर्ट से अवनीश दीक्षित की जमानत अर्जी खारिज

**कानपुर।** डकैती और जमीन कब्जाने के मामले में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित की जमानत अर्जी को बुधवार को एडीजे 10 निशा श्रीवास्तव ने खारिज कर दिया। सिविल लाइंस की करोड़ों की जमीन कब्जाने समेत अन्य मामलों में जेल में बंद अवनीश दीक्षित के विरुद्ध सिविल लाइंस निवासी सैमुएल गुरुदेव की ओर से 12 नामजद व 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ डकैती, रंगदारी, छेड़छाड़ समत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने अतिरिक्त धाराएं भी बढ़ाई थी। इस मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

# डंपर की टक्कर से बीटेक छात्र की मौत

## श्याम नगर फ्लाईओवर पर हादसे में साथी भी घायल, पुलिस ने डंपर को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थाना क्षेत्र के श्याम नगर फ्लाईओवर पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। बाइक से कॉलेज जा रहे बीटेक छात्रों को तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह काफी दूर तक घिसटते चले गए। हादसे में पीछे बैठे छात्र के सिर से रक्तस्त्राव होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आईकार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचना दी। घायल छात्र को काशीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया।



रिषभ भारती।

किदवई नगर थाना क्षेत्र के साकेत नगर निवासी प्राइवेट कर्मी सोनी भारती का 18 इकलौता वर्षीय पुत्र रिषभ भारती रूमा के विजन इंस्टीट्यूट में बीटेक सेकेंड ईयर में कम्प्यूटर साइंस का छात्र था। परिवार में मां मधु भारती, दो बहनें गुनगुन और स्नेहा हैं। बुआ के बेटे दीपक ने बताया कि वह अपने साथी बीटेक छात्र ट्रांसपोर्ट नगर ढकनापुरवा निवासी राकेश वर्मा के 18 वर्षीय पुत्र सचिन वर्मा के साथ रिषभ की बाइक से बुधवार सुबह 8 बजे कॉलेज जा रहे थे। चकेरी थाना क्षेत्र के श्याम नगर फ्लाईओवर पर पहुंचे, तभी लखनऊ की ओर जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दोनों बीटेक छात्र काफी दूर तक घिसटते चले गए।

हादसे में रिषभ के सिर से खून निकलने लगा। वहीं सचिन के सीने और पैर में फैक्चर हो गया। जब तक राहगीर दोनों को कांशीराम अस्पताल ले जाते, तब तक रिषभ ने मौके पर दम तोड़ दिया।

वहीं सचिन को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार किया गया। राहगीरों की सूचना पर हादसे के बाद भाग रहे डंपर को पुलिस ने रामादेवी के पास नाकेबंदी कर पकड़ लिया थाने में खड़ा करा दिया। जाजमऊ प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि डंपर जाजमऊ के नजीम अहमद का है। परिजनों की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



हादसे के बारे में जानकारी देते परिजन। अमृत विचार

### हेड इंजरी और अधिक रक्तस्राव से हुई मौत

हादसे की सूचना पर पहुंची चकेरी थाने की पुलिस ने मामले की जांच की। इसके बाद दोस्त रिषभ को लेकर काशीराम अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने रिषभ की मौत की पुष्टि की। इसके बाद पंचनामा भरकर कार्रवाई की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हाथ, पैर, सीने व सिर पर चोटों के निशान मिले हैं। हेड इंजरी और अधिक रक्तस्त्राव से मौत की पुष्टि हुई है।

### फर्रुखाबाद में ड्यूटी पर थे रिषभ के पिता

बुआ के बेटे दीपक ने बताया कि हादसे के वक्त रिषभ के पिता फर्रुखाबाद में अपनी ड्यूटी पर थे। परिजनों को जब पुलिस ने हादसे की जानकारी दी तो उन लोगों को विश्वास नहीं हुआ। पिता वहां से निकल पड़े। मां बदहवास हो गई। बहनें भी अपने इकलौते भाई की अकाल मौत से दुखी थीं। घर के बाहर कॉलेज और साथ पढ़ने वाले बीटेक छात्रों का जमावड़ा लग गया। परिजनों ने बताया कि अभी हाल में रिषभ को नई बाइक दिलाई गई थी। हादसे के दौरान बाइक सचिन चला रहा था।

## फटकार के बाद आरोपी को जेल

**कानपुर।** महाराजपुर क्षेत्र में 80 वर्षीय वृद्धा से रेप के प्रयास के मामले में तहरीर बदलवाने पर पुलिस कमिश्नर ने पुलिस को फटकार लगाई। फटकार के बाद पुलिस ने दुष्कर्म के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुरवामीर चौकी क्षेत्र की वृद्धा झोपड़ी में रहती है। आरोप है कि सोमवार देर रात नशे में धुत एक युवक उसे खींचकर खेत में ले गया। मुंह में स्वेटर ठूंसा और हाथ में रस्सी बांधकर दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देख आरोपी भाग निकला। ग्रामीणों ने उसे कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने दबाव बनाकर मारपीट की तहरीर लिखवा ली। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने थानेदार संजय पांडेय को फटकार लगाई। इसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान राजकुमार निषाद के रूप में हुई। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने कहा कि सभी आरोप सही हैं। आरोपी ने पूछताछ में नशे की हालत में ऐसा करने की बात कबूली है।

# सड़क हादसों में मार्निंग वॉकर समेत 3 की मौत

- बाबूपुरवा, महाराजपुर और बर्रा थाना क्षेत्र में हुए हादसे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की जान चली गई। हादसे में एक युवक बाइक सवार का शिकार हुआ तो वहीं दो वृद्ध अज्ञात वाहन की चपेट में आए। पुलिस ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान तीनों ने दम तोड़ दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के एम ब्लॉक निवासी 38 वर्षीय रवि वर्मा पेंटिंग का काम करता था। उसके भांजे सत्यम ने बताया कि रविवार दोपहर वह घर के पास मीट लेने गए थे। इसके बाद वह वापसी में सड़क क्रॉस करने के लिए खड़ा था। तभी एम ब्लॉक चौराहे से किदवई नगर की ओर जाने वाले तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे उसका सिर फट गया और हाथ पैर में चोट आ गई। आसपास के लोगों ने परिजनों को सूचना दी और हैलट में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान मंगलवार रात मौत हो गई। परिवार में पत्नी डाली वर्मा, बेटी खुशी, अंश व अनन्या सदमे में है।

उधर, बर्रा थाना क्षेत्र के बर्रा-7 निवासी 68 वर्षीय चंद्रपाल सिंह घर पर प्राइवेट टयूशन पढ़ाते थे। परिजनों ने बताया कि वह मंगलवार सुबह रोज की तरह गुजैनी हाईवे पर मार्निंग वॉक करने गए हुए थे, जहां अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल गए। परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

इसी तरह महाराजपुर थाना क्षेत्र के हाथीगांव सरसौल निवासी 60 वर्षीय अमरनाथ खेती किसानी करते थे। बेटे शुभम ने बताया कि दो दिन पहले वह खेत जाने के लिए निकले थे, तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल पिता का इलाज हैलट में चल रहा था, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंप दी है।

# बैंककर्मी ने की 2.23 लाख की धोखाधड़ी

- कोलकाता का रहने वाला है आरोपी बैंक कर्मी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता थाना क्षेत्र में एक इंजीनियरिंग कंपनी के महाप्रबंधक ने प्राइवेट बैंक कर्मी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि उसने खाता खोलने के बहाने कंपनी से 2.23 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वृंदावन अपार्टमेंट किदवई नगर निवासी आईएमपी इंजीनियरिंग के महाप्रबंधक अंजन बनर्जी ने तहरीर में बताया कि इंद्रजीत साहा जोनकी निवासी कोलकाता पश्चिम बंगाल ने उनके और कंपनी के साथ धोखाधड़ी की है। इंद्रजीत साहा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में कॉरपोरेट सेलरी रिलेशनशिप मैनेजर है। कंपनी ने बैंक से कॉरपोरेट सेलरी अकाउंट खुलवाया था। इंद्रजीत ने कंपनी के पेपर लिया। इसके बाद बहाने से रुपये की डिमांड करने लगा। उसके बताए अकाउंट में पैसा भेजा गया। एक दो बार उसने सौरव संतरा के अकाउंट में भी पैसा लिया।

महाप्रबंधक ने आरोप लगाया कि इंद्रजीत साहा ने बैंक ट्रांसफर के माध्यम से 1.18 लाख व 1.05 लाख रुपये कैश के रूप में लिया। रुपये वापस मांगने गलत तरीके से बात करने लगा। 28 अगस्त को बताया गया कि उसे बर्खास्त कर दिया गया है। वह कानपुर आकर सीसी लिमिट वाला काम करा देगा। नौबस्ता थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अंजन बैनर्जी की तहरीर पर इंद्रजीत साहा जोनकी के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, अपमानित करने में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से भट्ठा मुनीम की मौत

**घाटमपुर।** ईंट भट्ठे में कार्यरत मुनीम को ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गए। साथी मजदूर उसको घायल अस्वथा में घाटमपुर सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुनीम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

हमीरपुर जिले के भरुआ सुमेरपुर निवासी 55 वर्षीय लल्लू राम घाटमपुर क्षेत्र में स्थित एक ईंट भट्ठे में मुनीम के पद पर कार्यरत था। बुधवार को भट्ठे में ईंट लादने के लिए आए एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने मुनीम को टक्कर मार दी। भट्ठे में काम करने वाले मजदूर मुनीम को आनन-फानन एंबुलेंस की मदद से घाटमपुर सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने मुनीम को मृत घोषित कर दिया। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

# डी-टू गैंग के शूटर ने मांगी 5 लाख रुपये की रंगदारी

- टॉप 10 अपराधियों की सूची में शामिल है आरोपी बदमाश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चमनगंज थाना क्षेत्र में रूपम चौराहे के पास डी-टू गैंग के शातिर बदमाश ने युवक को रोककर तमंचा लगा दिया और 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर बदमाश ने पीटने के साथ जान से मारने की धमकी दी और पीड़ित की जेब से 40 हजार रुपये निकाल लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज आरोपी की तलाश कर रही है।

कर्नलगंज निवासी मोहम्मद अली ने तहरीर में बताया कि सोमवार की शाम को वह डिप्टी पड़ाव की तरफ से अपने ऑफिस रूपम चौराहे जा रहे थे, तभी गधईया पार्क के पास पहुंचते ही चमनगंज सईदाबाद निवासी डी-टू गैंग के शातिर बदमाश एजाजुद्दीन उर्फ सबलू ने उन्हें रोक लिया और तमंचा लगाकर 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर उन्हें गालीगलौज करने के साथ पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान बदमाश ने जेब से 40 हजार रुपये छीन लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला।

पीड़ित ने चमनगंज थाने में मामले की शिकायत की। इस संबंध में चमनगंज थाना प्रभारी दिनेश सिंह विष्ट ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी बदमाश टॉप 10 अपराधियों की सूची में शामिल है। उसके खिलाफ हत्या, लूट, हत्या के प्रयास समेत 20 से ज्यादा मुकदमे हैं। वह शार्प शूटर भी है। नई सड़क हिंसा में भी उसका नाम सामने आया था।

## सार-संक्षेप

### निशा केजरीवाल के हत्यारोपी को मिली चार दिन की पैरोल

**कानपुर।** शहर का बहुचर्चित निशा केजरीवाल की हत्या में उम्रकैद की सजा काट रहे अभियुक्त आदित्य उर्फ राघव को बुधवार को बाबा की मृत्यु होने पर चार दिन की हाईकोर्ट से पैरोल मंजूर हुई है। कोहना थाने के रानीघाट स्थित जेपी कंपाउंड निवासी शेयर और मोबाइल कारोबारी अरुण केजरीवाल की पत्नी निशा केजरीवाल की 12 जुलाई 2017 को घर में घुसकर हत्या कर दी गई थी। घर के सामने रहने वाले रूपम टॉकीज के मालिक के पौत्र और पुनीत सिंह के बेटे मुंबई के विधि छात्र आदित्य नारायन सिंह उर्फ राघव सिंह ने लूट के इरादे से निशा केजरीवाल की हत्या की थी। जिससे घर से दो लाख रुपये और 15 से 20 लाख की ज्वैलरी आदित्य लूट ले गया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आदित्य को गिरफ्तार करके लूटे गए 1.40 लाख रुपये और ज्वैलरी को रेलवे स्टेशन और आदित्य के घर से बरामद किया था। जिसके बाद कोर्ट ने उससे उम्रकैद की सजा सुनाई है। इस मामले में अभियुक्त पक्ष की तरफ से बाबा की मृत्यु होने पर हाईकोर्ट में चार दिन की पैराल की मांग की थी। जिसपर उच्च न्यायालय ने याचिका को मंजूर कर लिया है।

### कोर्ट का आर्डर न मानने पर फजलगंज थाना प्रभारी होंगे तलब

**कानपुर।** न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर बुधवार को अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) अभिषेक सिंह की अदालत ने फजलगंज थाना प्रभारी को 25 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से तलब करने के आदेश दिया है। साथ ही टिप्पणी भी की है कि ऐसा प्रतीत होता है कि आपके द्वारा जानबूझकर तालील कराने में लापरवाही की गई और आदेश की अवहेलना की है। क्यों न इस लापरवाही पर आपके विरुद्ध धारा 29 पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकीर्ण वाद दर्ज किया जाए। बता दें कि धारा 323, 504, 506, 406 समेत अन्य धाराओं में अमित कुमार यादव बनाम पुलकित डालमियां आदि थाना फजलगंज में पत्नावली विचाराधीन चल रही है। जिस पर कोर्ट द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध कई बार प्रॉसेस भेजे गए। लेकिन थाना प्रभारी की ओर से न तो प्रॉसेस को तामील कराया गया और न ही वापस प्राप्त किया गया। जिस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।

मांगा इसाफ — काकादेव कोचिंग मंडी में बैठकर मांगा इंसाफ, फतेहपुर की नीट छात्रा को कल्याणपुर में बंधक बना किया था रेप

# जेल गए शिक्षकों के समर्थन में उतरे छात्र-छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में फतेहपुर की रहने वाली नीट छात्रा को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने और ब्लैकमेलिंग के मामले में जेल भेजे गए बायोलॉजी शिक्षक साहिल सिद्दिकी और केमिस्ट्री शिक्षक विकास पोरवाल के समर्थन में बुधवार शाम सैकड़ों छात्र-छात्राएं सड़क पर नारेबाजी करते हुए बैठ गए। छात्र इंसाफ मांग रख रहे थे। पुलिस के समझाने के बाद छात्र हट गए।

दुराचार मामले में दोनों आरोपी जेल में हैं और पीड़िता के बयान भी दर्ज हो चुके हैं। अब विवेचना तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी बीच बुधवार शाम करीब सात बजे सैकड़ों छात्र-छात्राएं काकादेव कोचिंग मंडी में नारेबाजी करते हुए सड़क पर बैठ गए। छात्र-छात्राओं का कहना है कि शिक्षकों को साजिश के तहत दुष्कर्म मामले में फंसाकर जेल भेजा गया है। इससे मेडिकल की तैयारी कर रहे सैकड़ों मेडिकल छात्र-छात्राओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

दोनों शिक्षकों के जेल जाने के बाद कोचिंग पढ़ने वाले छात्र लाखों रुपये फीस जमा करने के बाद भी सड़क पर आ गए हैं, इससे आक्रोशित छात्र सड़क पर उतर आए। वह लोग वी वांट जस्टिस साहिल सर और विकास सर को जेल से रिहा करो के नारे लगा रहे थे। सूचना पर काकादेव इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। छात्रों को समझाया कि दुष्कर्म के आरोप में दोनों शिक्षकों को जेल भेजा गया है। अगर किसी मुद्दे पर अपनी बात रखनी है, तो शांतिपूर्वक ज्ञापन दीजिए। इस तरह से विरोध प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसके बाद से आक्रोशित छात्र शांत हुए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारी अलर्ट हो गए। एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने बताया कि दोनों शिक्षकों पर बेहद गंभीर आरोप है। अगर कोई साजिश के तहत उन्हें बचाने या फिर पूरे मामले को डायवर्ट करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। छात्रों को भी आरोपी शिक्षकों को लेकर अगर कोई अपनी बात रखनी है, तो शांतिपूर्वक ज्ञापन देकर अपनी बात रख सकते हैं। अगर सड़क पर उतरे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



सड़क पर बैठे छात्र-छात्राओं को समझाती काकादेव पुलिस। अमृत विचार

# थप्पड़ जड़ने वाली शिक्षिका पर रिपोर्ट

- स्कूल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी पूरी घटना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फीलखाना थाना क्षेत्र में बिरहाना रोड पर स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षिका ने नर्सरी में पढ़ने वाले चार वर्षीय छात्र को बेरहमी से बाल नोचकर पीट दिया था। यह सजा एबीसीडी नहीं लिखने पर दी थी। परिजनों के हंगामे के बाद स्कूल प्रबंधन ने शिक्षिका को हटा दिया था। मां की तहरीर पर शिक्षिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सागर मार्केट में मोबाइल रिपेयरिंग का काम करने वाले कुरसवां निवासी दीपक तुलस्यानी ने बताया कि उनका 4 वर्षीय बेटा मानविक बिरहाना रोड स्थित लॉफ्टी वेल किड्स प्री स्कूल में नर्सरी में पढ़ता है। सोमवार को बेटा स्कूल से घर लौटा तो वह काफी डरा था। वह मन से खाना नहीं खा रहा था। मां शिखा पांडेय के पूछने पर बताया कि शिक्षिका रितिका सक्सेना बच्चों को कॉपी पर एबीसीडी लिखा रही थी। एबीसीडी न लिख पाने पर शिक्षिका ने उसे सुबह 9:49 से लेकर 11:35 बजे तक कई बार पीटा, जिससे उसके चेहरे पर चोट के निशान हैं। परिजनों ने स्कूल में हंगामा काटा था। सूचना पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने जब स्कूल के सीसीटीवी फुटेज देखे तो होश उड़ गए। बच्चे को बाल नोचकर झझोड़ा गया था। पुलिस के सामने स्कूल प्रबंधन से नोकझोंक पर भीड़ जुट गई। पिता दीपक ने शिक्षिका व स्कूल प्रबंधन के खिलाफ फीलखाना थाने में तहरीर दी। मां शिखा के अनुसार शिक्षिका होने के नाते पति ने माफीनामा लिखा क्षमा कर दिया था, लेकिन बाद में शिक्षिका ने गलत बयानबाजी की। इंस्पेक्टर रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शिक्षिका रितिका सक्सेना के खिलाफ चोट एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय हेतु किराये पर भवन की आवश्यकता**

कार्यालय हेतु भूतल पर एक भवन जिसमें 3-4 कक्ष, क्षेत्र लगभग 200 वर्ग गज हो। इच्छुक भवन स्वामी भवन का विवरण (नक्शा सहित) अपने प्रस्ताव के साथ विज्ञापन तिथि से एक सप्ताह के अन्दर निम्न पते पर सम्पर्क करें:-
मण्डलीय परियोजना प्रबन्धन इकाई सिफ्सा/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, एम०आई०जी० 144, अवधपुरी, कानपुर नगर।
ई-मेल: dpmukanpurnagar@gmail.com • फोन: 8005192935

# अब नए भवन में मिलेगा 'किटबा' को भी स्थान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त ने दिया किटबा को आश्वासन

**अमृत विचार।** आयकर की नई बिल्डिंग खैरोबांगर में बन रही है। इस भवन के बनने का अप्रूवल भी मिल गया है। यह नया भवन सिग्नेचर सिटी के सामने होगा। इस भवन में कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन का एक सुसज्जित रूम की भी व्यवस्था की जाएगी।

यह आश्वासन बुधवार को प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त यूपी (वेस्ट) एवं उत्तराखंड कृष्ण मुरारी ने दिया। वे कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में शिरकत कर रहे थे। समारोह के दौरान सह अतिथि आयकर आयुक्त (एडमिन और टीपीएस) शिवदान सिंह भदौरिया भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त यूपी (वेस्ट) एवं उत्तराखंड कृष्ण मुरारी ने कहा कि नया भवन सभी को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरणा देगा। संघ के महामंत्री से शैलेश शर्मा ने संघ के कार्यों को गिनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कितबा के अध्यक्ष नरपत जैन ने की। बैठक संघ के पूर्व अध्यक्ष डीसी शुक्ला ने सभी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोविंद कृष्ण, शैलेंद्र, सचिन प्रवीन अग्रवाल, नवीन भार्गव, एसएम जौहरी, आशीष जौहरी, वैभव गुप्ता व शरद सिंहल आदि मौजूद रहे।

# 4.81 लाख लोगों में 37 फीसदी मिले मधुमेह के रोगी

**चिंताजनक**

▸▸ सभी स्वास्थ्य केंद्रों में अप्रैल से अब तक 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की हुई स्क्रीनिंग

▸▸ 14 नवंबर को प्रतिवर्ष लोगों को डायबिटीज के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता दिवस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आरामदायक जीवनशैली व गलत खानपान की वजह से लोग डायबिटीज का शिकार हो रहे हैं। यह एक वैश्विक बीमारी के रूप में उभर रही है। इसकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने इस वर्ष अप्रैल से अभी तक सभी स्वास्थ्य केंद्रों में 30 वर्ष से अधिक उम्र के करीब 4,81,237 लोगों में मधुमेह की जांच की, जिनमें से 37 प्रतिशित डायबिटीज ग्रस्त पाए गए।

खात बात यह है कि जानकारी होने के बाद भी लोग लापरवाही बरतते हैं, जिससे उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते हैं। लोगों को डायबिटीज के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। इस बार विश्व मधुमेह दिवस 'बाधाओं को तोड़ना, अंतरालों को पाटना' थीम पर काम होगा। बीमारी से जागरूक किया जाएगा।

### आज विशेषज्ञ देंगे मधुमेह से बचाव के टिप्स




**कानपुर।** हरदौली ग्राम स्थित विमला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में अमृत विचार समाचार पत्र व विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से गुरुवार को मधुमेह की रोकथाम विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। डॉ.राजेश जैन और डॉ.शैली अग्रवाल छात्राओं को मधुमेह से बचाव की जानकारी देंगी। किस तरह की जीवनशैली अपनाकर मधुमेह से बचा जा सकता है यह उन्हें बताया जाएगा। मधुमेह होने से शरीर में कौन- कौन से और बीमारियां होती हैं। यह भी बताया जाएगा। इसके साथ ही सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जादूगर नगीना जादू दिखाएंगे।



हर चार में से एक व्यक्ति डायबिटीज या प्री डायबिटीज का शिकार है। इसकी गिरफ्त में अधिकांश मोटे लोग हैं। यह शरीर में दीमक की तरह अंगों को नुकसान पहुंचाने का काम करती है। टाइप-2 डायबिटीज ग्रस्त अधिकांश लोग अपने सामान्य वजन से अधिक हो जाते हैं। उनका पेट बाहर निकलने लगता है। कभी-कभी यह आनुवांशिक भी होता है। कई मामलों में यह खराब जीवन शैली से संबंधित होता है।

**- डॉ.शिवांशु मिश्रा, बेरियाट्रिक सर्जन**



अनियंत्रित डायबिटीज शरीर के लगभग सभी अंगों को नुकसान पहुंचता है। आरामदायक जीवनशैली की वजह से यह रोग बड़ी संख्या में लोगों को अपनी गिरफ्त में ले चुका है। ओपीडी में पहुंचने वाला हर छठां और भर्ती रोगियों में हरा चौथा व्यक्ति मधुमेह से पीड़ित मिल रहा है। हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक लेकर आंख, लिवर, किडनी में समस्या व गठिया तक को जन्म देने वाली इस बीमारी से बचने के लिए शरीर को सक्रिय रखना बहुत जरूरी है। **- डॉ.एसपी यादव, एसीएमओ**



गर्भावस्था के दौरान शरीर में कई तरह के हार्मोनल बदलाव होते हैं। कुछ परिस्थितियों में महिलाओं के शरीर में ब्लड शुगर का स्तर काफी बढ़ जाता है। इसे गर्भकालीन डायबिटीज या फिर गेस्टेशनल डायबिटीज भी कहा जाता है। अक्टूबर में 197 गर्भवती की डायबिटीज चेक की गई, जिसमें 27 महिलाओं में डायबिटीज की मात्रा अधिक मात्रा पाई गई।

**-डॉ.उरूज जहां, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज**



नियमित योग व व्यायाम और सुबह टहलने से इस रोग से बचा जा सकता है। तेल, घी, चिकनाई, फास्ट फूड व नशे की लत शरीर में डायबिटीज को बढ़ावा देने में काफी मदद करती है। टाइप वन डायबिटीज अक्सर हमारे बचपन या किशोरावस्था में होती है, जिसमें शरीर में इंसुलिन के उत्पादन में अचानक कमी होती है। शरीर में ग्लूकोज की मात्रा अधिक होने से इंसुलिन का इंजेक्शन लगाना पड़ता है।

**-डॉ.संजू अग्रवाल, अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य**

## एक नजर

### फरवरी में होगा सम्मेलन

**कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज, फोरम फॉर एडवांस्ड ट्रेनिंग, एजुकेशन एंड रिसर्च एकेडमी ऑफ इंडिया के 29वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह सम्मेलन डिजिटल भविष्य के लिए बहु-विषयक अनुसंधान में वैश्विक चुनौतियों पर केंद्रित होगा। यह सम्मेलन 16 से 18 फरवरी तक चलेगा। इसमें कंबोडिया रोमानिया थाईलैंड, ब्राजील, तुर्की आदि देश भाग लेंगे। सम्मेलन फोरम फॉर एडवांस्ड ट्रेनिंग, एजुकेशन एंड रिसर्च एकेडमी ऑफ इंडिया अकादमी के आयोजन सचिव प्रोफेसर पंकज श्रीवास्तव और स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के निदेशक प्रोफेसर आरके द्विवेदी के नेतृत्व में होगा। स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज से डॉ. अंजू दीक्षित और डॉ. नमिता तिवारी इस सम्मेलन के संयोजक के रूप में काम करेंगी।

### विवेक व कार्तिकेय को पहला स्थान

**कानपुर।** ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज जवाहर नगर में बुधवार को 52 वीं मंडल' स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता-2024 हुई। इसमें जूनियर वर्ग में ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन के विवेक पांडेय यातायात एवं संचार में, कार्तिकेय जायसवाल ने गणितीय मॉडलिंग एवं कंप्यूटेशनल सोच में, अनंत कुमार ने कचरा प्रथन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता 11 और 12 दिसम्बर को होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेंगे। जूनियर क्रियाकारी मॉडल में ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन कुशल पांडेय ने भोजन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय में, आरडी पाठक इंटर कॉलेज जाखन इटावा के शिवाजी चौहान ने यातायात एवं संचार में बात रखी।



नगर कीर्तन में शामिल दशमेष शस्त्र दल के सदस्य। अमृत विचार



कलाबाजियां दिखाकर मोह लिया मन। अमृत विचार

# नगर कीर्तन में आस्था, उत्साह और संगीत की संगत

## गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व की हुई शुरुआत, गतका और बैंड ने मन मोहा, नगर कीर्तन में उमड़े भक्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व की शुरुआत बुधवार को लाटूश रोड गुरुद्वारे से हुई। उत्सव की शुरुआत में निकले नगर कीर्तन ने माहौल को भव्य किया। खासतौर पर कीर्तन में चल रहे गतका, बैंड और कीर्तन करते स्कूली बच्चों सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। नगर कीर्तन का कई जगहों पर स्वागत भी किया गया। कीर्तन के मोतीझील पहुंचने पर फूलों की वर्षाकर माहौल में उत्साह भरा गया।

नगर कीर्तन में आस्था, जोश और संगीत का मिलन रहा। पंच प्यारों की अगुवाई में निकले कीर्तन में दशमेश शस्त्र दल के सदस्यों ने गतका कर लोगों को आश्चर्यचकित किया। गुरु सिंह सभा की ओर से निकले नगर कीर्तन की शुरुआत लाटूश रोड गुरुद्वारे से हुई। नगर कीर्तन डिप्टी का पड़ाव, जरीब चौकी, फजलगंज, संत नगर, गुमटी 5, अशोक नगर होते हुए मोतीझील पहुंचा।

रास्ते में नगर कीर्तन में दशमेष शस्त्र दल के सदस्यों ने पुरातन युद्ध कला गतका की प्रस्तुति दी। इसमें तलवारबाजी, लाठी चलाना, नारियल फोड़ना सहित अन्य विधाएं लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। गुरु ग्रंथ साहब के मोतीझील पहुंचते ही भक्तों ने जयकारे लगाकर स्वागत किया। कीर्तन में हरविंदर सिंह लार्ड, सुखविंदर सिंह भल्ला, ज्ञानी मदन सिंह, सरदार मोहन सिंह, मीत सागरी, दया सिंह गांधी, टीटू सागरी, जसबीर सिंह, हरजिंदर सिंह, हरमिंदर सिंह, करमजीत सिंह व सुरेंदर सिंह सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।

### कई जगह हुआ स्वागत

नगर कीर्तन में शामिल भक्तों का कई जगह पर स्वागत भी हुआ। लाटूश रोड, गुमटी 5, संत नगर, मोतीझील में स्टॉल लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया। इन प्रसाद में बिस्किट, टॉफी, मिठाई, लस्सी, शरबत व फल का वितरण किया।



कलाबाजियां बनीं आकर्षण का केंद्र।

### तलवार चला दिखाया कौशल

नगर कीर्तन में दशमेष शस्त्र दल के सदस्यों ने सभी को चकित किया। रौंगटे खड़े कर देने वाले युद्ध कौशल में इस दल के सदस्यों ने तलवार बाजी के हुनर से सभी को कायल किया। तलवार बाजी के दौरान कई फिट तक ऊपर जाकर वार करते योद्धा सी को कायल कर रहे थे। इसके अलवा समूह कौशल को भी सराहना मिली। युद्ध कौशल को कैद के लिए नगर कीर्तन के किनारे खड़े लोग अपने मोबइल पर वीडियो भी बना रहे थे।

### बच्चों के संगीत ने मन मोहा

नगर कीर्तन में कई स्कूली बच्चो ने भी शिरकत किया। इन बच्चों ने बैंड के जरिए कई आकर्षक धुन से श्रोताओं का मन मोह लिया। इसके अलावा यह बच्चे गुरुनानक देव जी महाराज का गुणगान करते हुए चल रहे थे। अपने जयकारों ने बच्चे माहौल को भव्य बना रहे थे।

## सार-संक्षेप

### 338 बाल श्रमिक हुए चिह्नित

**कानपुर।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के मुताबिक शहर में ऐसे कई कारखानें व प्रतिष्ठान है, जहां पर बालकों से खुलेआम श्रम कराया जा रहा है, ऐसे में कानपुर क्षेत्र के अपर श्रमायुक्त कार्यालय में पत्र भेजकर रोकथाम के लिए सख्त निर्देश देने की मांग की है। कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया कि कानपुर परिक्षेत्र में बाल श्रम निषेध अधिनियम के अंतर्गत 01 जनवरी 2024 से 30 सितंब तक 338 बाल श्रमिको को विभिन्न प्रतिष्ठानों में चिन्हित किया गया है। उक्त प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। ऐसे में एसोसिएशन का कहना है कि बाल श्रमिकों की जो संख्या श्रम विभाग कानपुर द्वारा बतायी गयी है, वह अत्यन्त अल्प है, क्योकि इससे कई गुना बाल श्रमिक कानपुर क्षेत्र के विभिन्न कारखानों व प्रतिष्ठानों में कार्यरत खुलेआम देखे जा सकते है। मांग है कि बाल श्रम रोकने के जिम्मेदार अधिकारियो को इस संबंध में सख्त निर्देश दिए जाए और बाल श्रम कराने वाले के खिलाफ कठोर व विधिक कार्यवाही की जाए। साथ ही बाल श्रमिकों के प्रतिष्ठानो से तत्काल उन्हें मुक्त करायें।




सम्मान के साथ डॉ. एससी अग्रवाल व चिकित्सक। अमृत विचार

### डॉ.एससी अग्रवाल को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

**कानपुर।** रुहेलखंड डर्मेटोलॉजिस्ट सोसायटी द्वारा क्यूटीकॉन यूपी, यूके 2024 का आयोजन किया गया, जिसमे शहर के प्रसिद्ध डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. एससी अग्रवाल को जिम कॉर्बेट समारोह में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। यह सम्मान डॉ.एससी अग्रवाल को उनके बेहतरीन कार्य करने के लिए दिया गया। वह करीब 45 वर्षों से लगातार शहर के लोगों की सेवा करने का काम कर रहे है। इनका निराला नगर रतनदीप अपार्टमेंट में डॉ.अग्रवाल स्किन एवं लेजर सेंटर है। अवार्ड मिलने पर डॉ.अग्रवाल ने खुशी जाहिर कर सहयोगियों को धन्यवाद अदा किया।

# पशुओं के घाव की अनदेखी न करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● किसानों को खुरपका व मुंहपका रोग के बारे में बताया

● सीएसए की ओर से पशु रोग प्रबंधन प्रशिक्षण दिया गया

**अमृत विचार।** सीएसए विवि की ओर से किसानों को जागरुक करने के लिए पशु रोग प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यशाला में सीएसए विवि के विशेषज्ञों की ओर से किसानों को पशुओं में होने वाले रोग मुंहपका और खुरपका रोग के प्रति जागरुक किया गया। कहा गया कि पशु किसानों के लिए सबसे बड़ी संपत्ति है। ऐसे में किसानों की ओर से पशुओं का ख्याल रखा जाना बहुत जरूरी है।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण के आखिरी दिन किसानों को खुरपका, मुंहपका रोग के विषय में बताया गया। केंद्र के पशु पालन वैज्ञानिक डॉ शशिकांत ने किसानों को बताया कि पशुओं में खुरपका, मुंहपका रोग विषाणु जनित रोग है, जिसका प्रभाव गौ वंसीय पशुओं में ज्यादा होता है।

इस रोग से प्रभावित पशु के लिए मुंह से अत्यधिक लार का टपकना (रस्सी जैसा) जीभ तथा तलवे पर छालों का उभरना जो बाद में फट कर घाव में बदल जाते हैं। जीभ की सतह का निकल कर बाहर आ जाना एवं थूथनों पर छालों का उभरना। खुरों के बीच में घाव होना जिसकी वजह से पशु का लंगड़ा कर चलना या चलना बंद कर देता है।

लक्षणों के आधार पर उपचार एंटीबायोटिक, दर्द, बुखार की दवाएं व तथा मुंह के व खुरो के छाले इत्यादि की एंटीबायोटिक घोल से धुलाई, नरम व सुपाच्य भोजन की आपूर्ति व रोगी पशुओं एक जगह रखना किया जा सकता है। इस रोग के प्रभावी रोकथाम के लिए खुरपका मुंहपका की पलिवेलेंट वैक्सीन द्वारा टीकाकरण ही उचित उपाय है।

# बिना लाइसेंस मिलीं मीट की दुकानें बंद कराईं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिना लाइसेंस के अवैध मीट मांस का कारोबार करने वाले दुकानदारों पर जिला प्रशासन और पुलिस का चाबुक चला है। भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में औषधी विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई की। अधिकारियों ने बिना लाइसेंस वाली दुकानों को बंद कराया वहीं जिनके दुकानदारों के मानक नहीं पूरे थे, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

बुधवार दोपहर खाद्य व औषध प्रशासन टीम ने बजरिया पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स के साथ अवैध मीट का कारोबार करने वाले, बिना लाइसेंस दुकान चलाने वालों की शिकायतें मिलने पर चेकिंग की। औषधी विभाग से खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष सिंह, अजीत कुमार सिंह, राजेन्द्र कुमार सिंह, राजेश कुमार यादव व थाना बजरिया से अतिरिक्त निरीक्षक बृजेश कुमार सिंहके साथ बजरिया क्षेत्र के अवैध मीट मांस दुकानदार मो कफील, नाला रोड, मो शकील, पप्पू सलीम की दुकान में जांच की।







**प्रशिक्षण** जिले से दो शिक्षकों का आईसीटी पुरस्कार के लिए चयन, 13 मानकों में खरे उतरे शिक्षक, सूचनाएं भेजने में अव्वल

# बच्चों को खेल-खेल में सिखाई तकनीक, मिलेगा इनाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● शिक्षक पवन वर्मा और स्वाती का हुआ चयन

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के बच्चों को खेल-खेल में कंप्यूटर तकनीक सिखाने और अपने कार्यों में तकनीक का बेहतर प्रयोग करने वाले जिले के दो शिक्षकों का चयन सम्मान के लिए हुआ है। यह सम्मान राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान की ओर से किया जाएगा। इन दोनों ही शिक्षकों ने पूर्व में आयोजित प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों को 13 मनकों पर खरा उतरना पड़ा।

बेसिक शिक्षा विभाग के जिले से चयनित शिक्षकों में कंपोजित विद्यालय कठोंगर बिधनू की सहायक अध्यापिका स्वाती सचान हैं। दूसरे शिक्षक के रूप में कंपोजित विद्यालय सतरहुली पतारा के सहायक अध्यापक पवन कुमार वर्मा को सम्मान के लिए चुना गया है। दोनो ही शिक्षकों ने अपने स्कूलों में बेहतर शिक्षण कार्य के लिए तकनीक का प्रयोग किया। इस प्रयोग से उन्होंने बच्चों को कंप्यूटर और ऑनलाइन कक्षाओं से जोड़ा है।

शिक्षकों के आकलन में यह सामने आया कि शिक्षण कार्य में तकनीक के प्रयाग की वजह से उनके स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता बेहतर हुई है। अन्य मानकों में शिक्षकों की ओर से एससीईआरटी की ओर से दीक्षा पोर्टल पर अपलोड किए गए कोर्स को भी पूरा करना व ऑनलाइन कक्षाओं के साथ ही तकनीक के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों को भी स्कूल से जोड़ा जाना भी शामिल हैं।

उधर, इन शिक्षकों की ओर से एससीईआरटी के यूट्यूब चैनल में भी पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराए जाने में अपना योगदान दिया है। शिक्षकों के चयन पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि दोनों शिक्षकों के बेहतर प्रयास से उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई है। दोनों ही शिक्षकों ने अपने स्कूलों का नाम रोशन किया है।

### बच्चों को सिखाया कंप्यूटर



कंपोजित विद्यालय कठोंगर बिधनू की सहायक अध्यापिका स्वाती सचान की सबसे बड़ी उपलब्धि उनके स्कल में सभी बच्चों की कंप्यूटर की जानकारी हैं। शिक्षिका ने बताया कि उन्होंने प्रधानाचार्य के सहयोग से बच्चों को मनोरंजन के साथ खेल-खेल में कंप्यूटर सिखाया। आज उनके स्कूल में हर बच्चा कंप्यूटर के प्रति जानकार है।

### अभिभावकों को जोड़ा



कंपोजित विद्यालय सतरहुली पतारा की सहायक अध्यापक पवन कुमार वर्मा ने बताया कि तकनीक की सहायता से बच्चों, स्कूल और अभिभावकों के बीच लगातार संवाद स्थापित किया। इसके लिए लगातार कार्यशाला आयोजित की। इससे स्कूल की सभी गतिविधियां सीधे अभिभावकों तक पहुंची और अब पढ़ाई के प्रति अभिभावकों का नजरिया बदला। वे अपने बच्चों को खुद स्कूल भेजते हैं।



# महिला बैंक मैनेजर का शव फ्लैट में मिला, मचा हड़कंप

## पति-पत्नी में स्वैच्छिक तलाक को लेकर चल रहा था विवाद

संवाददाता, कल्याणपुर

● कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गोवा गार्डन इलाके की घटना

> महिला बैंक मैनेजर की डेडबॉडी फ्लैट में मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> –अभिषेक कुमार पांडेय, एसीपी कल्याणपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में एक महिला बैंक मैनेजर का शव उसके कमरे में पड़ा मिला। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पड़ोसियों के अनुसार महिला पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में चल रही थी।

कल्याणपुर के गूबागार्डन स्थित आनंद अपार्टमेंट में रहने वाली 32 वर्षीय मेघा नायक फर्रुखाबाद स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत थी। उनका अपने पति शिवदत्त नायक से न्यायालय में विवाद चल रहा था। पिछले तीन दिन से आगरा निवासी मेघा के पिता रामजी लाल नायक उसे फोन कर रहे थे। लेकिन कोई जवाब न मिलने पर उन्होंने कानपुर निवासी रिश्तेदार को बेटी के अपार्टमेंट स्थित फ्लैट पर भेजा, जहां मेघा का शव उसके कमरे में पड़ा मिला।


मेघा नायक।

पड़ोसियों के अनुसार मेघा पिछले लंबे समय से मानसिक तनाव में चल रही थी। जिसके चलते वह फ्लैट के किसी से भी बातचीत नहीं करती थी। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सैकड़ों लोगों की भीड़ मौके पर लग गई। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। कमरे से एक एक साक्ष्य एकत्र किया गए।

# जूनियर विद्यालय पुरंदर में स्पेस लैब की शुरुआत आज

**घाटमपुर।** कानपुर देहात के मलासा विकासखंड के अंतर्गत मुख्यमंत्री पुरुस्कृत ग्राम पंचायत पुरंदर के प्रधान पुरंदर के द्वारा जूनियर विद्यालय पुरंदर में स्पेस लैब निर्माण कराया गया है। जिसका लोकार्पण गुरुवार 14 नवंबर को मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी नागप्पन द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समस्त विकास खंड मलासा के अधिकारी व क्षेत्रीय ग्राम प्रधान व ग्रामवासी मौजूद रहेंगे।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बीके तिवारी ने बताया कि पुरंदर गांव की प्रधान प्रीति तिवारी को मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुरस्कृत करते हुए 50 लाख रुपए अपने स्वः विवेक से ग्राम पंचायत में खर्च करने के लिए दिए थे।

जिसके चलते छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए पुरंदर जूनियर विद्यालय में एक लैब का निर्माण कराया गया है। जिसकी शुरुआत बृहस्पतिवार को मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी नागपन द्वारा किया जाएगा।

इस मौके पर डीपीआरओ विकास पटेल, संजू सिंह वीडीओ मलासा, रिंकल सिंह ग्राम विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत शैलेंद्र सचान, सहायक अध्यापक रामदास, प्रधानाध्यापक बीके तिवारी आदि रहेंगे।


समिति में खाद के लिए लगी किसानों की कतार। अमृत विचार

# खाद बांटने में धांधली को लेकर किसानों का हंगामा

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** डीएपी खाद की किल्लत बढ़ती जा रही है। इफ्को सेन्टर व अन्य जगहों पर डीएपी न मिल पाने से किसानों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। वही बीरामऊ पीसीएफ केंद्र पर डीएपी खाद बांटने के दौरान किसानों ने हंगामा कर दिया। खाद लेने के लिए खड़े किसानों ने केंद्र प्रभारी पर आरोप लगाए कि वह केंद्र के अंदर मौजूद क्षेत्रीय दलालों के माध्यम से 100 रुपये अधिक लेकर अपने चाहतों को खाद दे रहे हैं। जबकि कतार में लगे किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खाद वितरण कराई किसानों ने इसकी शिकायत क्षेत्रीय विधायक और जिला अधिकारी से करने की बात कही है।

बीरामऊ साधन सहकारी समिति में बुधवार को भी खाद वितरण के दौरान फिर हंगामा हुआ। मंगलवार को खाद वितरण के दौरान हुए हंगामे में के बाद खाद वितरण बन्द हो गया था। बुधवार को स्थिति जस की तस रही और खाद वितरण के दौरान खाद न मिल पाने से किसानों में जमकर हंगामा काटा। वही किसान टकटौली गांव निवासी अनिल राजकुमार, सुशील, बाकरगंज के सर्वेश अनिल, पप्पू और अन्य गांव से खाद के लिए कतार में लगे किसानों को खाद मिल पाने से हंगामा काटने वालों किसानों ने केन्द्र प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि केंद्र प्रभारी क्षेत्र के कुछ दलालों को अपने साथ बैठाकर और महचाहे लोगों को बिक्री मूल्य से 100 रुपए अधिक लेकर खाद गुपचुप तरीके से खाद दे रहे थे। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मौजूद होकर खाद वितरण कराया।

## सार-संक्षेप

### गैंगरेप का मामला दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में एक महिला के साथ हुए गैंग रेप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं तीन अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की युवती ने एक नामजद सहित तीन अन्य पर आरोप लगाया कि वह लोग मुझे बरगला कर ले गए और नशीला पदार्थ खिलाकर गैंगरेप किया। पुलिस ने युवती की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### चोरों ने किसान के घर पर धावा बोल पार किए जेवर व नकदी

**घाटमपुर।** सजेती क्षेत्र के बिरिया में किसान के घर से चोर नकदी व जेवरात ले गए। किसान महादेव सिंह सेंगर ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद करीब दस बजे परिवार सो गया था। इसके बाद चोरों ने घर में सेंध लगाकर प्रवेश किया और वारदात कर भाग गए। किसान की बहू नीलू सेंगर के अनुसार चोरों ने कमरे में सेंध लगाई। जहां से केवल जेवरात और 10 हजार रुपये नकद ले गए। चोरों ने घर से आधा किलोमीटर दूर बैग व जेवरों का खाली डिब्बा छोड़ गए। पुलिस जांच में जुट गई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र रवि कटियार व पुत्रवधू कंचन कटियार के गलत आचरण से तंग आकर उनको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं किसी से भी लेनदेन या समाज विरोधी कार्यो के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **रामकेश पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम मानपुर पो0– मानपुर थाना व तहसील सिकंदरा, कानपुर देहात।**

**NOTICE**

I Sanju Singh is legally wedded spouse of 95176183K RRIDUR Bhanu pratap Singh presently residing at vpo Dewalpur. Post-bahraulli District- Sultanpur UP. Declare that my name sanju is tracerat incorrect. my correct name is sanju Singh And my date of birth is (08/05/1980).

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **उमाशंकर पुत्र राधेश्याम, निवासी ग्राम कोडरी, थाना मोहम्मपुर– खाला, तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी** का हूँ । मेरा लड़का नारायण द्विवेदी उर्फ गोलू का चाल–चलन ठीक नहीं है तथा उसका आसामाजिक व्यक्तियों के साथ उठना– बैठना है वह मेरी कोई बात नही मानता है तथा गाली–गलौच व मारने –पीटने की धमकी देकर अपमान करता है। उसके इन कृत्यो से तंग व परेशान होकर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से उसे बेदखल करता हूँ। आज से मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूच्य हो कि मैं अपने छोटे बेटे किशन बाबू के चाल चलन से आजिज आकर उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं ।उसका परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्ता नहीं है ।उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेन देन और कृत्य का वह स्वयं उत्तरदाई होगा। **श्यामलाल पुत्र बुधई , निवासी ग्राम – जसौली , पोस्ट – अरखा , थाना व तहसील – ऊंचाहार ,जिला – रायबरेली**

# छात्रों में मारपीट, तोड़फोड़

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचार।** बिठूर क्षेत्र के एक निजी विश्वविद्यालय में दो छात्रों के गुटों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। छात्रों ने परिसर में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। पुलिस मामले की जांच में जुट गई। बुधवार को फुटबॉल मैच के दौरान पेनाल्टी शॉट के बाद छात्रों के बीच कहासुनी हो गई। एक गुट के अनुसार मैच के दौरान गाली-गलौज हुआ था। इसी बात को लेकर दिनभर चली तनातनी के बाद मारपीट हो गई। कई छात्र घायल भी हो गए। छात्रों ने परिसर में खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए।

### तेज रफ्तार टेंपो व बाइक में टक्कर, युवक की मौत

बिठूर थाना क्षेत्र के गोल्डी मसाला फैक्ट्री के सामने तेज रफ्तार मोटरसाइकिल व विक्रम टेंपो की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक मोहित शुक्ला (23) निवासी ग्राम रामनगर थाना बिठूर की मौके पर मौत हो गई। टेंपो चालक राधारमण चौबेपुर निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। टेंपो चालक को रामा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर आज रात 12 बजे से बदलेगा यातायात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कार्तिक पूर्णिमा को लेकर शहर के यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। गुरुवार रात 12 बजे से शुक्रवार स्नान समाप्ति तक आदेश प्रभावी रूप से लागू रहेगा।

**यहां से नहीं जा सकेंगे वाहन :**

- उन्नाव सीमा से परियर पुल होते हुए कोई भी मध्यम अथवा भारी वाहन जिन्हें चौबेपुर की ओर जाना है वह परियर पुल होते हुए बिठूर शनिदेव चौराहा की ओर नहीं जा पायेंगे। ऐसे वाहन गंगा बैराज से मंधना होते हुये अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।
- चौबेपुर से कोई भी भारी अथवा मध्यम वाहन शनिदेव चौराहा बिठूर की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन मंधना गंगाबैराज होते हुए जा सकेंगे।
- मंधना चौराहे की ओर से आने वाले भारी व मध्यम वाहन ब्लूवर्ड तिराहे से चुंगी चौराहा बिठूर की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन यश कोठारी चौराहा से गंगाबैराज होते हुए जा सकेंगे।
- मंधना व कल्याणपुर की ओर से आने वाले भारी व मध्यम वाहन यशकोठारी चौराहा से चुंगी चौराहा बिठूर की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन गंगा बैराज की ओर से जा सकेंगे।
- एस कोठारी चौराहे से चार पहिया, छह पहिया अथवा अन्य बड़े सवारी वाहन बिठूर की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन ब्लूवर्ड तिराहे से बिठूर की ओर जा सकेंगे।
- बैराज से भारी अथवा मध्यम वाहन अटल घाट कर्बला की ओर नहीं जा सकेंगे। वाहन यश कोठारी चौराहा से कल्याणपुर जा सकेंगे।
- मैनावती मार्ग एवं कंपनीबाग की ओर से कोई कामर्शियल वाहन कर्बला, बैराज की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन जीटी रोड होते हुए रामादेवी अथवा कल्याणपुर की ओर से जा सकेंगे।
- कंपनीबाग चौराहा से वीआईपी रोड़ होते हुए बीमा चौराहा एवं जाजमऊ तक कोई भी भारी अथवा मध्यम वाहन नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन जीटी रोड़ होते हुए रामादेवी व कल्याणपुर होते हुए जा सकेंगे।
- बीमा चौराहा से सिद्धनाथ घाट की ओर कोई भारी अथवा मध्यम वाहन नहीं जा सकेंगे।
- फूलबाग चौराहा से आने वाले चार पहिया वाहन मेघदूत तिराहे से दाहिने मुड़कर सरसैया घाट चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन बड़ा चौराहा होते हुए जा सकेंगे।
- कानपुर नगर से शुक्लागंज, उन्नाव की ओर जाने वाले भारी व हल्के वाहन नया गंगा पुल होते हुए शुक्लागंज की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन झाड़ी बाबा चौराहा से नरौना चौराहा होते हुए जाजमऊ गंगा पुल से अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

**यह होगी पार्किंग की व्यवस्था**

- उन्नाव सीमा परियर पुल की ओर से आने वाले वाहन ध्रुव टीला मार्ग पर बांए किनारे अपने वाहनों को पार्क करेंगे।
- चौबेपुर की ओर से आने वाले वाहन शनिदेव चौराहे से पूर्व निर्धारित बस व कार पार्किंग में खड़ा करेंगे।
- ब्लूवर्ड तिराहा से बिठूर की ओर आने वाले वाहन चुंगी चौराहे से पहले पूर्व निर्धारित मां बगुला पीतांबरा मंदिर के सामने बस पार्किंग व बैरियर स्थल के बगल में फॉर्म हाउस के अन्दर कार, मोटर साइकिल पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा करेंगे।
- परमट घाट पर कंपनीबाग, रावतपुर आदि मार्गों से आने वाले श्रद्धालु अपने वाहनों को वक्कल पार्किंग में पार्क करेंगे।
- फूलबाग, पुलिस लाइन मार्ग होते हुए परमट मंदिर की ओर जाने वाले श्रद्धालु अपने वाहनों को यूनियन बैंक तिराहे से पहले ग्रीनपार्क स्टेडियम के किनारे अपने वाहनों को पार्क करेंगे।
- कंपनीबाग व मैनावती मार्ग से अटलघाट, गंगाबैराज की ओर से आने वाले श्रद्धालु अपने वाहनों को कर्बला चौराहे से कर्बला मस्जिद वाली सड़क की ओर वाहनों को खड़ा कर सकेंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, भरथना (इटावा)**

पत्रांक 239/न0पा0परि0भ0/2024–25/24 दिनांकः 13/11/2024

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सभी को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, भरथना की प्रथम वोर्ड बैठक दिनांक–19.06.2023 व द्वितीय वोर्ड बैठक दिनांकः 29–09–2023 में सर्वसम्मति से हुये प्रस्ताव एवं उक्त प्रस्ताव की पुष्टि वोर्ड बैठक संख्या–03 दिनांकः 07–11–2023 में होने के उपरान्त उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम–1916 के सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, भरथना की सीमान्तर्गत स्थित 02 सड़कों एवं 02 मुहल्ले का नामकरण किया जाना सर्वसम्मति से निम्न प्रकार स्वीकृत किया गया है।

1– प्रकाश इण्टर कॉलेज वाली गली जो मुख्य सड़क से अवध राइस मिल के पीछे तक है उस सड़क का नाम डा0 ईश पाण्डेय स्मृति मार्ग।

2– सड़क जो एस0ए0बी0 इण्टर कॉलेज के वगल से बालूगंज भरथना तक स्थित है उसका नाम समाजसेवी चौधरी अवध नरायन सिंह यादव सर्राफ मार्ग।

3– वार्ड नं0–18 में पुरानी बरध्याई के नाम से एक मुहल्ला है जिसका नामकरण अरविन्द्र नगर।

4– प्रकाश इण्टर कॉलेज के समीप स्थित आबादी क्षेत्र का नाम गायत्री नगर।

उपरोक्त को नियमानुसार जनसामान्य से आपत्ति एवं सुझाव प्रस्तुत करने हेतु सार्वजनिक प्रकाशन किया जा रहा है। जनसामान्य उक्त के प्रकाशन की तिथि से निर्धारित अवधि में 15 दिनों में अपनी आपत्तियों एवं सुझावों को नगर पालिका परिषद, भरथना के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय के उपरान्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आपत्ति/ सुझाव प्राप्त न होने की दशा में उपरोक्त स्थलों/मार्गो का नामकरण उपरोक्तानुसार ही माना जायेगा एवं भविष्य में उक्त मुहल्ला / मार्ग का नाम उपरोक्तानुसार होगा।

(विनय कुमार मणि त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्
भरथना इटावा।

(अजय कुमार यादव)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्
भरथना इटावा।

# सरकार की मंशा को पलीता न लगाएं अफसरः अंजूबाला

संवाददाता, घाटमपुर


पत्रकारों से बातचीत करतीं अंजूबाला।

**अमृत विचार।** घाटमपुर पहुंची अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य अंजू बाला ने कहा कि अधिकारी कार्यकताओं के सम्मान, स्वाभिमान की चिंता जरूर करें। वुधवार को एक निजी कार्यक्रम के तहत अंजू बाला पूर्व जिलाध्यक्ष कानपुर ग्रामीण रामजी शुक्ला के घाटमपुर स्थित आवास पर पहुंची। जहां पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।

इस दौरान प्रेसवार्ता में अंजू बाला ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व का सबसे शक्तिशाली देश हो गया है। भाजपा सरकार में सभी वर्ग और सभी जातियों के लोग पूरे देश में खुशहाल जिन्दगी जी रहे हैं। जबकि पूर्ववर्ती सरकारों में आम जनमानस को वर्ग और जातियों में बाटा जाता रहा है लेकिन जबसे देश में मोदीजी के नेतृत्व में और प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में सरकार आई है। तबसे पूरा देश और प्रदेश भय मुक्त, दंगा मुक्त हो गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी सरकार की मंशा को पलीता न लगाएं और कार्यकर्ता के सम्मान में आंच नहीं आनी चाहिए।

# बच्चों को साइबर क्राइम से किया सचेत

संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** एडीसीपी यातायात और मिशन शक्ति की अध्यक्ष अर्चना सिंह ने रॉयल ड्रीम वर्ल्ड इंटर कॉलेज बिठूर में मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में बच्चों को साइबर क्राइम, डिजीटल अरेस्ट जैसे गंभीर विषयों पर जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आजकल लोगों के पास फोन कॉल आते हैं और उनको कुछ कारण बताकर उनसे पैसे मांगे जाते हैं तो इस प्रकार के किसी भी फोन कॉल के झांसे में ना आएं अपना अकाउंट नंबर और ओटीपी किसी को भी नहीं बताएं। मोबाइल का इस्तेमाल सावधानी से करें। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित मिशन शक्ति फ़ेज 5 और हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी बताया। अर्चना सिंह ने बच्चों से सवाल भी पूछे और उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए। ट्रैफिक इंस्पेक्टर, पश्चिम जोन सतेन्द्र कुमार ने बच्चों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। सड़क सुरक्षा से जुड़े बच्चों के सवालों के जवाब भी दिए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या सपना सिंह, ट्रैफिक सब-इंस्पेक्टर अशोक कुमार और उनकी टीम, निखिल बाजपेई, अमित कुशवाहा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।


बच्चों के साथ एडीसीपी यातायात और मिशन शक्ति की अध्यक्ष अर्चना सिंह व अन्य।

**हाल–बेहाल** साकेत नगर का ईवी चार्जिंग स्टेशन खुद ही चार्ज नहीं, कंपनी का फोन नंबर कोई उठाता ही नहीं

# कंपनी वालो, फोन तो उठाया करो, मशीन सही करो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● परेशान होकर चार्जिंग स्टेशन पर उलटे-सीधे कमेंट कर रहे लोग, पोस्टर के ऊपर लिख रहे

**अमृत विचार।** तुम अपने काम के प्रति ईमानदार नहीं हो, फोन तो उठाया करो, मशीन सही करा दो, यह कमेंट नगर निगम की ओर से साकेत नगर में स्थापित ई-वी चार्जिंग स्टेशन पर लिखे हुये हैं। दो वर्ष पहले लगाए गए ई-वी चार्जिंग स्टेशन की हालत खराब है। कई महीनों से यह बंद चल रहा है। जानकारी करने पर पता चला कि ट्रांसफार्मर में कोई समस्या है, इसलिए गाड़ी चार्ज करने वाले लौट रहे हैं। पब्लिक परेशान होकर चार्जिंग स्टेशन पर लगे पोस्टर के ऊपर उल्टे-सीधे कमेंट लिख रही है। यही नहीं चार्जिंग स्टेशन के आस-पास कब्जें हैं, जिसकी वजह से लोग यहां रुकने से कतराते हैं।



स्टेशन पर दर्ज फोन नंबर। अमृत विचार



साकेत नगर स्थित चार्जिंग स्टेशन बंद पड़ा है। अमृत विचार

नगर निगम ने शहर में सबसे पहले दो स्टेशन स्थापित किये थे। प्राइवेट कंपनी इलेक्ट्रेवा की ओर से 60 किलोवाट की मशीन स्थापित की गई। साकेत नगर में पराग दूध डेयरी के बाहर यह स्टेशन स्थापित किया गया था। इसके साथ ही ट्रांसफार्मर भी लगाया गया था। 2 साल पहले स्थापित स्टेशन 2023 के अंत में शुरू हुआ था, लेकिन कुछ दिन चलने के बाद ही बंद हो गया। वर्तमान में यहां ट्रांसफार्मर से चार्जिंग स्टेशन को लाइट नहीं मिल पा रही, जिसकी वजह से मशीन खुद डिस्चार्ज है। इसी वजह से लोगों ने यहां रुकना बंद कर दिया है। मौजूदा समय में मशीन धूल फांक रही है।

चार्जिंग स्टेशन के मेंटीनेंस या किसी भी तरह की समस्या के लिए यहां कंपनी के लोगों ने पोस्टर चस्पा किया है, जिसमें मोबाइल नंबर भी लिखा है, लेकिन कंपनी के लोग कई बार फोन नहीं उठाते हैं। इससे आजिज आकर कुछ लोगों ने कमेंट लिखना शुरू कर दिया है। हालांकि, पोस्टर में लिखे नंबर पर फोन लगाया गया तो कंपनी के कर्मचारी हिमांशु गुप्ता ने उठाया। हिमांशु ने बताया कि अभी ट्रांसफार्मर में दिक्कत है, इसलिए स्टेशन बंद है।

### दक्षिण की बड़ी आबादी के बीच बना स्टेशन

- शहर के दक्षिण क्षेत्र में अभी एक ही चार्जिंग स्टेशन हैं। बाकी जो कंपनी लगा रही है, उन्हें शुरू नहीं किया गया है। दक्षिण की बड़ी आबादी के बीच यह स्टेशन बना है, लेकिन इसके बंद होने से समस्या बनी है। बैट्री वाले ई–रिक्शा, कार, दो पहिया वाहन सवारों को बाहर चार्जिंग की सुविधा नहीं मिल रही।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes January 2025 session in the following disciplines**

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Management

**Last Date of Receiving Application : 30th November, 2024**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## एक नजर

### योगी का झारखण्ड का तीसरा दौरा आज

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को फिर झारखंड दौरे पर रहेंगे। यहां वह तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। योगी इसके पहले पांच नवंबर और 11 नवंबर को भी झारखंड में रैली कर चुके हैं। योगी की गुरुवार को पहली जनसभा धनबाद में होगी। दूसरी जनसभा बोकारो विधानसभा क्षेत्र में होगी। तीसरी व आखिरी जनसभा बोकारो के बेरमो विधानसभा क्षेत्र में होगी।

### बुल्डोजर विध्वंस से जुड़े दोषी अफसरों पर हो कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने बुल्डोजर विध्वंस पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अब तक विध्वंस के लिए दोषी अधिकारियों को बर्खास्त किया जाए और पीड़ित परिवारों को नुकसान के एवज में मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय भले ही देर से आया है, पर निर्णय योगी सरकार की असंवैधानिक गतिविधियों पर रोक लगाए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# 3761 ग्राम पंचायतों में 81.54 करोड़ का भुगतान बाहर से

## सचिवों ने सितंबर में किया गेट-वे पोर्टल से अलग भुगतान, बताई तकनीकी समस्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एडीओ पंचायत, सचिव व जिला परियोजना प्रबंधक पर कार्रवाई के निर्देश

अमृत विचार : सितंबर में सभी जिलों की 3761 ग्राम पंचायत में गेट-वे पोर्टल की बजाय बाहर से 81.54 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। जबकि सचिवों को विकास कार्यों की यह धनराशि ग्राम सचिवालय के कंप्यूटर पर इंस्टाल गेट-वे पोर्टल से भुगतान करनी थी।

प्रदेश की ग्राम पंचायतों में अनिवार्यता के बाद भी पूर्व की तरह व्यवस्था से इतर भुगतान हो रहा है। इसमें पारदर्शिता लाने के लिए पिछले वर्ष पुरानी व्यवस्था खत्म करके ग्राम सचिवालयों के कंप्यूटरों पर गेट-वे इंस्टाल किया गया था। गेट-वे ग्राम सचिवालय के अलावा बाहर किसी कंप्यूटर या लैपटॉप पर इंस्टाल नहीं होता है। इसके बाद भी सितंबर में शासन स्तर की समीक्षा में 81.54 करोड़ रुपये का बाहर से भुगतान करना पकड़ा गया है। जबकि विभाग सभी भुगतान गेट-वे पोर्टल से करना व तकनीकी खामी के कारण फीड न होना बता रहा। इस मामले पर निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को संबंधित एडीओ पंचायत, सचिव व जिला परियोजना प्रबंधक पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही आख्या मांगी है।

> इस मामले की जांच कराई है। भुगतान गेट–वे पोर्टल से किए गए हैं, लेकिन तकनीकी खामी के कारण जिस दिन भुगतान किया गया वह फीड नहीं हुआ। इस वजह से बाहर से दर्शा रहा है। जो कमियां हैं, वो दूर करा रहे हैं।
>
> – अटल कुमार राय, निदेशक पंचायती राज विभाग।

### 27 जिलों में अधिक भुगतान

1 से 30 सितंबर तक लखनऊ में 2.29, सहारनपुर 7.53, प्रयागराज 5.53, मऊ 4.19, सीतापुर 2.84, पीलीभीत 3.08, सिद्धार्थ नगर 1.59, कासगंज 2.47, मिर्जापुर 3.79, मुज्जफर नगर 3.22, मेरठ 3.48, उन्नाव 1.99, आजमगढ़ 1.48, हरदोई 2.21, सोनभद्र 1.15, वाराणसी 1.74, कुशीनगर 1.47, शाहजहांपुर 1.29, महाराजगंज 1.01, रायबरेली 1.22, रामपुर 1.06, बाराबंकी 1.53, कन्नौज 1.26, कानपुर देहात 1.23, अंबेडकर नगर 1.31, मथुरा 1.69 व अलीगढ़ में 1.69 करोड़ का भुगतान किया गया है।

# उप्र में भी गाय को राजमाता का दर्जा दिए जाने की कवायद तेज

रमेश चन्द्र, लखनऊ



- गोसेवा आयोग की बैठक में पेश होगा प्रस्ताव

अमृत विचार : महाराष्ट्र की तर्ज पर प्रदेश भी गाय को 'राजमाता' का दर्जा दिए जाने की कवायद तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग ने शीघ्र होने वाली बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव पेश किए जाने पर मंथन शुरू कर दिया है। अगर प्रस्ताव पारित होता है तो इसे मुख्यमंत्री के पास भेजा जाएगा।

आयोग के सूत्रों के अनुसार आयोग की बैठक इस बार पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में होने की संभावना है, जिसमें आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, आयोग के सभी सदस्य व शासन के पदेन सदस्य शामिल होंगे। बैठक में पायलट प्रोजेक्ट के तहत हर जिले में गौ आधारित प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण केंद्र बनाए जाने समेत कई प्रस्ताव के पेश होने की संभावना है। आयोग के अधिकारियों के अनुसार प्रशिक्षण सेवा केंद्र का चयन प्रदेश में चल रहे गौ संरक्षण केंद्रों में से किया जाएगा। उन संरक्षण केंद्र पर जोर दिया जाएगा जिसमें गोवंश की संख्या ज्यादा होगी और वे संपर्क मार्ग से जुड़े होंगे। प्रगतिशील किसानों का वरीयता दी जाएगी।

**2075 को ध्यान में रखकर हो रहा कार्य : श्याम बिहारी गुप्ता**

आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने गाय को राजमाता का दर्जा दिए जाने का प्रस्ताव लाने के संकेत देते हुए कहा कि वर्ष 2075 में प्राकृतिक कृषि व्यवस्था का ध्यान रखते कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गौ आधारित जैविक उर्वरक से प्राकृतिक खेती होगी और रसायनिक उर्वरक से किसानों को निजात मिल सकेगी। खेतों की उर्वरा शक्ति को निरंतर बनाए रखने के लिए प्राकृतिक खेती जरूरी है।

### किसान करेंगे हरे चारे का उत्पादन

आयोग के अधिकारियों के अनुसार प्रस्तावित कृषि प्रशिक्षण केंद्रों के जरिये किसानों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें हरे चारे का उत्पादन करने व जैविक उर्वरक के लाभ के बारे में जागरूक किया जाएगा। इससे गोवंश के स्वास्थ्य में सुधार होगा। गौ आधारित उत्पाद के प्रयोग से लोगों के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। आयोग के सचिव डॉ प्रतीक सिंह ने बताया कि आयोग गोवंश व मानव स्वास्थ्य को ध्यान में कार्य कर रहा है।

# कई थानों के पुलिस कर्मियों के खिलाफ सपा ने खोला मोर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप चुनाव : सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार : सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बुधवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मिर्जापुर के मझवां विधानसभा क्षेत्र में तीन थानाध्यक्षों को जिले से बाहर स्थानान्तरित करने की मांग की है। साथ ही सपा प्रत्याशी के प्रचार को रोकने वाले कुंदरकी क्षेत्र अंतर्गत कई पुलिस कर्मियों के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने सौपे गए ज्ञापन में बताया कि मझवां विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र में पुलिस थाना देहात के थानाध्यक्ष अजय सेठ, थाना पडरी के थानाध्यक्ष दयाशंकर ओझा, कछवा के थानाध्यक्ष अंजनी राय को तत्काल प्रभाव से मिर्जापुर जिले से बाहर स्थानान्तरित किया जाये। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कुंदरकी क्षेत्र में मतदाता पर्ची सभी में नहीं बटी हैं। सपा समर्थक मुस्लिम व दलित आबादी में बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची नही बांटी जा रही है। श्याम लाल पाल ने बताया कि रिटर्निंग आफिसर से अनुमति लेने के बाद प्रचार प्रसार करने वाले सपा प्रत्याशी के वाहनों को प्रचार से रोका गया, इसलिए संबन्धित कर्मियों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाए।

# जवानों संग इजरायल, अमेरिका व फ्रांस के दिग्गज करेंगे गंगा आरती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ प्रयागराज




- सेना के बड़े अधिकारी और दुनिया के नामचीन संत भी गंगा आरती में होंगे शामिल
- महाकुंभ में आ रहे विदेशी मेहमान, योगी आदित्यनाथ से मिलने को हैं लालायित

अमृत विचार : देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को महाकुंभ की नव्यता, दिव्यता और भव्यता का एहसास कराने की तैयारी है। दुनिया के विशिष्ट लोग भी महाकुंभ में शामिल होने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने को लालायित हैं। महाकुंभ के दौरान पहली बार इजरायल, अमेरिका और फ्रांस समेत तमाम देशों के दिग्गज गंगा आरती में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं। उनके साथ सेना के जवान भी शामिल होंगे।

हरिहर गंगा आरती समिति रामघाट प्रयागराज के अध्यक्ष सुरेश चन्द्रा ने बताया कि काशी के तर्ज पर प्रयागराज में वर्ष 1997 में गंगा आरती की शुरुआत की गई। जिसके बाद से लेकर आज तक यह क्रम अनवरत जारी है। इसी के तहत, महाकुंभ के दौरान योगी आदित्यनाथ के साथ ही देश के कोने-कोने से आ रहे विशिष्ट संतों का सम्मान करने की योजना बनाई गई है।

### शामिल होंगे विदेशी मेहमान

महाकुंभ में शामिल होने भारत आ रहे विदेशी मेहमान यहां की प्रसिद्ध गंगा आरती में शामिल होंगे। उनके साथ भारतीय सेना के बड़े अधिकारी भी रहेंगे। ये सभी हरिहर गंगा आरती समिति के मेहमान होंगे। राम वैदेही मंदिर के प्रमुख संत स्वामी दिलीप दास त्यागी ने बताया कि अयोध्या के संतों ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए एक लाख ग्यारह हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया है, जिसे महाकुंभ के दौरान अंतिम रूप दिया जाएगा।

### कृषि क्षेत्र के विकास के लिए 6.71 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास के लिए 6.71 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी है। इसमें कई कृषि विश्वविद्यालय के प्रस्ताव शामिल हैं।

शासन के अधिकारियों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के लिए दो करोड़ 16 लाख 66 हजार रुपये, इसी विश्वविद्यालय के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से संचालित योजना के मद में धनराशि एक करोड़ 94 लाख 44 हजार, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के अन्तर्गत कृषि महाविद्यालय लखीमपुर खीरी को सहायता अनुदान सामान्य (गैर वेतन) मद में 67.50 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी गई है। इसी तरह, कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मोदीपुरम मेरठ की स्थापना के लिए एक करोड़ 94 लाख 44 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है।

# पांच संवेदनशील जिलों में स्थापित होंगी एटीएस यूनिट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य के पांच संवेदनशील जनपदों में आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की यूनिट स्थापित होने जा रही है। राज्य सरकार से इस बाबत हरी झंडी दिखाए जाने के बाद आवश्यक संसाधन जुटाए जा रहे हैं। ऐसे में पीलीभीत, मिर्जापुर, खीरी, सिद्धार्थनगर और मुरादाबाद में यूनिट स्थापित की जाएगी, जो कि नेपाल सीमा और सांप्रदायिकता के मद्देनजर संवेदनशील हैं।

फिलहाल एटीएस की 18 यूनिट राज्य में कार्यरत हैं, जिसमें सहारनपुर की देवबंद की स्थापना बीते दिनों की गई है। एटीएस को विस्तार देने के लिए कई जिलों में कमांडो सेंटर के साथ यूनिट भी शुरू की जाएगी। इससे आतंकी संगठनों के स्लीपिंग माड्यूल के साथ कट्टरपंथी विचारधारा वाले लोगों पर पैनी नजर रखी जा सकेगी।

इस दौरान अधिक जोखिम वाले ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों की खरीद का प्रस्ताव भी शासन भेजा गया है। जिसमें रडार सिस्टम, स्नाइपर राइफलें, पंप-एक्शन शॉटगन, नाइट-विजन ड्रोन कैमरे, नाइट वेपन साइट और थर्मल इमेजिंग स्नाइपर साइट आदि खरीदने की योजना है।

# कनिष्ठ सहायक की जमानत अर्ज़ी खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बीएलओ ड्यूटी से नाम हटवाने के एवज़ में विकलांग शिक्षिका से पांच हज़ार रुपये की रिश्वत मांगने के आरोपी चौबेपुर, कानपुर स्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कनिष्ठ सहायक विवेक पांडेय की जमानत अर्ज़ी को भ्रष्टाचार निवारण की अदालत ने खारिज कर दिया।

अदालत को बताया गया कि कानपुर, हृदयपुर चौबेपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय की सहायक अध्यापिका अंकिता पांडेय ने गत 23 अक्टबर को सतर्कता अधिष्ठान के एसपी से शिकायत की थी कि वह विकलांग है और उसका बच्चा छोटा है लेकिन उसकी ड्यूटी बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ के रूप में लगा दी गई थी। इसपर वादिनी ने अपनी ड्यूटी हटवाने के लिए चौबेपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कनिष्ठ सहायक विवेक पांडेय से 19 अक्तूबर को संपर्क किया तो आरोपी ने ड्यूटी हटवाने के एवज़ में पाँच हज़ार रुपए की माँग की। वादिनी की शिकायत पर सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने आरोपी विवेक पांडेय को वादिनी से पाँच हज़ार रुपए लेते हुए गत 24 अक्तूबर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।



राजधानी स्थित लोकभवन में बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण व अन्य।

# बुनियादी सुख सुविधाओं से लैस होंगे जनजातीय गांव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 26 जिलों के 47 ब्लॉक व 517 गांवों को किया गया चिन्हित
- 50 प्रतिशत जनजातीय जनसंख्या वाले गांवों को मिलेगा सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ
- जनजाति विकास विभाग के साथ 17 अन्य विभाग इन गांवों के लिए करेंगे मिलकर काम

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के जनजातीय गांवों को बुनियादी सुख सुविधाओं से लैस करने की तैयारी है। राज्य सरकार ने इस कवायद के तहत 26 जिलों के 47 ब्लॉक व 517 गांवों को चिन्हित कर लिया है। इस कड़ी में 50 प्रतिशत जनजातीय जनसंख्या वाले गांवों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए जनजाति विकास विभाग के साथ 17 अन्य विभाग मिलकर काम करेंगे।

जनजातियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने तथा इनके चौमुखी विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित किया जा रहा है। राज्य सरकार इनको बुनियादी सुविधाएं जैसे- आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली एवं पानी आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार के साथ लगातार कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है। योजनाओं के माध्यम से योगी सरकार जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे के सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा व आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति का खाका खींचा है।

समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए उप्र. के 500 या उससे अधिक जनसंख्या के गांव जिसमें अनुसूचित जनजाति की कम से कम 50 प्रतिशत जनसंख्या हो, इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कुल 26 जिलों अम्बेडकर नगर, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, भदोही, बिजनौर, चन्दौली, देवरिया, गाजीपुर, गोरखपुर, जौनपुर, लखीमपुर-खीरी, कुशीनगर, ललितपुर, महराजगंज, महोबा, मिर्जापुर, पीलीभीत, प्रयागराज, संतकबीर नगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, सीतापुर और सोनभद्र के 47 ब्लाक व 517 गांवों को इस अभियान के तहत विभिन्न योजना के लाभ के लिए चिन्हित किया गया है।

### कृषि भारत में आएंगे जिले के 500 किसान

अमृत विचार, लखनऊ : शहीद पथ स्थित वृंदावन ग्रांउड्स में 15 से 18 नवंबर तक आयोजित होने वाले कृषि भारत कार्यक्रम में जिले के 500 किसान हिस्सा लेंगे। जो भ्रमण के दौरान कृषि निवेश के साथ नई तकनीक जानेंगे। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) कर रहा है। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से 250 से 500 तक किसान भ्रमण करने आएंगे। अन्य राज्यों से भी किसान आएंगे। सबसे अधिक किसानों की संख्या 500 लखनऊ की होगी। जिन्हें कार्यक्रम के जरिए नये निवेश, नई तकनीक व कृषि क्षेत्र में हो रही नई प्रगति व नवाचारों की जानकारी दी जाएगी। किसानों को वाहनों से लाने, उनके रुकने, भ्रमण कराने व खानपान संबंधित जिम्मेदारी पंचायती राज, पशुपालन व कृषि विभाग को दी गई है।

## वर्ग पहेली-251

**बाएं से दाएं**

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।
5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला, बांटने वाला।
6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति– पिता
7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।, 1. झालने (अर्थात धातु की चीज़ों को टांका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता, स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़–भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।
2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।
3. 1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम, किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।
5. वन, जंगल, बियावान, कानन अरण्य।
6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| 4 | | | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 5 | | | |
| 6 | | | | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 7 | |

### वर्ग पहेली -250 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | ल | ■ | 2 उ | ट | 3 ज |
| शु | ■ | ■ | ता | ■ | ग |
| दे | ■ | 4 यु | व | ती | ■ |
| 5 व | शी | ■ | ला | ■ | 6 का |
| वा | ■ | 7 उ | प | ता | प |
| 8 द | ह | क | न | ■ | टि |
| ■ | ■ | ठा | ■ | 9 रें | क |

## सुडोकू -164

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | | 3 | |
| | 1 | | 5 | | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 2 | | |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | | | | 9 | |
| 5 | | | | | | | 1 | |
| | | 3 | | | | | 6 | |
| 2 | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 163 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 3 | 6 | 1 | 2 | 5 | 9 | 4 | 7 |
| 2 | 5 | 9 | 7 | 4 | 8 | 1 | 6 | 4 |
| 5 | 7 | 1 | 4 | 8 | 6 | 3 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 नवंबर, गुरुवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–कार्तिक, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–त्रयोदशी 09.43 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग

बु. 8, के. 6, 5, शु. 9, सू. 7, मं. 4, 10, 1, श. 11, चं., 3, रा. 12, गु. 2

दिशाशूल–दक्षिण। ऋतु–हेमंत।
चन्द्रबल– मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल– अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र– अश्विनी 15 नवंबर 12.33 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** – आज अपनी जीवनशैली को व्यवस्थित रखें। गूढ़ अनुसंधान में आप रुचि ले सकते हैं। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। व्यवसाय में लाभ की संभावनाएं बनेंगी। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** – आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना पड़ेगा। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में कुछ खराबी आ सकती है। छोटी सी बात विवाद का रूप ले सकती है। मन में अपनी उपलब्धियों को लेकर असंतोष रहेगा। परिवार को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** – आज अपनी योग्यता के बलबूते कड़े निर्णय ले सकते हैं। आज आप काम में काफी व्यस्त रहने के बावजूद अपनों को समय देंगे। अपने कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव लाने का प्रयास करेंगे। जॉब में आपकी आय बढ़ेगी। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ा तनाव हो सकता है।

**कर्क** – आज आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहने वाली है। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। अकादमिक जगत से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

**सिंह** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को अपने वर्चस्व की चिंता रहेगी। किसी परिजन की बात कड़वी लग सकती है। आपकी भावनाओं का लोग गलत लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। संत प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क हो सकता है।

**कन्या** – आज उधार धन के लेन–देन से बचें। अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद न करें। युवाओं की संगत बिगड़ सकती है। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियां होंगी। त्वरित प्रतिक्रिया देने के कारण व्यापार में नुकसान हो सकता है।

**तुला** – आज वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। व्यवसाय में अपने सहयोगियों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा कर सकते हैं। दैनिक कार्यों में कुछ रुकावटें आयेंगी। धार्मिक कार्यों में बढ़–चढ़कर भाग लेंगे। स्वास्थ्य कुछ नरम हो सकता है। करियर को लेकर काफी सजग रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में आपको विश्वासपात्र लोग धोखा दे सकते हैं। घर–गृहस्थी के कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे। दिन की शुरुआत बहुत ही शुभ रहने वाली है। परिवार में सौहाद्र का वातावरण रहने वाला है। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

**धनु** – आज आपके चरित्र का नकारात्मक पहलू उभर के सामने आ सकता है। प्रेमी जन से बहस तो बिल्कुल न करें। आज का दिन कुछ तनाव युक्त रहने वाला है। प्रियजन आपका मौके पर साथ नहीं देंगे। आज समय शान्तिपूर्वक बिताएं।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र की परिस्थितियां अनुकूल है। दोस्तों के साथ मनोरंजन का आनंद लेंगे। व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न करें। अहङ्कार और अड़ियल रवैये के कारण शुभचिन्तक आपसे दूरी बना सकते हैं। आप अतिशीघ्रता में कोई बड़ा निर्णय न लें।

**कुंभ** – आज का दिन बेहद सकारात्मक और शुभ फलदायी है। आयात–निर्यात से जुड़े व्यावसायियों को बड़ी डील मिल सकती है। सेहत के मामले में भी आज का दिन उत्तम होगा। अपनी क्षमताओं का बेहतरीन उपयोग कर पायेंगे।

**मीन** – आज जीवनसाथी आपकी भावनाओं को पर्याप्त महत्व नहीं दे पा रहे हैं। महिलाएं घरेलू सामान की ख़रीदारी के लिए बाजार जा सकते हैं। जो भी कार्य करें उसे आत्मविश्वास के साथ करें। कार्यक्षेत्र में बड़ी उम्र के लोगों से बहस हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
पहचान – सुबह : 09.00
आग ही आग – रात : 07.00

&pictures
कूगल कुट्टप्पा – सुबह : 08.47
करण अर्जुन – रात : 07.30

SONY PIX
लंदन हेज फॉलेन – सुबह : 11.51
रैमपेज – रात : 09.00

ZEE CINEMA
द कराटे किड – सुबह : 11.05
क्रिश – शाम : 04.20

ZEE ACTION
त्रिमूर्ति – सुबह : 08.10
रुद्रांगी – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 04.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संजू एक डॉक्टर के पास गया और पूछा– डॉक्टर साहब, घर जाकर चेक करने की क्या फीस है?

डॉक्टर ने कुछ सोचा और बोला : 300 रुपये,

संजू– ठीक है, तो चलिए,

इतना सुनते ही डॉक्टर ने अपनी बाइक निकाली और संजू के साथ उसके घर जा पहुंचा,

वहां पहुंचकर डॉक्टर ने पूछा– मरीज किधर है?

संजू– अरे मरीज वरीज कोई नहीं है पागल,

टैक्सी वाला 500 रुपये मांग रहा था और तू 300 में ले आया।

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दु:खियों- रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दु:खी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# उच्चतम न्यायालय का संदेश

उच्चतम न्यायालय ने हाल में चलन में आए 'बुलडोजर न्याय' पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संपत्तियों को ध्वस्त करने के संबंध में बुधवार को दिशानिर्देश जारी किए और कहा कि कार्यपालक अधिकारी न्यायाधीश नहीं हो सकते। शीर्ष अदालत ने 'बुलडोजर न्याय' की तुलना अराजकता की स्थिति से की। गौरतलब है कि बुलडोजर न्याय देश में एक विवादास्पद प्रथा को संदर्भित करता है, जहां अधिकारी सांप्रदायिक दंगों, बलात्कारों और हत्याओं जैसे गंभीर अपराधों के आरोपी व्यक्तियों की संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर और भारी मशीनरी का उपयोग करते हैं। यह कार्रवाई अक्सर अचल संपत्तियों के विध्वंस के लिए प्रदान की गई समुचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना की जाती है। बुलडोजर न्याय की प्रथा उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, गुजरात, असम और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में देखी गई है। आलोचकों के अनुसार बुलडोजर की कार्रवाई असंतुष्टों या हाशिए पर पड़े समूहों के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध का साधन बनाकर परेशान करने वाला बदलाव दर्शाती है। देश के कई हिस्सों में इस समय बुलडोजर न्याय का चलना कानून तथा संविधान के शासन के लिए चिंताजनक है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अपराध के प्रति असहिष्णुता अब विध्वंस के बहाने के रूप में काम नहीं करेगी। देखना होगा कि सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद बुलडोजर न्याय की बढ़ती प्रवृत्ति पर कितना अंकुश लग पाएगा। बुलडोजर न्याय के पक्ष में राज्य सरकार के अधिकारियों का दावा है कि अवैध निर्माण के मामलों में बुलडोजर से ध्वस्तीकरण मौजूदा नगरपालिका कानूनों और नियमों के अनुसार किया जाता है। बुलडोजर कार्रवाई अवैध आपराधिक गतिविधियों को रोकने और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। परंतु इस संबंध में देश की सबसे ऊंची अदालत ने इस सिद्धांत का एलान किया है कि किसी आरोपी तो क्या किसी दोष-सिद्ध अपराधी के भी घर को, समुचित कानूनी/न्यायिक प्रक्रिया के बिना नहीं गिराया जा सकता है।

देश में संपत्तियों को ढहाने के लिए दिशा निर्देश तय करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत ने व्यवस्था दी कि संवैधानिक लोकाचार और मूल्य शक्ति के इस तरह के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देते और इस तरह के दुस्साहस को अदालत द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कुल मिलाकर न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ के निर्णय से इस तरह के बुलडोजर न्याय पर सवाल तो उठेंगे ही। क्योंकि अपराध पर सख्त होने के लिए घरों को समतल करने की चाल को न्यायालय ने खारिज कर दिया है।

# अब नेहरू को सिर्फ जानना नहीं, समझना भी जरूरी



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

नेहरू दार्शनिक और व्यावहारिक राजनीतिज्ञ थे। राष्ट्रवाद, समाजवाद, संस्कृति, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, समानता और संसदीय लोकतंत्र पर उनके विचार सुविचारित और स्पष्ट थे। वैचारिक विविधता, वैज्ञानिक मानवतावाद और साम्यवादी चिंतन उनके लिए देश के नवनिर्माण के मानक थे।



विश्व मंचों पर भारत के अपेक्षित मान की आधारशिला रखने वाले नेहरू पर बहुत लिखा गया है। नेहरू के निधन के 60 साल बाद वर्तमान पीढ़ी के लिए इन्हें एक बार पढ़ने और संदेश समझने की जरूरत है। इसलिए भी, क्योंकि अध्ययन और अनुभव से ऊर्जान्वित अधिकार आधुनिकता के लिए अत्यावश्यक तत्व हैं। आधारभूत परिवर्तन के लिए प्राचीन मूल्यों और आधारों को आत्मसात करना होता है। इस क्रम में अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का विचार उल्लेखनीय है। वह कहते थे- 'एक राष्ट्र जो अपने नायकों का सम्मान नहीं करता है, वह लंबे समय तक नहीं टिकेगा।'

प्रसिद्ध तंत्रिका विज्ञानी सिगमंड फ्रायड की मान्यता थी कि एक दिन वर्षों का संघर्ष बहुत खूबसूरत तरीके से तुमसे टकराएगा। यह मनोविश्लेषण, तर्क और विवेचना आजादी के अमृतकाल में अकाट्य सिद्ध हो रही है। इसमें पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के प्रति बदनीयती, विद्रूपता, विद्वेष और वैचारिक बदसूरती छिप नहीं रही है। नवनिर्माण के एक कालखंड की सूचनाओं, परंपराओं, प्रवृत्तियों, घटनाओं और उपायों पर अभिमान के बजाय इन्हें झुठलाने की साजिश अभियान के रूप में हो रही है। इतिहास को विस्मृत कर स्वयं की सर्व श्रेष्ठता का अहम जताने-इठलाने की कोशिश जारी है। ऐसे में संसदीय लोकतंत्र, आर्थिक सहभागिता, आंतरिक और बाह्य समन्वय, वैश्विक संतुलन और सामाजिक समरसता समझने के लिए नेहरू और उनके कार्यकाल की वास्तविकता जानना प्रासंगिक हो गया है। वाद, विवाद और संवाद से समाज को समझने का मंतव्य, पराकाष्ठा के स्तर के प्रयत्न, प्रबंधन और परिश्रम के बूते ही भारत की पृथक पहचान है। स्वातंत्र्य योद्धाओं का त्याग-बलिदान, स्वाधीन भारत के सीमित संसाधनों में सतत साधना और शांति प्रयासों का योगदान है।

नेहरू दार्शनिक और व्यावहारिक राजनीतिज्ञ थे। राष्ट्रवाद, समाजवाद, संस्कृति, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, समानता और संसदीय लोकतंत्र पर उनके विचार सुविचारित और स्पष्ट थे। वैचारिक विविधता, वैज्ञानिक मानवतावाद और साम्यवादी चिंतन उनके लिए देश के नवनिर्माण के मानक थे। वह सभी विचारधाराओं और धर्म को साथ लेकर चलते थे। 19वीं-20वीं सदी के उनके इतिहास बोध ने ही पूर्ण स्वराज्य और भारत के भविष्य की अधारभूत कल्पना की थी। स्वतंत्रता के लिए संघर्ष के समय अशिक्षा, गरीबी, जाति-धर्म के आधार पर विभाजन और असमानता के बीच महाशक्तियों में शीत युद्ध की समस्याएं भी थीं। आजादी के बाद नेहरू ने विश्व के राजनयिक परिदृश्य के मुताबिक बातचीत कर विकास को गति दी। पंचवर्षीय योजनाएं उनका ही विचार थीं। सोचिए, भाखड़ा नागल और रिहंद बांध उनकी आलोचना का आधार है? आईआईटी और आईआईएम किसके लिए बने? गुट निरपेक्ष आंदोलन की ताकत क्या जी-20 और ब्रिक्स से ही नहीं, नाटो और मौजूदा यूरोपीय यूनियन से कम थी?

गुट निरपेक्ष आंदोलन को नेहरू ने उसी दौर में सकरात्मक शक्ति और संतुलन का केंद्र बनाया था, जब किसी सबल देश का अनुसरण दासत्व के भाव से किया जाता था। नेहरू का नजरिया आयातित नहीं था। वह संकल्प और संघर्ष से हासिल स्वाधीनता के स्वप्निल आकार को धरातल पर आकार देना चाहते थे। इसीलिए उनके लिए समाजवादी, वामपंथी और भारतीय भावनाओं के साथ परंपरागत दर्शन और विचारों को समझना और उसे मध्यमार्ग में राष्ट्रहित-जनहित के लिए ढालना आसान रहा। वह पूंजीवाद के विरोधी नहीं थे लेकिन अच्छी तरह जानते थे कि इसे अधिक प्रोत्साहन से गरीब और मध्य वर्ग की देश की तरक्की में हिस्सेदार होने की आकांक्षा को आघात लगेगा। सार्वजनिक उद्यम, जिन्हें विनिवेश के बहाने आज भी टुकड़ों-टुकड़ों में बेचा जा रहा है, नेहरू के औद्योगिकीकरण और जनभागीदारी की सोच का ही प्रतिबिंब हैं। उन्होंने सबके सहयोग से इनकी संरचना की थी। इसका बड़ा भाग अब भी भारत की सशक्त आर्थिकता का आधार है। महारत्न, नवरत्न और मिनी रत्न के इतिहास की भूमिका को पढ़ेंगे तो जानेंगे।

नेहरू साम्राज्यवाद और फासीवाद दोनों को पतनोन्मुख पूंजीवाद के दो चेहरे मानते थे। उन्होंने दोनों के खिलाफ संघर्ष को राष्ट्रीय आंदोलन का बुनियादी लक्ष्य बताया। नेहरू के कई समकालीन नेता उनसे बेहतर दृष्टि रखते थे लेकिन नेतृत्व क्षमता सिर्फ नेहरू में थी, इसलिए वह ज्यादातर समस्याओं के संधान में सफल होते थे। 1919 से 1921 तक उत्तर प्रदेश के अवध में किसान आंदोलन के नेतृत्व से उनकी नैतिकता और निपुणता सिद्ध हो चुकी थी। हालांकि 1950 में बतौर प्रधानमंत्री उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली खां के साथ अल्पसंख्यकों का पलायन रोकने और अधिकारों के संरक्षण का समझौता किया किंतु 1952 में लियाकत अली की हत्या के कारण उस पर अमल नहीं हो सका। उलटे पाकिस्तान ने इसी दौरान जम्मू-कश्मीर के मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण कर दिया। 1954 में चीन के साथ तिब्बत के सवाल पर पंचशील समझौता भी असफल रहा, जबकि 1960 में चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई के साथ उनकी बातचीत अपने ही सहयोगियों के दबाव और आलोचना के कारण आगे नहीं बढ़ पाई। दरअसल, दोनों पड़ोसियों से दोस्ती के पीछे उनकी सोच थी कि भौगोलिक रूप से निकट निवासियों के साथ रहने की अनिवार्यता नहीं बदली जा सकती, इसलिए उनके साथ शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व बनाए रखना ही समझदारी है।

इतिहास बताता है कि मानमर्दन उनका होता है, जो स्वयं के संघर्ष को ही सर्वोपरि मानते हैं। समाज को संशय में डाल कर अल्पकाल के लिए तो यह सुविधा हासिल की जा सकती है पर समय की कसौटी पर मार्गदर्शक माने जाने वालों की विश्वसनीयता का ह्रास भी होता है। व्यक्तिगत आक्रमण उसी अवस्था में किए जाते हैं, जब व्यवस्थागत और बुनियादी तंत्र में सुधार के मार्ग में व्यवधानों और बाधाओं की सम्यक समझ का सीमांकन हो जाता है। अनुभव और अभ्यास से अनुमान सहज-स्वाभाविक होते हैं। राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सामरिक और वैचारिक परिप्रेक्ष्य में क्रियान्वयन के लिए दृष्टि विकसित होती है। यही दिशा देती है। आत्मकथा में उन्होंने लिखा है- 'मुझे राष्ट्रवाद बहुत ही संकीर्ण और अपर्याप्त सिध्दांत लगता था। राजनीतिक आजादी, स्वाधीनता निस्संदेह आवश्यक है परंतु वे सिर्फ सही दिशा में उठाए गए कदम हैं। सामाजिक आजादी और समाज तथा राज्य की समाजवादी संरचना के बिना देश और व्यक्ति पर्याप्त प्रगति नहीं कर सकता है।'

विश्व मंचों पर भारत के अपेक्षित मान की आधारशिला रखने वाले नेहरू पर बहुत लिखा गया है। नेहरू के निधन के 60 साल बाद वर्तमान पीढ़ी के लिए इन्हें एक बार पढ़ने और संदेश समझने की जरूरत है। इसलिए भी, क्योंकि अध्ययन और अनुभव से ऊर्जान्वित अधिकार आधुनिकता के लिए अत्यावश्यक तत्व हैं। आधारभूत परिवर्तन के लिए प्राचीन मूल्यों और आधारों को आत्मसात करना होता है। इस क्रम में अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का विचार उल्लेखनीय है। वह कहते थे- 'एक राष्ट्र जो अपने नायकों का सम्मान नहीं करता है, वह लंबे समय तक नहीं टिकेगा।'

## प्रसंगवश

# बालमन समझने वाला चाहिए एक और 'चाचा'

आज खास दिन 'बाल दिवस' और चाचा नेहरू से तो जमाना परिचित ही है। पर, लोग ये नहीं जानते कि नेहरू जी आखिर बच्चों के 'चाचा' कैसे कहलाए? इस रहस्य से अधिकांश अनभिज्ञ है। वैसे, 'बाल दिवस' आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंड़ित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। उनका जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। जबकि, ये दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिकृत 20 नवंबर को पूरे विश्व भर में मनाया जाता है। लेकिन साल 1964 में पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद, भारतीय संसद में उनके जन्मदिन को देश में आधिकारिक तौर पर 'बाल दिवस' के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव एकमत से जारी किया गया। क्योंकि वह बच्चों के नितांत प्रिय हुआ करते थे। उन्हें 'चाचा' क्यों कहा जाने लगा, ये एक दिलचस्प वाक्या है। पंड़ित नेहरू एक मर्तबा इलाहाबाद में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। मौसम जाड़े का था। सभा में एक बुजुर्ग महिला भी भाषण सुनने अपने दुधमुंह बच्चे के साथ पहुंची थी। जारी भाषण में बच्चा तेजी से रोने लगा।



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

पंड़ित नेहरू की जैसे ही नजर रोते हुए बच्चे पर पड़ी, उन्होंने अपना भाषण रूकवा दिया और तुरंत अपने अंगरक्षक को बच्चा और उसकी मां को मंच पर लाने को कहा, मां अपने बच्चे के साथ जैसे ही मंच पर चढ़ी, नेहरू ने आगे बढ़कर स्वयं बच्चे को अपने गोद में उठा लिया। बच्चा पंड़ितजी की गोद में जाते ही चुप हो गया और उनके जेब में लगे पेन से खेलने लगा। बच्चे के प्रति नेहरू के प्यार-स्नेह को देखकर सभा में उपस्थित लोग अचंभित हो गए और उसी समय से लोगों ने उन्हें 'चाचा' कहना शुरू कर दिया।

जवाहरलाल नेहरू शुरू से बच्चों के अधिकारों और एक शिक्षा प्रणाली के पक्षधर और समर्थक रहे थे। वह प्रत्येक बच्चे को देश का आने वाला भविष्य कहते थे, बच्चा बेशक कितना भी नटखट क्यों न हो, वह उनकी भी भरपूर सराहना करते थे। फूलपुर की चुनावी सभा में नेहरू ने अपने प्रसिद्ध भाषण में एक बार कहा था कि बच्चे बगीचे में कलियों की तरह होते हैं और उनका सावधानी पूर्वक और प्यार से पालन-पोषण करना चाहिए, क्योंकि वे देश का भविष्य और कल के नागरिक हैं। मौजूदा वक्त में जिस बेहिसाब से समूचे देश के नौनिहालों के प्रति अत्याचार, विभिन्न किस्म की समस्याएं, और अपराध बढ़े हैं, वो अगर जिंदा होते तो बहुत दुखी होते। एनसीआरबी की सालाना रिपोर्ट बच्चों के गायब होने के जो आंकड़े प्रस्तुत करती है, वो निश्चित रूप से डरावने होते हैं। तमाम हुकूमती कोशिशों के बावजूद भी बाल समस्याएं रुकने का नाम नहीं लेती।

नेहरू बच्चों को राष्ट्र की संपत्ति मानते थे। साथ ही वह अक्सर नौनिहालों को मुल्क के सबसे कीमती संसाधन के रूप में भी संदर्भित करते थे। इसलिए, अपने युवा नागरिकों के जीवन की बेहतरी के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज इस दिवस पर बच्चों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना और उन्हें एक सुरक्षित, खुशहाल और शिक्षा से भरपूर जीवन देने के लिए सभी को संकल्पित भी होना चाहिए।

सन् 1954 में, संयुक्त राष्ट्र की ओर से 20 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस घोषित किया गया था। पर, भारत ने इस दिवस को 14 नवंबर यानी पंडित नेहरू के जन्मदिन पर मनाने का निर्णय लिया। बच्चों के प्रति बढ़ते अत्याचार, बाल श्रम, और शिक्षा की कमी जैसी समस्याओं पर जागरूकता निरंती फैलती रहनी चाहिए। बच्चों को बचपन में सही मार्गदर्शन और प्यार दिया जाना चाहिए। सभी के बच्चे बिना किसी भेदभाव के स्वतंत्र रूप से सीखने और बढ़ने का अधिकार रखते हैं। पंडित नेहरू हमेशा बच्चों के बीच जाकर उनके साथ समय बिताना पसंद करते थे और उनका मानना था कि बच्चों में मासूमियत, सच्चाई, और निष्ठा होती है, जो बड़ों को भी प्रेरणा देती हैं। शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम से सुरक्षा और एक सुरक्षित व प्यार भरे वातावरण में बढ़ने का अधिकार हम सभी को मिलकर दिलवाना चाहिए। हालांकि, भारत में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए बाल संरक्षण कानून और विभिन्न सरकारी-गैरसरकारी संस्थाएं कार्यरत हैं, जिनका उद्देश्य बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाना है। इनका आम जनों को भी मिलकर सहयोग करना चाहिए।

# आजादी और बंटवारा: इतिहास और मिथक



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

1924 में कमाल अतातुर्क ने ख़िलाफ़त की संस्था ही खत्म कर दी तो भारत सहित दुनिया के मुसलमानों में कहीं चूं तक नहीं हुई।

अगर सन 1920 में गांधी जी सब्र से काम लेते और धर्म व राजनीति की खिचड़ी बनाकर ख़िलाफत और असहयोग का जन आंदोलन न चलाते तो जिन्ना कांग्रेस से अलग न हुए होते। गोखले ने उन्हें हर तरह की सांप्रदायिक संकीर्णता से दूर, हिंदू मुस्लिम एकता का राजदूत कहा था। कांग्रेस के जिन्ना सहित सभी वरिष्ठ संविधानवादी नेता जन आंदोलन के खिलाफ थे। किन्तु मौलाना मुहम्मद अली और मौलाना शौकत अली के नेतृत्व में मुस्लिम लीग पूरी तरह लामबंद थी और कांग्रेस की युवा पीढ़ी गांधी जी के 'एक साल में स्वराज' के नारे से अभिभूत, आंदोलन के विपुल समर्थन में कूद पड़ी थी। माहौल देखते हुए, एक-एक कर कांग्रेस के सारे वरिष्ठ नेता चुप लगा गए। केवल जिन्ना और मालवीय अंत तक विरोध करते रहे। मालवीय बीमार चल रहे थे तो नागपुर अधिवेशन में उन्होंने अपनी लिखित असहमति भेज दी थी। और जिन्ना विरोध में बोलने खड़े हुए तो मौलाना मुहम्मद अली ने उन्हें अपमानित कर बैठने को मजबूर कर दिया। वे अधिवेशन बीच में छोड़कर मुंबई लौट आए और कांग्रेस स्वागत अपना इस्तीफ़ा भेज दिया। उन्होंने गांधी जी को एक पत्र लिखा-यह आंदोलन बरबादी की ओर ले जाएगा। आखिर चौरीचौरा में मालाबार की अपेक्षा बहुत कम हिंसा के बावजूद गांधी जी ने फरवरी 1922 में बिना किसी से सलाह किए, ईश्वर की चेतावनी के, कि देश अभी अहिंसक जन आंदोलन के लिए तैयार नहीं है, आधार पर इसे वापस ले लिया। तब तक दूसरा साल चल रहा था, दिशाहीन हुए आंदोलन से दूर-दूर तक स्वराज-प्राप्ति की कोई आशा की किरण नहीं दिखती थी जब कि असहयोग में हज़ारों लोग अपनी जान गंवा चुके थे या ज़िंदगी बरबाद कर चुके थे। आंदोलन वापस लेने से ख़िलाफ़त नेता कांग्रेस के दुश्मन बन गए, क्रांतिकारी और वामपंथी भी कांग्रेस से निराश होकर अपने रास्ते पर वापस लौट गए।

1924 में कमाल अतातुर्क ने ख़िलाफ़त की संस्था ही खत्म कर दी तो भारत सहित दुनिया के मुसलमानों में कहीं चूं तक नहीं हुई। ख़िलाफ़त आख़िर थी क्या? एक मध्ययुगीन, निरंकुश धर्मतंत्र जो दुनिया के भिन्न भिन्न देशों में बसे मुसलमानों द्वारा अपने-अपने राज्य के कानूनों के पालन में एक अतिक्रामक भूमिका अदा करता था। दोहरी स्वामिभक्ति के द्वंद्व का बायस बनता था-शासन में धर्म का हस्तक्षेप, आधुनिकता के मार्ग में एक बड़ी बाधा। और ख़लीफ़ा कौन था ? मुस्लिम धर्मशास्त्र का कोई आलिम नहीं, टर्की साम्राज्य का निरंकुश पुश्तैनी सुल्तान।

इस आंदोलन का एक जबरदस्त हासिल ज़रूर रहा। अनेक वरिष्ठ नेताओं के होते हुए भी इसने गांधी जी को कांग्रेस के शीर्ष पर पहुंचा दिया, उन्हें कांग्रेस का परमानेंट सुपर प्रेसीडेंट (नेहरू के शब्द) बना दिया जिस स्थिति में वे 1920 से 1946 तक लगातार बने रहे।

बाद में कांग्रेस से अलग होने पर जिन्ना ने धर्म और राजनीति के मिश्रण का वही हथियार गांधी जी से लेकर उन्हीं पर पलटवार किया और उन्हें पटखनी देने में सफल रहे। गांधी जी की घोषणा कि 'पाकिस्तान मेरी लाश पर बनेगा' को हास्यास्पद बनाकर उनके जीते जी बंटवारा करा लिया। पाकिस्तान का बनना गांधी जी और जिन्ना की व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा का दूरगामी परिणाम था जिसमें जिन्ना गांधी को शिकस्त देने में सफल रहे। और देश को जब आज़ाद होना था तभी हुआ। द्वितीय विश्वयुद्ध में इंग्लैंड के जीतने के बावजूद अधमरा हो जाने पर। विश्व शक्ति के आसन से गिरकर अमेरिका का पिछलग्गू बन जाने पर। और युद्ध के अंतिम दौर में हुए चुनावों में लेबर पार्टी के पूर्ण बहुमत से जीत जाने पर।

1942 के बाद आज़ादी के लिए केवल दो प्रयास हुए-शिमला कॉन्फरेंस और कैबिनेट मिशन। दोनों ब्रिटिश सरकार की पहल पर हुए और उनमें मुद्दा आज़ादी नहीं (जो सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर ली गई थी), आज़ाद भारत का प्रशासनिक ढांचा था। दोनों के असफल होने पर देश की आज़ादी और बंटवारा साथ-साथ हुआ। और युद्ध के बाद आज़ादी केवल भारत को नहीं, बर्मा, श्रीलंका, मलाया, सिंगापुर, फिलिस्तीन, जाम्बिया, गाम्बिया, केन्या, सूडान, युगांडा आदि सभी अफ्रो-एशियायी मुल्कों को मिल गई। इंग्लैंड के ही नहीं, फ्रांस, हॉलैंड और अन्य यूरोपीय राज्यों के उपनिवेशों को भी। उपनिवेश युग का ही अंत हो गया। खांटी इतिहास बहुत बेरहम चीज़ है। आदमी आदमी होता है, बिना ऐतिहासिक गढ़न्त के किसी आदमी की व्यक्ति पूजा की गुंजाइश नहीं बनती। प्रायः अपवाद तो हर जगह होते ही हैं।

## सोशल फोरम

# नरगिस और बच्चों की फ़िल्म

उन दिनों नरगिस-सुनील दत्त की शादी हुए पंद्रह-सोलह साल हो चुके थे। नरगिस जी को फ़िल्में छोड़े भी मुद्दत हो चुकी थी। फिर भी कोई न कोई प्रोड्यूसर-डायरेक्टर स्क्रिप्ट लिए उनके आगे-पीछे घूमता रहता। मोटी रक़म देने की भी पेशकश करता, इस उम्मीद में कि शायद नरगिस जी मान जाएं। लेकिन नरगिस जी का हर बार एक ही जवाब रहा- नहीं। नहीं का मतलब बिलकुल नहीं, और वो भी पक्का नहीं।



वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

एक दिन जैमिनी फ़िल्म कंपनी के एस.एस.वासन ने मद्रास से फ्लाईट पकड़ी और सीधे नरगिस के घर पहुंचे। उनके हाथ में एक पॉवरफुल स्क्रिप्ट थी, पूरी तरह से नारी केंद्रित। यूं समझिए कि 'मदर इंडिया' जैसी ही। उन्हें पक्का यक़ीन था नरगिस स्क्रिप्ट सुनते ही उछल पड़ेंगी। मगर नरगिस जी ने बिना स्क्रिप्ट सुने ही न कर दी। वासन ने आग्रह किया, एक बार स्क्रिप्ट सुन तो लें। फिर आगे आपकी मर्ज़ी। और एक बात ये भी नोट कर लें कि ये स्क्रिप्ट आपके लिए ही लिखी गई है। अगर आपने न कर दी, तो फिर इस पर फिल्म भी नहीं बनेगी, स्क्रिप्ट फाड़ कर फेंक दूंगा।

नरगिस ने स्क्रिप्ट सुनी। वाकई बहुत ही अच्छी थी, पॉवरफुल ड्रीम रोल था। कोई भी होता फ़ौरन तैयार हो जाता, बिना पैसा लिए। नरगिस ने पूछा-कितना पैसा देंगे? वासन साहब ने चेकबुक सामने रख दी- मैंने चेक पर सिग्नेचर कर दिए हैं। रक़म आप भर लीजिए, जितनी भी चाहें। नरगिस थोड़ी गंभीर हुईं - मुझे दिलीप कुमार से ग्यारह गुनी ज़्यादा रक़म चाहिए। (उन दिनों दिलीप कुमार सबसे महंगे स्टार माने जाते थे।)

वासन साहब ने एक क्षण भी नहीं लिया सोचने में। बोले- मुझे कोई ऐतराज़ नहीं। चेकबुक आपके सामने रखी है।

नरगिस जी मुस्कुराईं-शुक्रिया वासन साहब। बहुत ही अच्छी स्क्रिप्ट है। लेकिन फिर भी ये फ़िल्म मैं नहीं करूंगी। मैं पहले से ही एक फिल्म कर रही हूं और उसमें बहुत ज़्यादा व्यस्त हूं, क्षण भर के लिए भी फ़ुरसत नहीं है। वासन साहब को हैरानी हुई-कौन सी फिल्म? नरगिस हंसीं-बच्चों की ज़िंदगी की फिल्मये कहते हुए नरगिस जी पास ही में खेल रहे अपने तीनों बच्चों की तरफ देखने लगीं।

-फेसबुक वॉल से

# मोबाइल है या हथगोला

सुबह चाय पी रहे थे। अचानक मोबाइल बजा। वीडियो काल थी। जिस नंबर से काल आई वह हमारी संपर्क सूची में नहीं था। नाम किसी महिला का दिखा रहा था। हम काल उठाने ही वाले थे। तब तक हमको तमाम 'साइबरिया' हिदायतें याद आ गईं। उनमें से एक यह भी थी- 'किसी अनजान नंबर से वीडियो काल नहीं उठानी चाहिए।' इसके अलावा और भी तमाम लफड़े याद आ गए। हमने फ़ौरन फ़ोन काट दिया। बाद में देखा फ़ोन नंबर भारत का था। नाम परिचित सा था लेकिन संपर्क सूची में नहीं था।

ऐसा आजकल अक्सर होता है। आए दिन अनजान नंबर से कई काल आते हैं। कभी बैंक के नाम पर, कभी बीमा के नाम पर। कभी क्रेडिट कार्ड के बारे में, कभी लोन के नाम पर। क्रेडिट कार्ड का अलग मज़ा है। हमने कुछ ख़रीदारी की ताकि क्रेडिट कार्ड का उपयोग चलता रहे। जैसे ही ख़रीद की अगले ने फोनियाना शुरू किया- 'आप इसका भुगतान आसान किस्तों में कर सकते हैं। मतलब ईएमआई में।' हमने हर बार कहा- 'भईये, हमारे पास पैसे हैं। हम बिल आते ही भुगतान करेंगे।' लेकिन क्रेडिट कार्ड वाली मैडम हमको बार-बार समझाने पर तुली हैं- 'जब एक सुविधा मिल रही है तब उसका उपयोग कर लेना चाहिए आपको।' हम समझ नहीं पा रहे हैं कि क़र्ज़ में डूबे रहना कहां से फ़ायदेमंद है। आम इंसान को लगता है कि क़र्ज़ जितनी जल्दी निपट जाए उतना अच्छा। हम कोई ग़ालिब थोड़ी हैं जो क़र्ज़ की पिएं और शेर लिखें: "क़र्ज़ की पीते थे मय लेकिन समझते थे कि/ हां, रंग लाएगी हमारी फाका-मस्ती एक दिन।"



अनूप शुक्ल
कानपुर

सुना है अमेरिका में लोग सब कुछ ईएमआई पर ख़रीदते हैं। लेकिन हम अभी अमेरिका से 12369 किलोमीटर दूर हैं। इसी तरह के संदेशे भी आते रहते हैं। पिछले पांच सालों में पांच संदेश भी नहीं आए होंगे जो हमारे काम के हों। सब अगड़म-बग़ड़म संदेश। उस पर तुर्रा मेल से आता रोज का नोटिफ़िकेशन - 'आपका फ्री मेल स्पेस ख़त्म हो गया है। मेल जारी रखने के लिए या तो नया स्पेस ख़रीदें या मेल में जगह ख़ाली करें।' लगता है ये मेल वाले दुनिया भर का कूड़ा-करकट मंगवा के मेल बक्सा भर लेते हैं इसके बाद कहते हैं- 'जगह ख़रीदों वरना मेल आने बंद हो जाएंगे।' अजब दादागिरी है। रोज झाड़ू लिए मेल बक्सा ख़ाली करते रहो ताकि बाज़ार अपना कूड़ा हमारे मेल बक्से में भरता रहे।

आज तो दुनिया भर के नोटिफ़िकेशन मेल, वहात्सएप और दीगर रास्तों से मोबाइल में आता रहता है। दुनिया मुट्ठी में करने के बहाने अपन दुनिया की मुट्ठी में बंद हो गए हैं। लोग कहते हैं कि सावधान रहो लेकिन कितना सावधान रहें? आजकल सब काम तो मोबाइल के भरोसे हो गए हैं। आप कोई सामना मंगवाओ तो डिलीवरी की सूचना मोबाइल पर आएगी। कुछ भी काम करो तो मोबाइल नंबर ज़रूरी। लोगों के पास अपना आधार नंबर भले न हो लेकिन मोबाइल नंबर ज़रूर होगा। आज के दिन इंसान खाने बिना दिन भर भले रह ले लेकिन मोबाइल और नेटवर्क के बिना उसकी तबियत नासाज़ होने लगती है। मोबाइल ने हमको जितना सूचना संपन्न बनाया है उतना ही डरपोक भी बनाया है। कहीं किसी प्रियजन का मोबाइल घंटे भर न मिले तो धुकुर-पुकुर, कहीं कोई अनजान नंबर से काल आया तो संसय, फ़ोन उठाएं तो डर और न उठाएं तो चिंता कोई ज़रूरी संदेश ने छूट गया हो। इन चिंताओं से बचाव के कितने भी एसओपी बना लिए जाएंगे लेकिन इंसानी ज़ेहन से उसकी मैपिंग सबके लिए संभव नहीं। कहीं न कहीं चूक तो हो ही सकती है। हो ही जाती है। संदेश नोटिफ़िकेशन वाली बात तो फिर भी बर्दाश्त हो जाती है। लेकिन ये जब से डिजिटल अरेस्ट, वीडियो कालिंग वाली खबरें सुनी हैं तब से लगता है हाथ में मोबाइल नहीं हथगोला लिए चल रहे हैं। हर अनजान काल से लगता है कि इसको उठाते ही हथगोले का पिन निकल जाएगा और हमको काम भर का घायल कर जाएगा।

# बंद होती छोटी किराना दुकानें

आल इंडिया कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर फेडरेशन ने एक रिपोर्ट में बताया कि देश भर की किराना दुकानें अपना अस्तित्व बचाने के संकट से जूझ रही है। दैनिक उपभोग के किराना सामान बेचने वाले दुकानदारों पर किए गए सर्वे के अनुसार विगत कुछ समय में देश भर में करीब दो लाख छोटी दुकानें बंद हो गईं। क्विक कॉमर्स की अग्रेसिव मार्केटिंग और ग्राहकों को बदलती पसंद के कारण इन छोटे दुकानदारों को अपनी दुकानें बंद करने को मजबूर होना पड़ रहा है। बंद होने वाली दुकानों में 45 प्रतिशत महानगरों में थी।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

उपभोक्ता ब्लिंकिट, अमेजोन ज़ेप्टो, स्विगी जैसे क्विक सप्लाई वाले प्लेटफार्म की ओर रुख कर रहे हैं जिनका सामान औसत से 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक सस्ता होता है। टाइम इज़ मनी वाले इस दौर में लोग डिलीवरी चार्ज और हैंडलिंग चार्ज दे कर भी सामान लेने को तैयार हो रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार ई-कामर्स प्लेटफार्म की बिक्री इस साल 6 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है, जिस तरह से आन लाइन सामानों की बिक्री बढ़ रही है।

फेडरेशन ने इस बारे में खुदरा उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रख कर नियम बनाने की मांग की है। फेडरेशन ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग को पत्र लिख कर बड़े ई कामर्स प्लेटफार्म के मूल्य की जांच कराने की मांग की है। फिलहाल ई कामर्स का प्रसार बड़े और मध्यम शहरों में हुआ है। धीरे-धीरे इसका चलन छोटे शहरों और कस्बों में भी तेजी पकड़ रहा है। अब देखना है कि आने वाले समय में यह छोटे स्टोर और दुकानदारों पर कितना असर डालेगा।

## एक नजर

### बस पलटने पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के कुंडरा गांव के समीप रूरा शिवली मार्ग पर 5 नवंबर को शिवली से रूरा की तरफ सवारियां लेकर आ रही निजी बस अनियंत्रित हो पलट गई थी। जिसमें घायल हुए यात्रियों की तरफ से विमला निवासी कल्याणपुर कानपुर नगर ने घायल हुए अपने पुत्र मोहित व अन्य यात्री श्याम किशोर,विजय कुमार, सर्वेश कुमार, वा स्वाती की तरफ से लापरवाही से तेजी से बस चला रहे अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

### पिता-पुत्र समेत तीन पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**रूरा:** नवाबपुरवा गांव के रहने वाले रामस्वरूप ने बताया कि शाम को जब पीड़ित की पुत्री घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी। उसी दौरान पड़ोस के रहने वाले नन्दकिशोर नशे में गालियां देने लगा। जब उसकी पुत्री ने गाली देने से मना किया। तो वह अपने पुत्रों अभिषेक और विवेक के साथ आया और मारपीट करने लगा। जिससे पीड़ित के हाथ में गंभीर चोटे आई है। थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### कूड़ा गाड़ी के टायर ले गए चोर

**रूरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गैजूमऊ के मजरा भुलानीपुरवा निवासी नीरज ने थाना रूरा में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह ग्राम पंचायत की ई कूड़ा गाड़ी चलाता है। जिससे ग्राम पंचायत का कूड़ा एकत्रित किया जाता है। मंगलवार की रात को वह चार्जिंग के लिए गाड़ी को घर बाहर लगा कर सो गया। सुबह देखा तो उसकी ई लोडर गाड़ी से स्टेपनी का टायर सेट गायब था। थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने बताया की मौके पर पुलिस को भेजा गया है।

### बाइक की टक्कर लगने से छात्रा घायल

**सिकंदरा।** कस्बे के मुगल रोड पर बुधवार शाम को कक्षा 9 की छात्रा को घर जाते समय बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गई। सिकंदरा थाना क्षेत्र के जमुआं की मड़ैया निवासनी छात्रा पूजा देवी साइकिल से घर जा रही थी। पीछे से आ रहे मोटर साइकिल सवार ने उसे टक्कर मार दी। लोगो ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

# एकजुट रहना, बंटना नहीं: केशव प्रसाद

○ भाजपाइयों को एक रहने का मंत्र दिया ○ उप मुख्यमंत्री ने मोदी व योगी सरकार की गिनाई उपलब्धियां

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** अच्युत ब्रम्हधाम अखण्ड परमधाम में चल रहे 32 वें भक्ति योग वेदान्त सन्त सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे उप मुख्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाकर एक जुट रहने का सन्देश दिया। कथा व्यास पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने माला भेंट कर उनका स्वागत किया। हैलीकाप्टर से पहुंचे उप मुख्यमंत्री ने आधे घण्टे के भाषण में सरकार की उपलधियां गिनाई।



संबोधन करते उपमुख्यमंत्री।



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को मांग पत्र देती साध्वी निरंजन ज्योति। अमृत विचार

उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने व्यास पीठ को प्रणाम कर दीप प्रज्जलन किया। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने जो वादे किया उनको पूरा किया है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी ने राम भक्तों की भवानाओं का ध्यान रखते हुए अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण कराया। साथ ही कहा कि भाजपा ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 को खत्म किया।

अब देश का कोई भी नागरिक जम्मू कश्मीर में जमीन खरीद सकता है। चाहे देश या प्रदेश की सरकार हो दोनों ही गांव गरीब किसान के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री गरीब आवास योजना के माध्यम से सबसे ज्यादा आवास देने का काम सरकार ने किया है। वहीं गरीबों को मुफ्त राशन योजना का लाभ दिया जा रहा है। योगी सरकार में भ्रष्टाचार व गुण्डाराज से मुक्ति मिली है।

उन्होने कहा कि हमें एकजुट रहना है,बंटना नहीं है। समाज के बांटने व झूठा वादा करने वाली पार्टियों को बाहर का रास्ता दिखाना है। जुमलेबाजी नहीं चलेगी। जनता के सहयोग से हमारी पार्टी ने हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाई है। अब झारखण्ड की बारी है। भाजपा कार्यकर्ता राजेन्द्र निषाद,राजेन्द्र अग्रवाल,हेमन्त राज त्रिपाठी,मधुराज सिंह आदि ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में खागा विधायक कृष्णा पासवान,ब्रजकिशोर गुप्ता,विद्यासागर त्रिपाठी,राजीव सोनी,राजकुमार सिंह,राजू चैहान, संजय निषाद,पवन निषाद, सत्येन्द्र कुमार, विकास निषाद समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खाद विक्रेता के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

● आधा दर्जन खाद विक्रेताओं को तीन महीने के लिए किया गया डिबार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला कृषि अधिकारी उमेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि तहसीलदार रसूलाबाद एवं वरिष्ठ प्राविधिक सहायक उर्वरक निरीक्षक के द्वारा तहसील के कृष्णा खाद भण्डार सिठाउमताना की दुकान में अनियमितता होने पर उर्वरक स्टाक को सीज कर दिया गया था। जिसका सत्यापन कराने पर चौहद्दी में भिन्नता पाए जाने पर दुकानदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। साथ ही यूरिया टॉप-20 बायर्स में प्रदर्शित हो रहे उर्वरक विकेताओ की जांच जिलाधिकारी द्वारा करायी गयी।

जांच में दोषी पाये गये उर्वरक विक्रेताओं बाला जी खाद भण्डार अकबरपुर, मां कालिका खाद भण्डार मोहाना, शिव खाद भण्डार अकबरपुर, सचान टेडर्स कुरवा खुर्द माती, मां रतनगढ बीज एवं खाद भण्डार नाहरपुर एवं जय बाला जी खाद भण्डार जिठौली का उर्वरक ब्रिक्री प्राधिकार पत्र निलम्बित करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया था। स्पष्टीकरण संतोषजनक न होनें के कारण इनका उर्वरक बिक्री प्रधिकार पत्र तीन माह के लिये यूरिया बिक्री के लिये डिबार कर दिया गया। तिवारी टेडर्स बरौर एवं धर्मेन्द खाद भण्डार माचा का उर्वरक बिक्री प्राधिकार पत्र निलम्बित करते हुये स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि निर्धारित दर पर आधार कार्ड, खतौनी व फसल संस्तुति के आधार पर उर्वरकों का वितरण किया जाए।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण की आज होगी समीक्षा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

● इच्छुक व्यक्ति अपने सुझाव कर सकते हैं प्रस्तुत
● 9454417502 मोबाइल नंबर पर भी सुझाव दे सकते

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित दावे और आपत्तियों प्राप्त करने की अवधि 28 नवंबर तक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयुक्त, कानपुर मण्डल अमित गुप्ता को रोल प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

आयुक्त, कानपुर मण्डल गुरुवार को माती मुख्यालय सभागार में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करेंगे।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अपना सुझाव देने का इच्छुक है तो वह नियत समय पर उपस्थित होकर अपना सुझाव आयुक्त कानपुर मण्डल के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। इसके साथ ही मोबाइल नंबर 9454417502 पर भी लोग अपने सुझाव दे सकते हैं। आए सुझावों पर विचार करके उस पर निर्णय लिया जाएगा।

# दिल्ली से कार में रख कर गांजा लाए 2 तस्कर किए गए गिरफ्तार

संवाददाता शिवली

● शिवली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कार सवार दो आरोपियों को पकड़ा

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस कार सवार दो युवकों को 5 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर चलाए जा रहे अपराधियों के धर पकड़ अभियान के तहत शिवली थाना प्रभारी हरमीत सिंह,औनहां चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह,दीवान बृजेश कुमार,आरक्षी राज दीप,वैभव व सत्यवीर भेवान बस अड्डे पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। उसी समय शिवली की तरफ से एक कार आती हुई दिखाई पड़ी। पुलिस को देख कार चालक ने केसरीनिवादा नहर पटरी की तरफ तेज रफ्तार से कार भगाई। पुलिस ने पीछा कर उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर कार के अंदर से 5 किलो गांजा बरामद किया गया। पकड़े जाने पर कार में चालक की सीट पर बैठे मरहमताबाद गांव निवासी पुष्पेन्द्र सिंह यादव, कार सवार कंजड़डेरा केसरी निवादा गांव के दिलदार से कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों युवकों ने उक्त गांजे को दिल्ली से खरीद कर क्षेत्र में सप्लाई कर पैसे कमाने की बात स्वीकार की। पुलिस की तलाशी में तीन मोबाइल फोन व तौलने की इलेक्ट्रॉनिक्स मशीन भी बरामद की गई है। चर्चा रही कि ज्यादा गांजा पकड़ा गया। हालाकि पुलिस ने इससे इंकार किया है। थाना प्रभारी हरमीत सिंह ने बताया कि दोनों अभियुक्तों को एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।



पुलिस गिरफ्त में दोनों आरोपी।

## सार-संक्षेप



रासलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### श्रीकृष्ण की बाल लीला का मंचन कर मोह लिया मन

**रूरा।** नवयुवक कमेटी के तत्वाधान में ग्राम कछीयनपुरवा बचीतपुरवा विकास खंड झींझक में रासलीला का आयोजन किया गया। मंगलवार रात श्रीधाम वृंदावन से आई राजराजेश्वरी रासलीला मंडल के द्वारा प्रस्तुति दी गई। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में कंस वध की लीला का मंचन किया गया। लीला के दौरान कंस ने मथुरा में उत्सव का आयोजन कर अपने मंत्री और रिश्तेदार अक्रूर को गोकुल भेजकर कृष्ण और बलराम को मारने के उद्देश्य से कूटनीतिपूर्ण मल्लयुद्ध का आयोजन किया। मल्लयुद्ध में कृष्ण और बलराम पहुंच गए तब रंगभूमि पर चाणूर और मुस्टिक नाम के मल्ल योद्धाओं ने कृष्ण और बलराम को युद्ध के लिए ललकारा। कृष्ण जी चाणूर से और बलराम मुस्टिक से मल्ल युद्ध करने लगे। मल्ल युद्ध के दौरान श्रीकृष्ण ने चाणूर को उठाकर हवा में घुमाते हुए धरती पर पटक दिया, जिससे उसके प्राण निकल गए। दूसरी ओर बलराम जी ने भी मल्ल युद्ध में मुस्टिक को मार दिया। लीला देखकर भक्त भाव विभोर हो गए। रासलीला का मंच संचालन शिक्षक दलबीर सिंह कुशवाहा ने किया। अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह कुशवाहा, पटरे मिस्त्री, एनडी कुशवाहा, आजाद, विजय सिंह, संतोष,प्रताप सिंह, संग्राम सिंह, बलराम सिंह, गुरु सविता, अशोक कुशवाहा, अजय प्रताप सिंह, रोहित, मोहित, गोविंद राजावत, जेपी पाल प्रधान प्रतिनिधि, सोबरन सिंह, रामपाल आदि मौजूद रहे।



राजपुर पुलिस की गिरफ्त में बाइक चोरी के आरोपी। अमृत विचार

### चोरी की बाइक समेत तीन गिरफ्तार

**राजपुर।** राजपुर थाना पुलिस ने बुधवार को एक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी के एक मोटरसाइकिल बरामद की है। बाइक चोर काफी समय से चोरी की वारदात कर रहे थे। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों युवकों को जेल भेजा है। राजपुर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि बुधवार को वह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में अपराधियों की तलाश में गश्त पर थे। नैनपुर गांव के पुलिया के समीप चौधरी नरेंद्र सिंह एजुकेशन सेंटर के सामने एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक रमऊ गांव की ओर जाते दिखाई दिए। पुलिस ने बाइक रोकने का इशारा किया। बाइक सवार पुलिस को देख भागने लगे। घेराबंदी कर पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान बाइक सवारों ने छोटू निवासी शाहजहांपुर, सौरभ निवासी कथरी थाना सटटी तथा अंकित बाबू निवासी कथरी बताया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कडाई से पूछताछ करने पर बताया कि तीनों ने यह बाइक पुखरायां तहसील से कुछ दिन पहले चोरी की है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि तीनों युवकों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।



जीते पदाधिकारियों का स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

### अध्यक्ष पद पर बृजेश, मंत्री पद पर आदित्य ने बाजी मारी

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई के जिला स्तरीय शिक्षक संघ का चुनाव अकबर बीआरसी में बुधवार भारी गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ। चुनाव में अध्यक्ष पद पर बृजेश यादव व मंत्री आदित्य गौतम ने बाजी मारी। समर्थकों ने फूलमाला से लादकर इनका स्वागत किया। अध्यक्ष पद पर बृजेश यादव और राजेंद्र बाबू यादव व मंत्री पद के लिए आदित्य गौतम और आनंद मिश्रा ने नामांकन किया। अध्यक्ष पद पर बृजेश यादव ने 255 मत पाकर राजेंद्र बाबू को 81 वोट से मात दी। मंत्री पद पर आदित्य गौतम 251 वोट पाकर आनंद मिश्रा से 43 मतों से विजयी हुए। मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष संदलपुर दीपक कटियार, ब्लॉक अध्यक्ष राजपुर सुरेंद्र कटियार, ब्लॉक अध्यक्ष रसूलाबाद बृजमोहन यादव,सरवनखेड़ा मंत्री आदित्य राव सुमन, इआरपी संदलपुर गौरव राजपूत व मो. शमी, संजय राजपूत सोनू सिंह, प्रदीप तिवारी, अंकित सेंगर,बृजेश राजावत, महेंद्र वर्मा, अशोक कुमार, बलराम शंखवार, आशीष कुमार के सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

### विवाहिता का उत्पीड़न करने की रिपोर्ट दर्ज

**मंगलपुर।** दहेज में सोने की चेन व अंगूठी न मिलने पर ससुरालीजनो ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थाना डेरापुर क्षेत्र के कुनावल गांव निवासी वंदना पुत्री राजकुमार ने मंगलपुर पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र मे बताया कि मेरी शादी वर्ष 2021 मे थाना क्षेत्र के ताली गांव निवासी शंकरानन्द के साथ हिंदी रीति रिवाज के साथ दान दहेज के साथ संपन्न हुई थी।शादी के कुछ दिनों बाद बाद ससुराली जन दहेज मे एक सोने की चेन व अंगूठी की मांग करने लगे। मायके वालों के असमर्थता जताने पर पति शंकरानन्द, सास रामदुलारी, देवर ब्रम्हानंद, ननद नीलम, मीना, सुशीला ने मेरे साथ मारपीट करते हुए घर से भगा दिया। थाना पुलिस ने ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।



बच्चों को पाठ्य सामग्री देते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

# पुलिस ने बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

संवाददाता रूरा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में थानाध्यक्ष रूरा जेपी शर्मा और पुलिस लाइन माती के प्रतिसार निरीक्षक पवन कुमार ने एक कार्यक्रम में बेसहारा व जरूरतमंद बच्चों को शैक्षिक सामग्री दी। दुलार दिखाते हुए बाल दिवस की पूर्व संध्या पर उनके साथ होने का भरोसा दिलाया। यहां कार्यक्रम का संचालन राज्य अध्यापक अवार्डी नवीन कुमार दीक्षित ने किया। आभार प्रदर्शन प्रधानाध्यापक शनेन्द्र सिंह तोमर ने किया। रूरा थाना प्रभारी व प्रतिसार निरीक्षक ने एक बार फिर अपने व्यवहार से लोगों का दिल जीता।

दोनो अधिकारियों ने रूरा चौकी इंचार्ज राकेश सिंह, सिठमरा चौकी प्रभारी अविनेश चौधरी,एसआई लक्ष्मन सिंह के साथ सिठमरा चौकी पहुंचकर बिना पिता के जरूरतमंद बच्चों को सिठमरा चौकी बुलाकर उन्हें बाल दिवस की पूर्व संध्या पर बधाई दी। साथ ही किसी भी प्रकार की जरूरत होने पर जानकारी देने की बात कही। जिससे उनकी और मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि वह हमेशा गरीब असहाय व जरूरतमंदों के साथ हैं। इस अवसर पर एनसीसी के लेफ्टिनेंट वीरसिंह पाल,समाज सेवी गोपी किशन सिठमरा चौकी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## प्रतियोगिता में छात्राओं के प्रदर्शन से छाई खुशी

**पुखरायां।** कस्बा के रामस्वरूप ग्राम उद्योग परास्नातक महाविद्यालय की छात्राओं ने जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिता में महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

बुधवार को राजकीय डिग्री कॉलेज शहजादपुर अकबरपुर में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में अर्चिता पाल ने जनपद में प्रथम स्थान तथा जेवा ने तृतीय स्थान अर्जित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में सहाना खातून ने द्वितीय स्थान पाकर महाविद्यालय का जनपद स्तर पर परचम फहराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हरीश कुमार सिंह ने बताया कि क्रीड़ा प्रशिक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में तेरह सदस्यीय टीम का गठन कर सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिता में भाग लेने भेजा गया।

# तमंचा, कारतूस सहित दो शातिर पकड़े गए

पुखरायां संवाददाता

**अमृत विचार।** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान दो अलग-अलग जगहों से दो युवकों के पास से एक देशी तमंचा व एक पिस्टल बरामद कर गिरफ्तार कर जेल भेजा है।



अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने बताया कि गश्त के दौरान अमरौधा कस्बा के समीप पहुंचने पर एक युवक संदिग्ध हालात में आता दिखाई दिया। शक होने पर उसे जब रोकने का प्रयास किया गया तो वह भागने लगा। पुलिस ने पकड़कर युवक की तलाशी ली तो उसके पास से एक देशी पिस्टल व एक कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गये युवक ने अपना नाम अनफ़ासुल कुरैशी निवासी टण्डन बाजार अमरौधा बताया है। दूसरी ओर भोगनीपुर कोतवाली के उपनिरीक्षक अवनीश कुमार वर्मा ने बताया कि गश्त के दौरान पिलखनी गांव के समीप संदिग्ध युवक की तलाशी में तमंचा 315 बोर व एक कारतूस बरामद किया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम अभिषेक शुक्ला उर्फ लकी निवासी गदाईखेड़ा बताया है। भोगनीपुर क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि भोगनीपुर पुलिस के द्वारा पकड़े गये दोनों युवकों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया।



तुलसी विवाह में मौजूद लोग। अमृत विचार

# धूमधाम से किया तुलसी शालिग्राम का विवाह

**कानपुर देहात।** अकबरपुर नगर में तुलसी विवाह उत्सव का कार्यक्रम बुधवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। जिसमें वर के रूप में प्रभु शालिग्राम और कन्या के रूप में तुलसीजी का शुभ पाणिग्रहण संस्कार वैदिक विधि से आचार्यों के द्वारा सम्पन्न करवाया गया। वर पक्ष की ओर से पंडित संतोष अवस्थी व संस्कृत विद्यालय के अध्यापक योगेश्वर अवस्थी और उनकी पत्नी अंजुला अवस्थी तथा कन्या पक्ष की ओर से जय मां विंध्यवासिनी साड़ी भंडार के प्रोपराइटर रामौतार ओमर व उनकी पत्नी अनीता ओमर व्यवस्था व सेवा में रहे।

अकबरपुर के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी योगेश्वर अवस्थी के निज निवास से गाजे बाजे के साथ बारात का शुभारंभ हुआ जो कि ओवरब्रिज, स्टेटबैंक रोड, पावरहाउस रोड, बड़ी बाजार व सदर बाजार होते हुए आर्य समाज मंदिर में पहुंची। जहां पर समस्त वैवाहिक कार्यक्रम विधान पूर्वक संपन्न हुए। बारात भ्रमण के दौरान कई स्थानों पर स्वागत व जलपान की व्यवस्था भक्तों द्वारा की गई।

भागवत कथा | कथावाचक पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने सुनाई कथा

# कृष्ण–रुक्मिणी विवाह की कथा में लगे जयकारे

संवाददाता मूसानगर

**अमृत विचार।** 32 वें में भक्ति योग वेदान्त संत सम्मेलन एंव श्रीमद भागवतकथा शतचंडी महायज्ञ के छठवें दिन कथावाचक पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने कृष्ण रुक्मिणी विवाह और कंस वध की कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए।

उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने गोकुल में दस वर्षों तक लीला की। इस बीच कंस ने उन्हें मरवाने के लिए पूतना, बकासुर सहित कई दैत्यों को भेजा। जो सब मारे गए। उधर मथुरा पहुंचकर नारद मुनि ने कंस का हाल लिया कंस ने कहा कि कृष्ण अभी तक जीवित है। तब नारद ने उन्हें उपाय बताया कि एक धनुष यज्ञ का आयोजन कीजिए।कंस ने अक्रूर को नन्द बाबा के घर कृष्ण को लेने के लिए पहुंचाते हैं। अक्रूर जी कंस के धनुष यज्ञ में जाने का संदेश देते हैं।अक्रूर के साथ कृष्ण और बलराम रथ में बैठकर गोकुल से मथुरा में कंस के यहां पहुंचते हैं। वहां पर श्रीकृष्ण कंस समेत कई दैत्यों का वध कर देते हैं। इसके बाद रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई गई। कथा के दौरान मुख्य रूप से व्याकरणाचार्य साध्वी परमशान्ति,साध्वी निर्मल ज्योति, स्वामी वेदानन्द गिरि, स्वामी कूटस्था नन्द, स्वामी उमेशानन्द, स्वामी प्रेमप्रकाशानन्द, राजेंद्र निषाद सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे। दूसरी तरफ बुंदेलखंड रक्तदान समिति के तत्वाधान में जिला चिकित्सालय हमीरपुर के चिकित्सकों ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया । इसमें एक दर्जन लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। बुंदेलखंड रक्तदान समिति हमीरपुर के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक निषाद गुरु ने बताया कि उन्होंने अब तक स्वयं 32 बार रक्तदान कर चुके हैं। अभिषेक शुक्ला ,राजेंद्र कुमार निषाद ,विजय कुमार,संजय कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार,राघवेंद्र सिंह, शिवम, शशि देवी, बलराम सिंह, विजय कुमार, सुमित, डॉ महेंद्र सिंह, लैब टैक्नीशियन भूपेंद्र, कुलदीप आदि मौजूद रहे।



कथा सुनाती साध्वी निरंजन ज्योति।



ज्योति गांव में भागवत कथा से पहले निकली कलश यात्रा। अमृत विचार

### कलश यात्रा के बाद भागवत शुरू

■ **शिवली।** ज्योती गांव में श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पवित्र जल वापस लेकर लौटी। कथा का शुरुआत कथावाचक आचार्य पं मनोज द्विवेदी मृदुल जी महाराज ने की। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण कल्याणकारी है। इस मौके पर सत्येंद्र कुमार सिंह, छत्रपाल सिंह, रवीन्द्र पाल सिंह मौजूद रहे।

## एक नजर

### घायल युवक ने दम तोड़ा

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर तकिया चौराहा के पास विवेक रावत पुत्र लालता प्रसाद निवासी गांव आदर्धनी की बाइक बांगरमऊ से वापस आते समय लखनऊ से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई। जिसमें विवेक गंभीर घायल हो गया। उसको एंबुलेंस से सीएचसी फतेहपुर चौरासी लाया गया। जहां से उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि विवेक की जिला अस्पताल में मौत हो गई है। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सहन की जमीन पर दरवाजा खोलने का आरोप

**औरास।** थानाक्षेत्र के गांव स्वयंवर खेड़ा के मजरा बछौली निवासी रानी देवी पत्नी स्व. शिव कुमार ने थाना औरास में शिकायतीपत्र देकर आरोप लगाया कि उसके घर के सामने उसकी सहन की जमीन पड़ी है। मंगलवार देररात करीब एक बजे घर के सामने रहने वाले सजीवन पुत्र जोधा, प्रेम कुमार, दुर्गा पुत्र सजीवन ने मिलकर जबरदस्ती मोहरा फोड़ लिया। आवाज आने पर उसने इसका विरोध किया तो उन लोगों ने गालीगलौज की और मारपीट पर अमादा होते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने में शिकायतीपत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### द्वादश ज्योर्तिंग मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक अनुष्ठान

**उन्नाव।** शहर के सिविल लाइंस स्थित मां कल्याणी मंदिर में बुधवार को द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में रुद्राभिषेक अनुष्ठान हुआ। जिसमें आचार्य जुगल किशोर तिवारी के नेतृत्व में कुमार नेहल, कव्या, ममता चतुर्वेदी, वर्षा द्विवेदी, सोनी, पंकज अवस्थी, अंशु पांडेय, दीपक पांडेय, स्मृति अनंत मिश्रा, कुमार हरि, ओम मिश्रा, नीलम पांडेय, विमला, आदित्य शुक्ला ने सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, ओंकार, बैद्यनाथ, विश्वनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वर, नागेश्वर, त्र्यंबकेश्वर, केदारनाथ व घुश्मेश्वर का श्रृंगार व पूजन किया।

### युवक को पीटने की रिपोर्ट

**शुक्लागंज।** हसनगंज कोतवाली अंतर्गत मोहान निवासी एक दलित युवक से गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर मोहल्ले के तीन व्यक्तियों ने मारपीट की। सुजान रैदास ने तहरीर में बताया कि बुधवार को वह श्रीनगर गया था। जहां होली चौराहा निवासी विनीत सिंह और उसके दो साथियों ने उसे पीटा। आरोपियों ने उसे जातिसूचक गालियां भी दीं। पीड़ित की तहरीर पर मारपीट व एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# रोडवेज बस ने मां- बेटे को रौंदा, दोनों की गई जान

## लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अचलगंज थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


ज्योति।


रौनक।

**अमृत विचार।** पति के साथ एक वर्षीय बीमार बच्चे की दवा लेने जाते समय तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मां और बच्चा उछलकर बस के पहिए के नीचे आ गए। इसमें दोनों की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर गिरने से पति को भी चोट आई है। हादसा लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अचलगंज थानाक्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र बंथर के गेट संख्या दो के सामने हुआ। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू की।

बता दें कि नयाखेड़ा गांव निवासी सोनू साहू के एक वर्षीय बेटा रौनक उर्फ दिव्यांश बुखार से पीड़ित था। उसे आराम न मिलने पर सोनू बेटे को एक निजी डॉक्टर को दिखाकर दवा लेने पत्नी ज्योति (22) के साथ बुधवार शाम करीब छह बजे निकला था। तभी अचलगंज थानाक्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र बंथर के गेट संख्या दो के सामने लखनऊ-कानपुर हाईवे पर वह बाइक से सड़क पार कर रहा था। तभी कानपुर से आई तेज रफ्तार बस ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें पीछे बैठी ज्योति गोद में लिए मासूम बेटे के साथ टक्कर लगने से उछलकर सड़क पर गिर गई। इसी दौरान बस उन्हें रौंदते हुए निकल गई। हादसे में मां-बेटे की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर गिरने से सोनू को मामूली चोट आई है। पत्नी व बच्चे का शव देख सोनू गश खाकर गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे पानी के छींटे मारकर होश दिलाया। इसके बाद हाईवे पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। बदरका चौराहा पर मौजूद पुलिस पहुंची और शवों को रोड से हटवाकर मोर्चरी भेजा।

इस दौरान हाईवे पर यातायात भी बाधित रहा जिसे पुलिस ने सुचारु कराया। मां-बेटे की मौत की खबर घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजन आनन-फानन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। ज्योति का मायका बीघापुर कोतवाली के अकवाबाद गांव में है। हादसे की खबर से मायका पक्ष भी बेहाल है। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि शवों को मोर्चरी में रखवाया गया है। रोडवेज बस का नंबर मिला है।

## एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर बेहोश मिला युवक

**बांगरमऊ उन्नाव।** ग्रामीणों ने लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर एक युवक को बेहोश पड़ा देख सूचना पुलिस को दी।

बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर बीती मंगलवार देरशाम गांव जोगीकोट के सामने एक युवक बेहोश पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। सूचना पर पहुंची बेहटा मुजावर पुलिस को युवक की जामातलाशी में भी नाम व पते का सुबूत नहीं मिल सका। इसलिए उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। सरकारी अस्पताल के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बेहटा पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बुधवार को सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसकी शिनाख्त संजय कुमार (32) पुत्र गंगा प्रसाद निवासी गांव रूरी सादिक पुर के रूप में की। परिजनों ने बताया कि संजय बीती मंगलवार शाम बाइक से घर से निकला था। फिर वापस नहीं आया।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं व विद्यालय स्टाफ। अमृत विचार

# खेल से रक्त संचार में होती है बढ़ोतरी

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शारीरिक, मानसिक व उत्तम स्वास्थ्य के लिए क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. दिग्विजय नारायण के नेतृत्व में आयोजित इंडोर गेम्स का मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ। प्राचार्य डॉ. सदानंद राय ने फीता काटकर प्रतियोगिता की शुरुआत की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि खेल से रक्त संचार में बढ़ोतरी होती है। शरीर ऊर्जावान बनाता है। शरीर व मस्तिष्क स्वस्थ रहता है। खेल में हार जीत से ज्यादा प्रतिभाग करना महत्वपूर्ण है। बैडमिंटन में वासुदेव, शिव प्रकाश, सिद्धार्थ, नितिन, गौरव, गोविंद, अभिषेक, पारुल, नैंसी, शुभी, शशि, सौम्या, सिमरन गुप्ता ने तथा कैरम में जितेंद्र, साहिल गौतम, वासुदेव, गोविंद पाल, गौरव गौतम, सिद्धार्थ, शिवकुमार, नितिन, कृष्ण सिंह, अखिल प्रताप सिंह, सूरज, आकांक्षा पटेल, सौम्या, सिमरन, शुभी सिंह, पारुल, आंचल सिंह, अंशु, रोशनी, शशि, प्रियांशी यादव, ज्योति गौतम, निवेदिता, अंजली, आदि ने प्रतिभाग किया। जबकि टेबल टेनिस में वासुदेव व सूरज ने तथा शतरंज में शुभी सिंह, आंचल सिंह, महक शर्मा, निवेदिता, अंजली, वासुदेव, साहिल गौतम, आयुष, आदि ने भाग लिया। फाइनल गुरुवार को खेले जाएंगे। डॉ. सविता राजन, डॉ. रविराज वर्मा, डॉ. धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ. सुनीता निरंकारी, डॉ. अभय राजपूत, डॉ. शैलजा त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक, डॉ. ब्रिज किशोर गुप्ता, डॉ. सुमन देवी आदि ने आयोजन में सहयोग दिया।

# बड़े भाई की शादी के 6 दिन पहले छोटे ने की खुदकुशी

संवाददाता फतेहपुर, चौरासी उन्नाव

● शादी वाले घर में हादसे के बाद पसरा मातम

**अमृत विचार।** बड़े भाई की बारात जाने के छह दिन पहले छोटे भाई ने कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा। पोस्टमार्टम में उसकी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है।


कपिल।

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के हयासपुर गांव निवासी कपिल (20) पुत्र भगोने अपने भाइयों के साथ पंजाब प्रांत के लुधियाना शहर में मजदूरी करता था। बड़े भाई अनुज की शादी तय है। 19 नवंबर को उसकी बारात जानी है। शादी में शामिल होने के लिए वह छुट्टी लेकर गांव लौटा था। मंगलवार रात खाने के लिए पिता ने आवाज दी। लेकिन, वह कमरे से बाहर नहीं आया। इस पर पिता उसके कमरे में पहुंचे तो वहां कपिल का शव साड़ी के फंदे से कुंडे में लटका देख कर पिता की चीख निकल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कपिल पांच भाइयों में छोटा था। उसकी मौत से घर में मातम पसरा है। चर्चा रही कि युवक शराब का लती था। उसकी भी शादी की बात चल रही थी। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि युवक के फांसी लगाने की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## धान व्यापारी ने पिता-पुत्र से की मारपीट

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कसरौर निवासी रामआसरे ने धान व्यापारी पर मारपीट का आरोप लगा कर पुलिस को शिकायत की।

बताया कि धान का सौदा एक व्यापारी से तय हुआ। 12 नवंबर की दोपहर उसे धान तौलाने खेत आना था। व्यापारी दोपहर को नहीं आया। वह रात 8 बजे अपने सात साथियों के साथ धान तौलने खेत पहुंचा। उस समय किसान खेत में मौजूद नहीं था। आरोप है कि मौके का फायदा उठाकर व्यापारी ने 18 बोरी धान खेत में छिपा दिए, शेष धान की तौल कर बोरी में भरकर लगा दिया। पीड़ित अपने बेटे शुभम के साथ खेत पहुंचा तो कम तौल होने पर शक हुआ, आसपास खेत में देखने लगा। चोरी पकड़े जाने के डर से व्यापारी व उसके साथियों ने बेटे शुभम और उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

# पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यकाल का लोग कर रहे स्मरण

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के सिविल लाइंस स्थित सपा कार्यालय में बुधवार को बैठक आयोजित हुई। इसमें पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने सैकड़ों लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियों व रीतियों से अधिकांश लोग प्रभावित हो रहे हैं और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यकाल को भी स्मरण किया जा रहा है कि जनहित में उनके द्वारा चलाई गई योजनाओं से समाज का हर वर्ग लाभान्वित हुआ था और प्रदेश में अमन चैन था। जबकि मौजूदा हालातों में युवा, किसान, बेरोज़गारी झेल रहा, किसानो पर महंगाई का बोझ इसी प्रकार हर वर्ग कही ना कही किसी ना किसी उत्पीड़न का शिकार है। वही विनोद कुमार पाल ने कहा कि हम सभी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर अपनी आस्था को जताते हुए। ये विश्वास दिलाते है कि पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुँचाने का काम हम सब मिल कर करेंगे 2027 में पुनः समाजवादी पार्टी की सरकार हम सभी मिलकर बनवायेंगे और इसी तरह पीडीए का करवा बढ़ता रहेगा। इस दौरान महासचिव हेमंत पाल, राजेश कुमार साधु, अजीत कुमार, राज नारायण पाल, राम किशोर पाल, एड. ओम प्रकाश पाल, मनीष सैनी, हाजी सैय्यद इरफ़ान, लवकुश राजपूत, मनोज मिश्र, पुष्पेंद्र पाल, उमेश पाल, कुलदीप पाल, पुष्पेंद्र पाल, वीरेंद्र यादव, महेंद्र यादव, आरडी पाल, देवेंद्र पाल, राम सजीवन पाल, सतीश यादव, योगेश दीक्षित, रमेश, रंजित, कमल यादव, राहुल यादव आदि लोग मौजूद रहे।



पार्टी कार्यालय में लोगों को पार्टी में शामिल कराते जिलाध्यक्ष राजेश यादव। अमृत विचार

● जिलाध्यक्ष की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने ली सपा की सदस्यता

# जिलास्तरीय प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** जिलास्तरीय प्रतियोगिता में युवाओं ने अपना दम दिखाया। जिला युवा कल्याण अधिकारी शिव राम सिंह ने बताया जिलास्तरीय ग्रामीण खेल लीग के द्वारा युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा बुधवार को तीसरे दिन की प्रतियोगिता शुरू हुई। शुरुआत दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम, जिला कीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने की। फाइनल मुकाबला सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। जिसमें सीनियर वर्ग की फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन हिलौली और बिछिया मध्य हुआ। इसमें हिलौली ने जीत दर्ज की। जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों द्वारा सिकन्दरपुर सरोसी और बिछिया के मध्य रोमाचंक मुकाबला हुआ। जिसमें सिकन्दरपुर सरोसी के टीम विजेता रही और बिछिया उपविजेता रही। सब जूनियर वर्ग में बिछिया और पुरवा के मध्य खेला गया जिसमें बिछिया के खिलाड़ियों ने पुरवा के खिलाड़ियों को धराशाही कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला विकास अधिकारी द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्राफी, मेडल, प्रमाणपत्र से पुरस्कृत किया। इस मौके पर अरूणेश कुमार व्यायाम, क्षेत्रीय युवा कल्याण संध्या शुक्ला, शिवा तिवारी, अपूर्वा सिंह, विजेता तिवारी, चांदनी सोनी, विकास रावत आदि मौजूद थे।

# एनसीसी से अनुशासन की बढ़ती है भावना

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के फायर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में चल रहे एनसीसी के 10 दिवसीय कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप का समापन बुधवार को हो गया। मुख्य अतिथि एसपी दीपक भूकर व विशिष्ट अतिथि सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा रहे।

कैडेट को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि ऐसे कैंपों से कैडेट के मध्य एकता व अनुशासन की भावना पूर्ण रूप से विकसित होती है। सीडीओ ने बताया कि इन कैंपों में कैडेटों का चतुर्मुखी विकास होता है। क्योंकि कैडेट को उसकी दिनचर्या से भली-भांति परिचित कराया जाता है। इससे वह जीवन में इनका अनुसरण करते हैं। राजकीय आईटीआई प्राचार्य एके पांडेय ने कहा कि कैडेट वास्तव में देश सेवा के लिए तैयार होते हैं और एनसीसी ही एक ऐसा माध्यम है जो कैडेट के मन में देशप्रेम की भावना कूट-कूट कर भरता है और वह भावना जीवन पर्यंत उनके मन में बस जाती है। 57 एनसीसी बटालियन के कमांडिंग आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक पांडेय ने कैडेटों को समय प्रबंधन की तकनीक से रूबरू कराते हुए कहा कि यदि व्यक्ति सही समय सही स्थान और सही वेशभूषा का पालन कर ले तो वह एक सफल कैडेट खुद बन जाता है। फायर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के समादेशक अजय गुप्ता ने सभी कैडेटों को अनुशासन का नियम बताया।


कैंप में मौजूद सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा व एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

# ट्रॉली के पहिए के नीचे आया मजदूर, हुई मौत

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** भवन निर्माण सामग्री विक्रेता के यहां मजदूरी करने वाला युवक ट्रैक्टर से गिरने के बाद ट्रॉली के पहिए के नीचे आकर कुचल गया। साथी मजदूर उसे सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

लखनऊ जिला के बंथरा थानाक्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी जितेंद्र (35) पुत्र स्व. बच्चूलाल दो बहनों में इकलौता भाई था। बहनों की शादी व माता-पिता की मौत के बाद वह बीते 10 वर्षों से पुरवा कोतवाली क्षेत्र के चमियानी गांव में बड़ी बहन संगीता पत्नी गोविंदा के यहां रहता था। वह पास में भवन निर्माण सामग्री के विक्रेता की दुकान पर मजदूरी करता था। बुधवार करीब 9 बजे वह गांव के ट्रैक्टर चालक सनी व मजदूर अनीस पुत्र शमीम, अनिल पुत्र होरीलाल, बिंदा प्रसाद पुत्र रामपाल के साथ बालू उतारने सेमरीमऊ जा रहा था। वह ट्रैक्टर के मेडगार्ड पर बैठा था। जिसके ऊपर छतरी भी नहीं थी। हिम्मतखेड़ा गांव के पास सामने से आए दूसरे ट्रैक्टर को देख चालक ने अचानक ब्रेक लिया। झटका लगने पर जितेंद्र गिरा और ट्रॉली का पहिया उसके ऊपर से निकल गया। हादसा देख सनी ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। साथी मजदूरों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

**कार्यक्रम** धूमधाम से मनाया खाटू श्याम का जन्मोत्सव, भजन सुनने उमड़े लोग

# पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जाएंगे, भजन पर झूमें दर्शक

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के लखनऊ कानपुर बाईपास स्थित अन्नपूर्णा माता मंदिर में मंगलवार को खाटू श्याम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में खाटू श्याम के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में भक्त आते रहे। रात तक भक्तों का ताता लगा रहा।

जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जागरण का आयोजन किया गया। जहां खाटू श्याम के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। अन्नपूर्णा माता के मंदिर में खाटू श्याम का जन्मोत्सव भक्तों ने कार्यक्रम स्थल को रंगीन गुब्बारों के साथ मोर पंख, कृष्णा कटआउट, मटकी, बांसुरी आदि से सजाया हुआ था। श्याम बाबा को मखाना, छुहारा, किशमिश, काजू, बदाम से सजाया गया मन्दिर की भव्य सजावट सबका मनमोह रही थी। भक्तों ने भंडारे में सब्जी पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों का देरात आने का सिलसिला चला रहा। श्याम महोत्सव पर भक्तों ने आतिशबाजी खूब जलाई भक्तों ने केक काटकर बाबा का जन्म महोत्सव मनाया। श्याम बाबा के जागरण में गायिका रश्मि ने गाया हारे के सहारे आजा, तेरा दास पुकारे, पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जाएंगे, ना गोरे का ना काले का घनश्याम मुरली वाले का, मैं लाडला खाटू वाले का, आ गया मैं दुनियादारी छोड़ सारी बाबा छोड़ के, हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं आदि भजनों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। इन भजनों पर भक्त झूमते रहे।


शहर के अन्नपूर्णा माता मंदिर में सजा खाटू श्याम का दरबार। अमृत विचार


कार्यक्रम के दौरान झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

## बाबा श्याम के भजनों पर थिरके भक्त

**औरास उन्नाव।** खाटू श्याम बाबा के भक्तों द्वारा तृतीय श्रीश्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम श्याम जागरण में गुड़गांव के कलाकारों ने बाबा के एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। भजन संध्या के बाद भंडारा हुआ। सुबह बाबा श्याम को छप्पन भोग लगाया गया।

कस्बा औरास के मोहल्ला अटल नगर के भुइयां देवी मंदिर प्रांगण में मंगलवार रात तृतीय भव्य श्रीश्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा प्रसाद सोनी व राजेश सोनी ने ज्योति प्रज्जवलित कर किया। मेहंदीपुर बालाजी से आए महंत ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कराई। इस मौके पर दूर दराज से आए कलाकारों ने खाटू श्याम बाबा के एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। सर्व प्रथम विघ्नहर्ता गणेश की झांकी निकाली गई। जिसे देख भक्तगण भावविभोर हो गए। राकेश लक्खा के भजनों को सुनकर भक्त थिरकते रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बाबा का सुंदर व आकर्षक दरबार व अलौकिक श्रृंगार रहा। भजन संध्या के बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त में बाबा खाटू श्याम को छप्पन भोग लगाया गया। सैकड़ों भक्तों ने बाबा के छप्पन भोग का प्रसाद ग्रहण किया।

● गुड़गांव के कलाकारों ने बाबा श्याम के एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए

# करंट की चपेट में आने से रिटायर्ड फौजी की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के इंद्रा नगर मोहल्ले में पूर्व सैनिक छत में रखा लोहे का एंगल हटाते समय उसके रेलिंग के पास से निकली विद्युत लाइन में टकराने से गंभीर झुलस गया। परिजन उसे पास के एक निजी अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित।


सुशील।

बता दें कि बारासगवर थानाक्षेत्र के गहरेंदा गांव निवासी सुशील कुमार (47) पुत्र रामलाल भारतीय सेना से करीब पांच साल पहले सेवानिवृत्त होने के बाद शहर के मोहल्ला इंद्रानगर में अपना मकान बनवाकर रह रहे थे। वह शहर की एक बैंक शाखा में सुरक्षा गार्ड थे। घर में रंग रोगन का काम चल रहा था। बुधवार सुबह काम पर लगे पेंटरों को काम बताने के लिए छत पर गए। तभी रास्ते पड़ा लोहे का एंगल हटाते समय वह करंट की चपेट में आकर झुलस गए। जानकारी पर परिजन उसे लेकर पास के एक निजी अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल चौकी इंचार्ज अंजनी सिंह ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पति की मौत से पत्नी अंजू व मां मधुरानी बेहाल है। दो बच्चों में बड़ी बेटी प्रियांशी लखनऊ से एमबीबीएस कर रही है। पिता की मौत की खबर से बेटी व बेटा शुभ का बुरा हाल है।


इंद्रा नगर में गंगा में गिरता बड़ा नाला। अमृत विचार


डकारी का निर्माणाधीन एसटीपी। अमृत विचार


इंद्रा नगर में निर्माणाधीन एसटीपी। अमृत विचार

# अधर में एसटीपी के कार्य, गंगा में गिर रहे नाले

## कार्तिक पूर्णिमा स्नान होने के बावजूद इंद्रा नगर में गंगा में गिर रहा नाला, शोपीस बनी नाले के ऊपर रखी जैविक मीडिया समाधान की टंकी

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** गंगा को स्वच्छ और निर्मल रखने के लिये गंगाघाट क्षेत्र के डकारी और अहमद नगर मुन्नू बगिया में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माणाधीन है। समय अवधि पूरी होने के बावजूद अभी तक दोनों स्थानों पर एसटीपी का कार्य पूरा नहीं हो सका है। जिससे कई छोटे-बड़े नाले सीधे गंगा में गिर रहे हैं। जो गंगा को प्रदूषित कर रहे हैं। वहीं शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा स्नान भी होना है। इसके बावजूद पालिका क्षेत्र के इंद्रा नगर का नाला सीधे गंगा में गिर रहा है। जो श्रद्धालुओं की आस्था पर ठेस पहुंचा रहा है।

नमामि गंगे परियोजना के तहत डकारी गांव में 38 करोड़ की लागत से पंद्रह एमएलडी का कानपुर रीवर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड संस्था की ओर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनवाया जा रहा है। इसके साथ ही अहमद नगर मुन्नू बगिया के पास 3 बीघा 8 बिस्वा जमीन पर एसटीपी लगभग 35 करोड़ की लागत से बनवाया जा रहा है।

पिछले वर्ष मई को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, विशेष सचिव नमामि गंगे प्रवीण मिश्रा ने डकारी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया था और जून के अंतिम सप्ताह तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिये थे। एक साल से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी कार्य पूरा नहीं हो सका है। वहीं अहमद नगर में एसटीपी के कार्य की भी समय अवधि पूरी हो चुकी है, वह भी अभी तक बनकर तैयार नहीं हुआ है, ऐसे में कैसे गंगा को स्वच्छ और निर्मल रखा जायेगा, इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



नाला पर शो पीस रखी जैविक मीडिया समाधान की टंकी। अमृत विचार

### इंद्रा नगर का नाला सीधे गिर रहा गंगा में

- शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा स्नान होना है, इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन की ओर से इंद्रा नगर का बड़ा नाला अभी तक नहीं बंद कराया गया है। जिससे दर्जनों मोहल्लों से निकला गंदा पानी सीधे गंगा में गिर रहा है। जिससे गंगा का पानी काला होता जा रहा है।

### घरों का पानी भी जा रहा गंगा में

- मिश्रा कॉलोनी से लेकर जाजमऊ स्थित चंदन घाट तक दर्जनों छोटे बड़े नाले सीधे गंगा में गिर रहे हैं। इसके अलावा मिश्रा कॉलोनी की ओर कई घरों का गंदा पानी सीधे गंगा में बहाया जा रहा है। पालिका ने कई बार ऐसे मकान मालिकों को नोटिसें भी जारी की है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की।

### बोले जिम्मेदार

जो नाले और नालियां गंगा में गिर रही हैं उनमें डीरेमीडेशन कराया गया है, काफी हद तक प्रदूषण कम होगा और स्नानार्थियों को कोई दिक्कत नहीं होगी।

–कौमुदी पांडे, अध्यक्ष नगर पालिका गंगाघाट

### शोपीस बनी जैविक मीडिया समाधान की टंकी

सहायक निदेशक नगर निकाय लखनऊ गिरिश कुमार द्विवेदी ने 25 अक्टूबर को पालिका पहुंचे थे, जहां उन्होंने पालिका प्रशासन को निर्देश दिया कि गंगा में गिरने वाले नालों की गंदगी को साफ करने के लिए डीरेमीडेशन तकनीक का उपयोग किया जाए। जिस पर पालिका ने टंकी तो रखवा दी लेकिन उसमें जैविक रसायन नहीं डलवाया गया। जिससे वह शो पीस बनी हुई है।

# एसपी ने किया घाटों का निरीक्षण, व्यवस्था देखी

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने नगर के घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह भी थे। एसपी ने शुक्लागंज क्षेत्र के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया, जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के स्नान और मेला आयोजन होगा।

एसपी ने गंगाघाट कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक अनुराग सिंह के साथ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने मिश्रा कालोनी से लेकर रेलवे पुल घाट तक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने घाटों पर तैनात पुलिस बल की संख्या सुनिश्चित करने के साथ-साथ गोताखोरों, नावों और अन्य सुरक्षा उपायों की जानकारी ली। एसपी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दौरान घाटों पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। इसके अलावा, गोताखोरों की टीम भी तैयार रखी जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति का समाधान तुरंत किया जा सके। निरीक्षण के बाद एसपी ने नगर में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के लिए फोरलेन पर पैदल गश्त की और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है।


मातहतों के साथ फोरलेन पर गश्त करते एसपी दीपक भूकर। अमृत विचार

## एक नजर

### महोत्सव में डांस की प्रतिभाओं ने लुभाया

उन्नाव। शहर में चल रहे 12 दिवसीय विराट महोत्सव में मो. शादाब के निर्देशन में कई जिलों से आए प्रतिभागियों ने आर्म रेसलिंग में अपना दम दिखाया। जिसमें सीओ सिटी सोनम सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी वीरेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ साहित्यकार कुंवर राजेन्द्र सिंह सेंगर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कोरियोग्राफर रोज़ ने स्वयं कत्थक की अनूठी प्रस्तुति देते हुए अपने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियां कराईं। कार्यक्रमों को अत्याधुनिक व्यवस्थाओं और साजसज्जा के साथ आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस दौरान पूर्व बार अध्यक्ष रामसुमेर सिंह, संस्थापक अशोक पटेल शिवा, मुख्य सांस्कृतिक संयोजक डॉ मनीष सिंह सेंगर, विकास संस्थान अध्यक्ष प्रेम चंद्र सिंह, समिति अध्यक्ष बाबू लाल कनौजिया, महोत्सव प्रभारी सुखसागर पटेल, संरक्षक डॉ राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्वयं सहायता समूहों को 11.34 करोड़ का बांटा ऋण

उन्नाव। जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्वयं सहायता समूह के सीसीएल के लिए मेगाकैंप का आयोजन सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा की देखरेख में विकास भवन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक सदर पंकज गुप्ता ने कैंप की शुरुआत की। कैंप में 189 समूह को 11.34 करोड़ का ऋण विभिन्न बैंकों द्वारा स्वीकृत किया गया। विधायक ने डेमो चेक देकर महिलाओं को ऋण वितरित करवाया। कार्यक्रम में उपायुक्त स्वत: रोजगार प्रदीप पांडेय ने बताया कि सीसीएल समूहों के लिए रोजगार को बढ़ाने के लिए एक अच्छा विकल्प है। कार्यक्रम में अच्छे काम करने वाली बैंक सखी नीतू, बीनू, अरुणा, अलका, राजेश्वरी को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन जिला विकास अधिकारी संजय पांडेय ने और संचालन जिला मिशन प्रबंधक रजीउल हसन द्वारा किया गया।

# जनक कहेउ जस अनुचित बानी, विद्यमान...

संवाददाता बिछिया, उन्नाव

**अमृत विचार।** हर साल की तरह देव दीपावली पर होने वाली एक दिवसीय रामलीला का मंचन सुविख्यात कलाकारों द्वारा किया गया जिसे देखने दूरदराज के मानस प्रेमियों की भारी भीड़ रही।

देवोत्थानी एकादशी पर लगने वाले मेले व बाबा बजरंगी के पावन धाम बिछिया के अतरसा गांव में एक दिवसीय लीला में श्रीराम-लखन की आरती उतारकर प्रधान राकेश शुक्ला द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अद्भुत मंचन में कलाकारों ने भक्तिरस से ओतप्रोत करते हुए रामरस की गंगा में भक्तों को भक्ति के गोते लगवाए। हजारों भक्त जनक विलाप सुन भावविभोर हो गए। महाराजा विदेह द्वारा अजगव स्थापित कराने के बाद धनुष खंडन न होने से सीता के विवाह का प्रण पूर्ण न होने से परेशान होकर वीर विहीन महि मैं जानी इतना कहते ही राज समाज में उपस्थित लक्ष्मण के क्रोध की सीमा नहीं रही। उन्होंने भरी सभा में राजा जनक को जवाब देते हुए, कहा कि जनक कहेउ जस अनुचित बानी, विद्यमान रघुकुल मणि जानी, इतना कहते ही सारा समाज लखन के क्रोध से थर्रा गया मर्यादा पुरुषोत्तम ने उन्हें शांत कराया। इसके बाद विश्वामित्र के आदेश पर श्रीराम द्वारा धनुष खंडन किया गया। धनुष टूटते ही पुष्पों की वर्षा होने लगी और चारों ओर श्रीराम चंद्र की जयकार होने लगी। अजगव खंडन के बाद परशुराम और लक्ष्मण के बीच तार्किक प्रसंग ने वाहवाही लूटी। कलाकारों द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम की लीला का सुंदर मंचन देख लोगों ने कलाकारों की सराहना की। श्रीराम की भूमिका में आशीष पांडेय, लखन की भूमिका में आदर्श पांडेय और परशुराम की भूमिका में रामजी शुक्ला की वाणी और ज्ञान से रात भर भक्ति रस की गंगा में भक्त गोते लगाते रहे। मुख्य आयोजकों में प्रधान धर्मेंद्र सिंह, कोतवाल सिंह, नरेंद्र दीक्षित, राकेश शुक्ला व ग्रामीणों में भव्य शंकर अवस्थी, अतुल, अनूप श्रीवास्तव, गुड्डू सिंह आदि उपस्थित रहे। मण्डल पंडित दिनेश जी का था।


शिव धनुष तोड़ते श्रीराम। अमृत विचार

# श्रीराम कथा में लंका कांड का व्यास ने किया बखान

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** डाकतार कालोनी में श्री गंगा सेवा समिति और सनातन परिवार के तत्वावधान में आयोजित राम कथा के नवें दिवस पर बुधवार को अयोध्या के संत सर्वेश महाराज ने लंका कांड के प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने श्रीराम की शक्ति, धर्म-स्थापना और श्री हनुमान जी के साहसपूर्ण कार्यों का विस्तार से वर्णन किया।

महाराज ने लंका कांड के माध्यम से सत्य के प्रति निष्ठा और धर्म की रक्षा के महत्व को उजागर किया। उन्होंने श्रीराम और रावण के युद्ध की कथा सुनाई और गोस्वामी तुलसीदास जी के प्रसिद्ध दोहे राम न सकहिं बिनु होइ नहिं, राम न सकहिं बनाव। राम सकहिं निति नाहि जब, तौ सब लोक सुहाव। का गहरा अर्थ समझाया। कथा के बीच में एक विशेष भजन श्रीरामचंद्र कृपालु भज मन हरण भव भय दारुणम् का गायन हुआ, जिसने भक्तों के हृदय में भक्ति का संचार कर दिया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भजन का सामूहिक गायन किया। इस आयोजन में सुरेश दीक्षित, श्रीकांत पाण्डेय, निर्भय मिश्रा, संदीप पाण्डे, प्रदीप मिश्रा सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।


श्रीराम कथा का बखान करते सर्वेश महाराज। अमृत विचार

# सुदामा चरित्र की कथा सुन कर भावविभोर हुए श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी कस्बा के मोहल्ला सुभाष नगर पश्चिमी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथावाचक अवधेश पांडेय ने सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष प्रसंगों का वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते है कि सुदामा नाम का ब्राह्मण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा जी को सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं।

# मन को जीतने वाला संसार जीत लेता है

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के साकेत धाम स्थित रामलीला मैदान में श्रीराम कथा के सातवें दिन कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर ने रामकथा का वर्णन करते हुए कहा कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत करने से पहले माता-पिता और गुरु को प्रणाम करना चाहिए। माता-पिता और गुरु का आशीर्वाद हर शुभ कार्य को सफल बनाता है और जीवन को ऊंचाईयों तक पहुंचाता है।

कथावाचक ने यह भी समझाया कि राम और कृष्ण को पाने के लिए साधना अनिवार्य है। केवल भक्ति और साधना के माध्यम से ही प्रभु की कृपा प्राप्त की जा सकती है। कहा कि मन की महिमा पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि संसार की सबसे बड़ी जीत मन की जीत होती है। जो व्यक्ति अपने मन को जीत लेता है, वह संसार में कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। मन की विजय के बिना बाहरी विजय अधूरी होती है। इसलिए मन की स्थिरता और आत्म-संयम जीवन की सच्ची सफलता के मूल हैं। साथ ही 16 नवंबर को दिल्ली में होने जा रहे विशाल सनातन धर्म संसद में सभी सनातन धर्मियों से पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने इस कार्यक्रम को सनातन धर्म की रक्षा के लिए एक अंतिम धर्म युद्ध के रूप में प्रस्तुत किया।

महाराज जी ने जोर देकर कहा कि यह आयोजन हमारे सनातन धर्म की मर्यादा और संस्कारों की रक्षा के लिए है, और इसमें भाग लेना हर सनातनी का परम कर्तव्य है।


कथा सुनाते देवकी नंदन ठाकुर।

## सार-संक्षेप

### बिना रेडियोलॉजिस्ट के संचालित जांच केंद्रों को मिला अभयदान

**सफीपुर उन्नाव।** सफीपुर कस्बा में इस समय धड़ल्ले से पैथोलॉजी व जांच केंद्र संचालित हैं। जिसमें अधिकांश में रेडियोलॉजिस्ट सिर्फ कागज पर कार्यरत हैं। डॉक्टर के मनमाफिक रिपोर्ट देकर मरीजों से मोटी रकम ऐंठी जा रही है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अफसर इन केंद्रों में झांकने तक नहीं जाते हैं। इसे लेकर क्षेत्रीय लोंगों में आक्रोश भी है। बता दें कि कस्बा में एक दर्जन से अधिक संचालित जांच केंद्रों की मनमानी का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। सूत्र बताते हैं कि अधिकांश जांच बिना रेडियोलॉजिस्ट के संचालित हैं। जहां सिर्फ टेक्नीशियन जांच करते हैं। पेट दर्द, लिवर व पथरी सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों को सीधे डॉक्टर अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह देते हैं। इसके लिए उन्हें 600 से 800 रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं। इसकी प्रमुख वजह सीएचसी में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती न होने से यहां मौजूद अल्ट्रासाउंड मशीन सिर्फ शोपीस बनी है। भारत विकास परिषद सफीपुर के महामंत्री हरिपाल सिंह का कहना है कि यदि स्वास्थ्य विभाग समय रहते इन पर लगाम नहीं कसेगा तो आगे स्थित और भयावह होगी। वहीं पूरे मामले पर स्थानीय से लेकर जिला स्तर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाते हैं। बता दें कि कई बार औचक निरीक्षण के दौरान एसीएमओ को भी इन जांच केंद्रों पर गड़बड़ी मिली। लेकिन, कुछ दिन की सख्ती के बाद फिर इनकी मनमानी शुरू हो जाती है। क्षेत्र में रहने वाले पूर्व एनएसजी कमांडो अवधेश सिंह फौजी, समाजसेवी वीरेंद्र कुमार मिश्र, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि भगवानदीन रावत व सामाजिक कार्यकर्ता अनुराग सिंह ने सीएमओ से ऐसे जांच केंद्रों की जांच कराकर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### युवक को गिराकर बाइक में लगाई आग, हुई कार्रवाई

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बाइक से घर जा रहे युवक को रोक गालीगलौज कर उसकी बाइक में आग लगा दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अराजकता करने वाले युवक को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है। गंजमुरादाबाद चौकी क्षेत्र के गांव खेतहरा निवासी नरेश पुत्र जयदयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बाइक से घर लौट रहा था। तभी रास्ते में एक युवक ने उसे रोक लिया और गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने उसे धक्का देकर गिरा दिया और उसकी बाइक में आग लगा दी। जिससे बाइक पूरी तरह जल गई। आरोपी द्वारा की गई मारपीट से उसे चोटें भी आई हैं। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। उधर, मामले की जांच में जुटी पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लेकर पहले मानसिक विक्षिप्त बताते हुए छोड़ दिया। लेकिन, आरोपी की अराजकता की जानकारी होने पर उसे फिर से पकड़कर कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। चौकी प्रभारी ऋषि कपूर ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर किया गया है। वहीं लोगों में चर्चा है आरोपी युवक द्वारा आएदिन अराजकता की जाती है। युवक की बाइक जलाने के अलावा एक दुकानदार का काउंटर भी उसने तोड़ दिया और बड़ी बाजार मोहल्ले में भी अराजकता का माहौल बनाया है।

### राज्य महिला आयोग सदस्य ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं

**उन्नाव।** शहर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस सभागार में मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने महिला जनसुनवाई के दौरान महिलाओं की समस्याओं को सुना। जिसमें महिला उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न, छेड़खानी, दुष्कर्म जैसी घटनाएं होने पर सवाल पूछे गए। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं होने पर पुलिस तत्काल कार्रवाई कर रही है। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से संबंधित मुख्य मुद्दों पर समझ बनाना, घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध, महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी। महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण को वूमेन पावर लाइन–1090, पुलिस आपातकालीन सेवा–112, सीएम हेल्पलाइन नंबर–1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर–1098, वन स्टाप सेंटर–181, साइबर हेल्पलाइन नंबर–1930 आदि के बारे में बताया। इसके बाद जिला अस्पताल का निरीक्षण कर सफाई के निर्देश दिए।


बारात शाला निर्माण के लिए भूमि पूजन करते विधायक श्रीकांत कटियार।

### विधायक ने बारात शाला के निर्माण के लिये किया भूमिपूजन

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** विधायक श्रीकांत कटियार ने क्षेत्र के गांव हरईपुर में उचित दर विक्रेता/अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा भवन बनने से ग्रामीणों को राशन लेने में सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि अब कोटेदार को राशन इसी दुकान से बांटना होगा। यहां एक सीएससी केंद्र के लिए भी जगह छोड़ी गई है। जिसमें ग्रामीण कभी भी ऑनलाइन कार्य करा सकते हैं। बाद में विधायक ने अपनी निधि से एक बारातशाला का भूमिपूजन भी किया। यह भवन 13 .95 लाख रुपये से बनाया जा रहा है। बारातशाला बनने पर ग्रामीणों को बहन–बेटियों की शादी करने के लिए दूर महंगे गेस्ट हाउस नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार गांव को एक मॉडल गांव के रूप में विकसित कर रही है। जहां सरकार ग्रामीणों को शिक्षा, चिकित्सा व संपर्क मार्ग आदि सुविधाएं उपलब्ध करा रही है जो एक नगर में होती हैं। कार्यक्रम में जिला सहकारी संघ चेयरमैन पुत्तीलाल गौतम, अनिल हंस, सुशील कनौजिया, प्रमेश चौधरी, महिपाल कटियार व जयपाल पटेल आदि मौजूद रहे।

**सज रहे घाट** | पालिका ने घाटों की साफ-सफाई करा बेरीकेडिंग लगवाई

# कार्तिक मेले को तैयारियां तेज, लगने लगीं दुकानें और झूले

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान व मेले को देखते हुये पालिका ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को पालिका ने घाटों की साफ सफाई कराई। इसके साथ ही बेरीकेडिंग लगाने का भी कार्य कराया। वहीं मेला प्रांगण में चाट-चाऊमीन से लेकर बच्चों के खिलौने व छोटे-बड़े झूले लगाने का भी काम किया जा रहा है। जो अंतिम चरणों में चल रहा है। वहीं प्रकाश व्यवस्था के लिये पालिका ने घाटों पर लाइटें लगवाई हैं।

शुक्रवार को होने वाले कार्तिक मेले की तैयारियां गंगातट पर जोरशोर से चल रही हैं। बुधवार को पालिका की ओर से नगर के सभी घाटों पर व्यापक तौर पर सफाई अभियान चलाया। ईओ मुकेश कुमार मिश्र के निर्देश पर सफाई कर्मचारियों की मदद से घाटों पर समतलीकरण का काम कराया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे के प्रतिनिधि संदीप पांडे मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने हो रहे समतलीकरण कार्य का जायजा लिया। वहीं गंगा की धारा दूर होने के कारण तट तक जाने के लिए भी मार्ग बनाया गया। जिससे कार्तिक पूर्णिमा पर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़ा। पालिका द्वारा रेलवे पुल के पास रेती को समतल कर रास्ता बनाये जाने का काम किया गया। कार्तिक पूर्णिमा के दिन यहां पर नगर के अलावा आसपास के जनपदों के अलावा दूर दराज से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान को आते हैं। मेला परिसर के आसपास सजी दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिलती है।

वहीं मेले में बच्चों से लेकर बड़ों तक के सभी वर्ग के लोगों के लिये झूले आने शुरू हो गये हैं। इसके अलावा गंगा की रेती में भी झूले लगाये जा रहे हैं। ईओ ने बताया कि मिश्रा कॉलोनी गंगा विशुन घाट, शिव बाबा, महेश पंडा, कमल पंडा, रेवती पंडा, शिव घाट, संतोष, गया प्रसाद, मटरु, संतू, मोनू, बालूघाट व जाजमऊ के चंदन घाट समेत तेरह घाटों पर स्नान की व्यवस्था की जा रही है।


घाटों के सतलीकरण का जायजा लेते प्रतिनिधि। अमृत विचार


कार्तिक पूर्णिमा मेले के लिये रेलवे पुल के नीचे लगे झूले।

### कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रहेगा रूट डायवर्जन

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** कार्तिक पूर्णिमा पर्व के मद्देनजर शुक्रवार प्रात: 2 बजे से लेकर पर्व की समाप्ति तक विभिन्न रूटों पर डायवर्जन लागू रहेगा। आजाद मार्ग चौराहा से मरहला चौराहा जाने वाले सभी हल्के और भारी वाहनों को शुक्लागंज की ओर जाने से पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। इन वाहनों को गंगा बैराज और मगरवारा की ओर डायवर्ट किया जाएगा। उन्नाव शहर से शुक्लागंज की ओर जाने वाले हल्के–भारी वाहन, ई–रिक्शा, टैम्पो और ई–बसों को मरहला चौराहा से आजाद मार्ग और गंगा बैराज की ओर डायवर्ट किया जाएगा। शुक्लागंज की ओर कोई भी वाहन प्रवेश नहीं कर सकेगा। गंगा बैराज से आने वाले सभी वाहन भी मरहला चौराहा से डायवर्ट होकर आजाद मार्ग चौराहा और उन्नाव शहर की ओर जाएंगे। इस दौरान शुक्लागंज में कोई भी वाहन प्रवेश नहीं कर पाएगा। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक यातायात ने दी।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2850-2900 आर.आर.21 3000-3050 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -2700 बाजरा 2300-2350 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6400 -6500 अरहर 7500 -8000 मसूर 5500 -5600 मटर 3200 -3300 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15200-15300 अरहरस्पेशल 11200-11300 चनादाल 8150-8250 मटरदाल 4150-4250 मसूरमलका 7100-7150 मसूरदाल 7300-7350 उड़द दाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1700-1770 सूजी 1730-1780 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1600-1630 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5800-5900 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 10500- 11600 मूंगफली दानाषिवपुरी 8500- 11000 बटाली 8000-11000 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 14500-14600 अलसी 13400-13500 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 2100-2131 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2300-2350 अलसी 4400-4500 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 2110-2100 मयूर 2110-2100 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3600-3700 मंगलौर लड्डू 4300-4350 देशी भेली 4200-4300 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200-4220 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 61000-62000 औरय्या 52300-52300 माधौगढ़ 57000-57500 ब्राण्डेड घी अनिक 8300 पातीराम 8000

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 102500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 77250 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 57600-57800 |

# डिजिटल क्रांति का अगुवा भारत

## पात्रा बोले- डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्तमान में भारत के जीडीपी का दसवां हिस्सा

जयपुर, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने बुधवार को कहा कि देश डिजिटल क्रांति के मामले में अगुवा है और वित्तीय प्रौद्योगिकी डिजिटल भुगतान को गति दे रही है। उन्होंने कहा कि एक जीवंत ई-बाजार उभर रहा है और अपनी पहुंच बढ़ा रहा है। एक अनुमान के अनुसार, डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का दसवां हिस्सा है। पिछले दशक की वृद्धि दर को देखते हुए, 2026 तक इसके जीडीपी का पांचवां हिस्सा बनने की संभावना है।



- आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने डीईपीआर सम्मेलन को किया संबोधित

पात्रा ने भारत में डिजिटल प्रौद्योगिकी, उत्पादकता और आर्थिक वृद्धि' विषय पर डीईपीआर सम्मेलन में कहा कि भारत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, एक जीवंत सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र और कृत्रिम मेधा प्रतिभा से लैस युवाओं समेत बढ़ती युवा आबादी के साथ वृद्धि के नए रास्ते खोलने और मौजूदा रास्तों को अनुकूलतम बनाने को लेकर विशिष्ट स्थिति में है। डिप्टी गवर्नर ने देश में वित्तीय क्षेत्र के डिजिटलीकरण के बारे में कहा कि भारतीय बैंकों के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि जहां सभी ने मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग लागू की है, वहीं 75% ऑनलाइन खाता खोलने, डिजिटल केवाईसी और डिजिटल तरीके से घर तक बैंक सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। इसके अलावा, 60% डिजिटल माध्यम से कर्ज प्रदान कर रहे हैं जबकि 50% भुगतान एग्रीगेटर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। 41% चैटबॉट का उपयोग करते हैं, 24% ने ओपन बैंकिंग को अपनाया है और 10% ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीक को एकीकृत किया है। निजी क्षेत्र के 19 बैंक प्रौद्योगिकी अपनाने के मामले में आगे हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय बैंकों की वार्षिक रिपोर्ट की कृत्रिम मेधा की सहायता से की गई समीक्षा से उत्पादकता लाभ का पता चलता है। कुल 14,500 कार्य दिवस की मासिक बचत, ग्राहकों को जोड़ने की लागत में 25-30% की कमी, 84 टन कागज के उपयोग में कमी, ग्राहकों के बैंकों तक आने-जाने में ईंधन की बचत और शाखाओं में इंतजार में लगने वाले समय में 40% की कमी इसके कुछ उदाहरण हैं।

# कैंडल पैटर्न्स : ट्रेडिंग निर्णय को तकनीकी विश्लेषण

कैंडल पैटर्न्स एक महत्वपूर्ण तकनीकी विश्लेषण हैं, जिसका उपयोग ट्रेडिंग निर्णय के लिए होता है। ये पैटर्न्स चार्ट पर कैंडलस्टिक्स के रूप में दिखाई देते हैं, जो बाजार के ट्रेंड, दिशा और संभावित उलटफेर को पहचानने में मदद करते हैं। प्रत्येक कैंडल के शरीर, हिल और छाया के आधार पर विभिन्न पैटर्न बनते हैं, जैसे डोजी, हैमर, और एंगलफिंग। इन पैटर्न्स के अध्ययन से ट्रेडर्स को बाजार की भावना और अगले मूव का अनुमान लगाने में मदद मिलती है, जिससे उनके निवेश निर्णय बेहतर होते हैं। आइये इस पर विचार करें...

### कैंडलस्टिक का संरचना

- **हिल :** यह कैंडलस्टिक की ऊपरी और निचली सीमा को दर्शाता है, यानी उस समय के दौरान उच्चतम और न्यूनतम मूल्य।
- **शरीर :** यह कैंडल का मुख्य हिस्सा है, जो ओपनिंग और क्लोजिंग प्राइस के बीच का अंतर दिखाता है।

❑ अगर क्लोजिंग प्राइस ओपनिंग प्राइस से ऊपर है तो कैंडल का शरीर सफेद या हरा (बुलिश) होता है।

❑ अगर क्लोजिंग प्राइस ओपनिंग प्राइस से नीचे है तो कैंडल का शरीर काला या लाल (बियरिश) होता है।

- **ओपनिंग और क्लोजिंग प्राइस :** कैंडल का शरीर उस अवधि में ट्रेड किए गए मूल्य के अनुसार बनता है, जहां ओपनिंग प्राइस कैंडल की निचली सीमा और क्लोजिंग प्राइस कैंडल की ऊपरी सीमा के रूप में होता है।




**उपयोग :** कैंडल पैटर्न्स का विश्लेषण करके, ट्रेडर्स मार्केट के अगले मूव का अनुमान लगा सकते हैं। ये कई समयावधियों (जैसे 5 मिनट, 1 घंटा, 1 दिन) पर बन सकते हैं और इसका उपयोग उलटफेर और कंटीन्यूएशन के रूप में होता है।

### कुछ प्रमुख पैटर्न

- **मारबोज़ू :** यह पैटर्न बिना किसी हिल के होता है। एक बुलिश मारबोज़ू कैंडल में शरीर पूरी तरह से ऊपर की ओर जाता है (मांग का संकेत), जबकि एक बियरिश मारबोज़ू कैंडल पूरी तरह से नीचे की ओर होता है (आपूर्ति का संकेत)।
- **डोजी :** यह तब बनता है जब ओपनिंग और क्लोजिंग प्राइस समान होते हैं। यह अनिश्चितता या परिवर्तन के संकेत के रूप में देखा जाता है, क्योंकि यह दर्शाता है कि न तो खरीदार और न ही विक्रेता अपने नियंत्रण में हैं।
- **हैमर और हैंगिंग मैन :** हैमर एक बुलिश कैंडल है जो एक लंबी निचली छाया (वीक) और छोटी बॉडी के साथ बनता है। यह आमतौर पर एक निचले स्तर पर आता है और बाजार के उलटने का संकेत हो सकता है। हैंगिंग मैन भी एक जैसा दिखता है, लेकिन यह एक बियरिश सिग्नल होता है जब यह उच्च स्तर पर बनता है।
- **एंगलफिंग :** इसमें दो कैंडल्स हैं : पहली कैंडल छोटी और दूसरी कैंडल बड़ी होती है, और दूसरी कैंडल पहली कैंडल को पूरी तरह से एंगलफ करती है। यदि बुलिश एंगलफिंग है, तो यह एक सकारात्मक संकेत होता है, जबकि बियरिश एंगलफिंग बाजार के गिरने का संकेत दे सकता है।
- **बुलिश और बियरिश :** जैसे कि पैरट्रेड (मॉर्निंग स्टार) और ईविनिंग स्टार (इवनिंग स्टार) ये कैंडल्स एक साथ मिलकर एक बड़े ट्रेंड रिवर्सल की संभावनाओं को दिखाते हैं।

# एफटीए समीक्षा में भारत रख सकता है शुल्क रियायतों में लचीलेपन की इच्छा

नई दिल्ली, एजेंसी

- आसियान की आधिकारिक टीम अगले दौर की समीक्षा वार्ता के लिए आ रही है भारत

भारत 10 देशों के दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ (आसियान) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा के तहत उन क्षेत्रों में मौजूदा शुल्क रियायतों में लचीला रुख अपनाने की इच्छा जाहिर कर सकता है, जो आयात में उल्लेखनीय वृद्धि से प्रभावित हैं।

आसियान की आधिकारिक टीम अगले दौर की समीक्षा वार्ता के लिए भारत आ रही है। यह वार्ता 19-22 नवंबर को यहां होगी। आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) पर 2009 में हस्ताक्षर किए गए थे। अधिकारी ने कहा कि हम समझौते में दी गई शुल्क (या सीमा शुल्क) रियायतों में कुछ लचीलेपन की इच्छा जता सकते हैं। कुछ रियायतें वापस ली जा सकती हैं और कहीं और दी जा सकती हैं क्योंकि कुछ क्षेत्रों में हमें लगता है कि हमारे घरेलू उद्योग को बहुत नुकसान हो रहा है। कुछ क्षेत्रों में हमें घरेलू नुकसान हुआ है।

# 10 वर्षों में मध्यम वर्ग पर कर का बोझ हुआ कम

- 50 लाख से ऊपर आय वालों के भुगतान किए करों में हुई वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 10 साल के कार्यकाल के दौरान मध्यम वर्ग यानी 20 लाख रुपये सालाना से कम आय वाले व्यक्तियों पर कर का बोझ घटा है। वहीं 50 लाख से ऊपर की सालाना आय वाले लोगों द्वारा भुगतान किए जाने वाले करों में वृद्धि हुई है। सूत्रों ने बुधवार को यह कहा।

दाखिल आईटीआर के अनुसार, 50 लाख से अधिक की वार्षिक आय वालों की संख्या 2023-24 में बढ़कर 9.39 लाख से अधिक हो गई जो 2013-14 में 1.85 लाख थी। साथ ही, 50 लाख से अधिक कमाने वालों की आयकर देनदारी 3.2 गुना बढ़कर 2024 में 9.62 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जो 2014 में 2.52 लाख करोड़ थी। आयकर का 76 प्रतिशत हिस्सा सालाना 50 लाख से अधिक कमाने वालों से आता है। कुल मिलाकर इससे मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम हुआ है। रिटर्न दाखिल करने वाले 50 लाख से अधिक की आय वालों की संख्या बढ़ी है, जिससे सरकार की कर चोरी रोकने और काले धन पर रोक को संबंधित अधिनियमों को कड़ाई से लागू करना है।

## आठ करोड़ से अधिक दाखिल हुए आयकर रिटर्न

**नई दिल्ली।** वर्ष 2024-25 के लिए आठ करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल हुए हैं। इसमें से 74 प्रतिशत करदाताओं ने नई कर व्यवस्था का विकल्प चुना। साथ ही इस वर्ष 75 लाख अद्यतन आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं। इससे 8,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर प्राप्त हुआ है। सूत्र ने कहा कि अबतक आठ करोड़ से अधिक व्यक्तियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में अर्जित आय के लिए आईटीआर दाखिल किया है। इनमें से 5.92 करोड़ से अधिक लोगों ने नई आयकर व्यवस्था को अपनाया है। नई कर व्यवस्था को 2023-24 से 'एक डिफॉल्ट व्यवस्था' के रूप में निर्धारित किया गया है। यानी करदाता ने अगर नई और पुरानी कर व्यवस्था में से कोई विकल्प नहीं चुना है तो वह स्वत: नई कर व्यवस्था में चला जाएगा।

# मस्की की कंपनी स्टारलिंक भेड़ की खाल में भेड़िया : शोध संस्थान

नई दिल्ली, एजेंसी

- कूटनीति फाउंडेशन ने कंपनी के अमेरिकी खुफिया व सैन्य एजेंसियों से संबंधों को किया रेखांकित

एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के भारत में उपग्रह ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा देने की खबरों के बीच शोध संस्थान कूटनीति फाउंडेशन ने अमेरिकी दिग्गज कंपनी के अमेरिकी खुफिया तथा सैन्य एजेंसियों के साथ गहरे संबंधों को रेखांकित करते हुए कहा है कि यह राष्ट्रीय हितों में बाधक बन सकते हैं।

स्टारलिंक को भेड़ की खाल में छिपा भेड़िया करार देते हुए फाउंडेशन ने कहा कि स्टारलिंक दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकी है, जिसकी सबसे बड़ी ग्राहक तथा प्रचारक अमेरिकी सरकार की खुफिया तथा सैन्य एजेंसियां हैं। पुराने मोबाइल फोन सेवा प्रदाता वॉयस तथा इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए दूरसंचार टावर का इस्तेमाल करते हैं, उपग्रह संचार या सैटकॉम में यह सेवा प्रदान करने के लिए उपग्रहों के समूह का इस्तेमाल किया जाएगा। उपग्रहों का नियंत्रण देश के बाहर होने को लेकर कई सवाल खड़े हैं।

## राष्ट्रीय

# शहजादे खत्म करना चाहते हैं आरक्षण: मोदी

## प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए लगाए आरोप

देवघर/गोड्डा, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के शहजादे एससी/एसटी और ओबीसी समुदायों को कमजोर करने को आरक्षण खत्म करने की साजिश रच रहे हैं। झारखंड की दो चुनावी सभाओं में मोदी ने आरोप लगाया था कि झामुमो गठबंधन ने घुसपैठियों को राज्य का स्थायी नागरिक बनने में मदद की है।

देवघर जिले के सारठ की जनसभा में मोदी ने आरोप लगाया कि झारखंड की पहचान बदलने की साजिश हो रही है और झामुमो तथा कांग्रेस घुसपैठियों को स्थायी निवासी बनाने के लिए हर गलत काम किया गया। इन घुसपैठियों के लिए रातों-रात पक्के कागज बनाए गए। आदिवासी बेटियों को शादी के नाम पर ठगा गया और उनकी जमीन हथिया ली गई। इन



- झारखंड की दो चुनावी सभाओं में झामुमो गठबंधन पर घुसपैठियों को राज्य का स्थायी नागरिक बनने का भी लगाया आरोप

घुसपैठियों ने आपसे आपका रोजगार छीन लिया और आपकी रोटी भी छीन ली। मोदी ने बुधवार को झारखंड में पहले चरण के तहत हो रहे मतदान का जिक्र करते हुए कहा कि रोटी-बेटी और माटी को बचाने का संकल्प हर बूथ पर दिख रहा है। पिछली सभी चुनावी जनसभाओं में प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुद्दे को जोरशोर से उठाया है और एक हैं तो सेफ हैं का नारा बुलंद किया है।

गोड्डा की रैली में मोदी ने झारखंड में घुसपैठ के खतरनाक स्तर तक पहुंचने का दावा करते हुए घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए झामुमो गठबंधन सरकार पर प्रहार किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के स्थान पर राज्य सरकार की अबुआ आवास योजना को कट मनी और कमीशन के लिए फर्जी योजना करार दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि झामुमो गठबंधन घुसपैठियों को आदिवासियों की जमीन, जंगल और पानी पर कब्जा करने की सुविधा दे रहा है, जिससे उनकी आबादी घट रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ गठबंधन न केवल माफिया राज और प्रश्नपत्र लीक में लिप्त है बल्कि उसने विकास को भी अवरुद्ध कर दिया है और लोगों को पलायन करने, बेरोजगार रहने और संपर्क सुविधाओं से वंचित होने से परेशानी झेलने को मजबूर किया है।

## नीतीश सरकार बिहार के सपनों को कर रही पूरा

**दरभंगा।** प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा कि केंद्र में उनकी सरकार और बिहार में नीतीश की सरकार प्रदेश के हर सपने को पूरा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश बिहार में सुशासन लाए और जंगलराज को समाप्त किया। मोदी ने दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखने के बाद यह बात कही। प्रधानमंत्री ने राज्य में 12,100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस दौरान मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग की डबल इंजन की सरकार बिहार में विकास को प्रतिबद्ध है। राज्य का विकास आधारभूत संरचना, छोटे किसानों एवं उद्योगों को प्रोत्साहन देने से संभव होने वाला है और सरकार इसी रोडमैप पर काम कर रही है।

# झारखंड में 66 प्रतिशत से अधिक मतदान

- लोहरदगा में सर्वाधिक 73.21 तो हजारीबाग में 59.13 प्रतिशत हुआ मतदान

रांची, एजेंसी

झारखंड के प्रथम चरण के 43 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। एक करोड़ 37 लाख मतदाताओं में से 66 प्रतिशत ने 683 प्रत्याशियों के लिए मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, लोहरदगा जिला 73.21 प्रतिशत मतदान के साथ शीर्ष पर रहा जबकि हजारीबाग में सबसे कम 59.13 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि 950 बूथों पर मतदान शाम चार बजे ही समाप्त हो गया था लेकिन अन्य मतदान केंद्रों पर मतदान शाम 5:00 बजे समाप्त हुआ। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कुमार ने बुधवार को राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। एवी होमकर ने बताया कि प्रथम चरण के मतदान में 2249 बूथ क्रिटिकल (नक्सल प्रभावित) थे, जहां शांतिपूर्ण चुनाव कराना बड़ी चुनौती थी।

अधिकारियों ने बताया कि सरायकेला-खरसावां में 72.19, गुमला में 69.01, सिमडेगा में 68.66, खूंटी में 68.36, गढ़वा में 67.35, लातेहार में 67.16, पश्चिमी सिंहभूम में 66.87, रामगढ़ में 66.32, पूर्वी सिंहभूम 64.87, चतरा 63.26, पलामू में 62.62, कोडरमा में 62, रांची 60.49 व हजारीबाग में 59.13 रहा। चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और पूर्व सांसद गीता कोड़ा सहित कुल 683 उम्मीदवार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि आज झारखंड विस चुनाव में पहले चरण का मतदान है। मैं मतदाताओं से लोकतंत्र के इस उत्सव में पूरे उत्साह के साथ मतदान करने का आग्रह करता हूं।

## वायनाड लोस उपचुनाव : 60.79 प्रतिशत हुई वोटिंग

- प्रियंका गांधी का सत्यन और नव्या से रहा कड़ा मुकाबला

**वायनाड।** केरल के वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में बुधवार शाम पांच बजे तक 60.79 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखी गईं। मतदान शाम छह बजे तक चलता रहा। कहीं काई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में रायबरेली को बरकरार रखा और वायनाड लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद से यह सीट रिक्त पड़ी थी। मई 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने रायबरेली और वायनाड लोस दोनों सीटों पर विजय हासिल की थी। उनके वायनाड सीट छोड़ने के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को वायनाड लोस उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर उतारा गया है। प्रियंका गांधी का मुकाबला 16 उम्मीदवारों से है, जिनमें लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) के सत्यन मोकेरी और नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) की नव्या हरिदास से उनकी कड़ी टक्कर देखी जा रही है। सुबह कुछ बूथों पर ईवीएम में खराबी के कारण थोड़ी देर के लिए मतदान बाधित रहा, लेकिन अधिकारियों ने स्थिति को संभाल लिया और मतदान फिर से शुरू हो गया। प्रियंका ने मतदान केंद्र का दौरा करने के बाद बताया कि मुझे पूरी उम्मीद है कि वायनाड के लोग मुझे अपना फर्ज निभाने का मौका देंगे।

## एक नजर

### चेन्नई में डॉक्टर पर मरीज के बेटे ने किया चाकू से हमला

**चेन्नई।** सरकारी कलैइगनार सेंटेनरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में मरीज के बेटे ने कैंसर रोग विशेषज्ञ चिकित्सक पर चाकू से सात बार हमला किया। अस्पताल के अधिकारी ने बताया कि आरोपी की मां अस्पताल में भर्ती है और वह इलाज से असंतुष्ट था। आरोपी ने घटना को उस समय अंजाम दिया जब वह मां के इलाज के बारे में बाह्य रोगी कक्ष में चिकित्सक से बातचीत कर रहा था।

### दो मजदूरों की हत्या के आरोपी की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** एनआईए ने दो गैर स्थानीय मजदूरों की हत्या में शामिल आरोपी की संपत्ति बुधवार को कुर्क की। अधिकारियों ने बताया कि इस साल फरवरी में शल्ला कदल, हब्बा कदल इलाके में दो गैर स्थानीय लोगों की हत्या के सिलसिले में श्रीनगर के जलदागर इलाके में आदिल मंजूर लांगू की संपत्ति को एनआईए के अधिकारियों ने कुर्क किया है।

### जम्मू कश्मीर में 5.2 तीव्रता का भूकंप

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में बुधवार को 5.2 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। हालांकि इस दौरान जान-माल के किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में था और यह सुबह दस बज कर 43 मिनट के आसपास महसूस किया गया।

# अनुकंपा नियुक्ति निहित अधिकार नहीं : न्यायालय

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को एक व्यक्ति की याचिका रद करते हुए कहा कि अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति सरकारी नौकरी पाने का कोई निहित अधिकार नहीं है, क्योंकि यह सेवा के दौरान मरने वाले कर्मचारी की सेवा की शर्त नहीं है।

न्यायालय ने उसकी याचिका रद कर दी, जिसके पुलिस कांस्टेबल पिता की 1997 में ड्यूटी के दौरान मृत्यु हो गई थी, जब याचिकाकर्ता की आयु



- कोर्ट ने कहा- यह सेवा के दौरान मरने वाले कर्मचारी की सेवा की शर्त नहीं है

सात वर्ष थी। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि राज्य को किसी व्यक्ति के पक्ष में संबंधित नीति के विपरीत अवैधता जारी रखने को कहने वाला निर्देश जारी नहीं किया जा सकता है।

## विवाह आयु पर अधिकारियों का पक्ष सुनेगी समिति

**नई दिल्ली।** संसद की स्थायी समिति पुरुषों और महिलाओं के लिए विवाह की उम्र की एकरूपता पर अगले सप्ताह विचार करेगी। इस संबंध में लाया जा चुका एक विधेयक 17वीं लोकसभा भंग होने के साथ निष्प्रभावी हो चुका है। महिला और बाल विकास मंत्रालय में सचिव और नेशनल कोलिशन एडवोकेटिंग फॉर एडोलसेंट कंसर्न्स (एनसीएएसी) तथा यंग वॉइसेस कैंपेन के प्रतिनिधि 22 नवंबर को संसदीय समिति की बैठक में उसके समक्ष प्रस्तुत होंगे। बैठक में विवाह की आयु में प्रस्तावित बदलावों और महिलाओं संबंधी अन्य विधेयक पर चर्चा होगी।

# स्वतंत्रता आंदोलन में भाजपा, आरएसएस की भूमिका नहीं थी : खरगे

लातूर (महाराष्ट्र), एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को भाजपा और आरएसएस की स्वतंत्रता संग्राम और देश की एकता में कोई भूमिका नहीं होने का आरोप लगाया। खरगे ने भाजपा पर हमला करते हुए बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सुरक्षित हैं नारे की आलोचना की और विभाजनकारी बताया।

लातूर में महाराष्ट्र चुनाव के लिए प्रचार करते हुए खरगे ने महायुति सरकार को चोरों की सरकार करार दिया और चुनाव में उसकी हार का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा जिन्होंने



- कांग्रेस अध्यक्ष ने महायुति सरकार को चोरों की सरकार करार दिया

कांग्रेस नेताओं द्वारा संविधान की पुस्तक लहराने पर सवाल उठाया था। खरगे ने कहा कि जाति जनगणना, जिसका वादा कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किया था, उसका उद्देश्य एकता को बढ़ावा देना और सभी वर्गों के लिए लाभों का समान वितरण करना है। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना लोगों को बांटने के लिए नहीं है।

## टमाटर, आलू, प्याज के दामों को लेकर कांग्रेस का प्रधानमंत्री पर निशाना, कहा- थाली से टॉप नदारद

**नई दिल्ली।** टमाटर, प्याज और आलू के अधिक मूल्यों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर उनके पुराने वीडियो के माध्यम से निशाना साधते हुए कांग्रेस ने कहा कि मोदी की नीतियों की विफलता के कारण गरीब की थाली से टॉप नदारद है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर मोदी का वीडियो साझा किया जिसमें वह भारतीय परिवारों में टॉप (इन तीनों सब्जियों) के महत्व के बारे में बात कर रहे थे। उन्होंने टमाटर (टोमेटो का टी), प्याज (ऑनियन का ओ) और आलू (पोटेटो का पी) के लिए टॉप शब्द का इस्तेमाल किया गया।

### क्या मोदी को लगता है जाति जनगणना विभाजनकारी होगी

कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बिहार को लेकर कई सवाल पूछे और जानना चाहा कि क्या उन्हें लगता है कि जाति आधारित जनगणना विभाजनकारी है और क्या वह अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ओबीसी के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की मनमानी सीमा को हटाने के लिए निर्णायक कदम उठाएंगे। बिहार में प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों से पहले, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मोदी पर कटाक्ष करते हुए दरभंगा के दौरे पर से पहले उनसे ये सवाल पूछा।

# दिल्ली व आसपास की वायु गुणवत्ता फिर गंभीर श्रेणी में पहुंची

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी

दिल्ली की वायु गुणवत्ता बुधवार को इस मौसम में पहली बार गंभीर श्रेणी में पहुंच गई, तथा एक्यूआई बढ़कर 418 पहुंच गया। राष्ट्रीय राजधानी का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार को 334 रहा था। यह रोज़ाना शाम चार बजे दर्ज किया जाता है। बुधवार को सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में थी और एक्यूआई 366 पर था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली के 36 निगरानी स्टेशनों में से 30 में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी रही। वहीं हरियाणा और पंजाब में भी बुधवार को प्रदूषण



प्रदूषण रोकने को एंटी-स्मॉग गन का उपयोग करते कर्मचारी।

का स्तर काफी अधिक रहा और भिवानी में एक्यूआई 358 रहा जो बेहद खराब की श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में एक्यूआई 355 दर्ज किया गया।

## खराब मौसम से दिल्ली आने वाली दस उड़ानों के मार्गों में बदलाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार सुबह कम दृश्यता से विमान परिचालन प्रभावित हुआ और दिल्ली हवाईअड्डे पर आने वाली दस उड़ानों के मार्गों में बदलाव किया गया, वहीं कई विमानों के परिचालन में देरी हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दिल्ली में सुबह 5.30 बजे के आसपास बहुत घना कोहरा छाया और शहर के कई हिस्सों में दृश्यता कम हो गई। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को इस मौसम में पहली बार घना कोहरा छाया और दिल्ली हवाई अड्डे पर दृश्यता शून्य हो गई।

## टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** प. बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के जगतदल इलाके में टीएमसी नेता की बुधवार को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान जगतदल वार्ड नंबर 12 से टीएमसी के पूर्व अध्यक्ष अशोक शॉ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जगतदल पुलिस थाने से कुछ सौ मीटर की दूरी पर स्थित एक चाय की दुकान के सामने खड़े शॉ को बदमाशों ने कई बार गोली मारी और उन पर बम भी फेंके।

# अजित गुट अपने पैरों पर खड़े होने का प्रयास करे : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले राकांपा गुट को सलाह दी कि वे अपने पैरों पर खड़ा होने का प्रयास करें और चुनाव प्रचार में शरद पवार की तस्वीर का इस्तेमाल न करें, जिनके साथ पार्टी के वैचारिक मतभेद हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने शरद पवार और उनके भतीजे अजित के नेतृत्व वाली राकांपा के दोनों गुटों से कहा कि वे अदालतों के चक्कर लगाने के बजाय महाराष्ट्र चुनाव पर ध्यान केंद्रित करें। पीठ ने अजित गुट के अधिवक्ता बलबीर सिंह से कहा कि अपनी पार्टी से कहिए कि वे पुराने या नए वीडियो का इस्तेमाल न करें या शरद पवार की तस्वीरों का इस्तेमाल नहीं करें, जिनके साथ आपकी पार्टी के वैचारिक मतभेद हैं।

# पाकिस्तान को भारत के साथ क्रिकेट खेलना बंद कर देना चाहिए : लतीफ

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज राशिद लतीफ ने कहा कि अगर उनके पास अधिकार होता तो वह पाकिस्तान को किसी भी टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ नहीं खेलने देते और उन्होंने साथ ही सुझाव दिया कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को दोनों देशों को तब तक वैश्विक प्रतियोगिताओं की मेजबानी का अधिकार नहीं देना चाहिए जब तक कि दोनों अपनी समस्याएं नहीं सुलझा लेते।

बीसीसीआई ने अपनी टीम को आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए



- कहा- दोनों देशों को मेजबानी का अधिकार न दें आईसीसी जब तक समस्याएं नहीं सुलझती

पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया है और इस तरह की अटकलें हैं कि पूरे टूर्नामेंट का आयोजन देश से बाहर हो सकता है। पीसीबी ने आईसीसी को पत्र लिखकर बीसीसीआई से लिखित में पुष्टि मांगी है कि भारत टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने में असमर्थ है। लतीफ ने कहा इस तरह की संभावना है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ क्रिकेट खेलना छोड़ सकता है। अगर मेरे पास अधिकार होता तो हां, मैं शायद यह कड़ा कदम उठा लेता। मैं इसके लए किसी को दोषी नहीं ठहराऊंगा। लतीफ ने सुझाव दिया कि मसलों का समाधान निकलने तक आईसीसी को दोनों देशों के मेजबानी अधिकार तब तक रोक कर रखने चाहिए जब तक कि उनके बीच के मुद्दे सुलझ नहीं जाते, जब तक कि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता।

# रोहित-कोहली तकनीक पर काम कर खेल में करें सुधार : ली

- ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज नई गेंद से आक्रामक रूख अपनाएंगे इससे निपटने का ढूंढना होगा तरीका

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला से पहले भारत के कप्तान रोहित और विराट को सलाह दी है कि वे अपनी तकनीक पर काम करने के साथ रीसेट बटन दबाएं।

बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट श्रृंखला का आगाज पर्थ में 22 नवंबर से होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की हालिया टेस्ट श्रृंखला में लचर प्रदर्शन के बाद इन दोनों बल्लेबाजों के ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की श्रृंखला में प्रदर्शन पर नजर रहेगी। न्यूजीलैंड ने भारत को 3-0 से शिकस्त दी थी। ली ने कहा जब आप एक के बाद एक खराब प्रदर्शन करते हैं, तो दबाव बढ़ जाता है। मुझे लगता है कि विराट और रोहित को कड़ा अभ्यास करना होगा। उन्हें बस फिर से लय हासिल करने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज नई गेंद से रोहित और कोहली के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाएंगे ऐसे में इन दोनों को इससे निपटने का तरीका ढूंढना होगा।



## गंभीर जल्दी चिढ़ जाते हैं, कोहली पर कभी नहीं किया कटाक्ष : पोंटिंग

**मेलबर्न।** गौतम गंभीर के कटाक्ष का जवाब देते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने बुधवार को कहा कि भारत के मुख्य कोच जल्दी चिढ़ जाते हैं और उन्होंने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि विराट कोहली पर उनकी टिप्पणियों को इस स्टार बल्लेबाज पर निशाना साधने के रूप में नहीं देखना चाहिए क्योंकि वह स्वयं भी लंबे समय से खराब फॉर्म को लेकर चिंतित होंगे। पोंटिंग ने आईसीसी को दिए साक्षात्कार में कहा था कि कोहली का खराब फॉर्म चिंता का विषय होगा । गंभीर से जब पोंटिंग की टिप्पणियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज को भारतीय क्रिकेट के बारे में चिंतित होने की जरूरत नहीं है। पोंटिंग ने कहा मैं प्रतिक्रिया पढ़कर हैरान था लेकिन कोच गौतम गंभीर को जानता हूं... वह काफी जल्दी चिढ़ जाते हैं इसलिए मुझे आश्चर्य नहीं है कि उन्होंने पलटवार किया। मुझे उनसे ऐसी उम्मीद नहीं है।



## स्मिथ से निपटने का ढूंढ लिया है तरीका : रविचंद्रन अश्विन

**चेन्नई।** भारत के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि उन्होंने आगामी पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी के मुख्य आधार स्टीव स्मिथ से निपटने के तरीके खोज लिए हैं। शीर्ष स्तर पर इन दोनों की प्रतिद्वंद्विता एक दशक पुरानी है। अश्विन ने एक साक्षात्कार में कहा स्टीव स्मिथ स्पिन के खिलाफ एक खिलाड़ी के रूप में विशेष रूप से आकर्षक हैं। उनके पास एक अनूठी तकनीक है, यहां तक कि तेज गेंदबाजी को खेलने की भी लेकिन स्पिन के मामले में मुझे लगता है कि वह अच्छी रणनीति और अच्छी तैयारी के साथ आया था और हां, वह इसे किसी भी परिस्थिति में लागू करता था। और पिछले कुछ वर्षों में मैंने इसे समझने के तरीके और साधन खोज लिए हैं।

# जीत के साथ भारत को मिली 2-1 की बढ़त

## तीसरे टी-20 में तिलक ने जड़ा शतक, दक्षिण अफ्रीका को 11 रनों से हराया, यानसेन ने खेली तूफानी पारी




सेंचुरियन, एजेंसी

तिलक वर्मा (नाबाद 107) और अभिषेक शर्मा (50) की तूफानी बल्लेबाजी के बाद अर्शदीप सिंह (तीन विकेट) और वरूण चक्रवर्ती (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने बुधवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 11 रन से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने चार मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली हैं।

220 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को अर्शदीप सिंह ने तीसरे ओवर में रायन रिकलटन (20) को आउट कर पहला झटका दिया। इसके बाद वरूण चक्रवर्ती ने रीजा हेंड्रिक्स (21) और कप्तान एडन मारक्रम (29) को अपना शिकार बनाया। ट्रिस्टन स्टब्स (12) को अक्षर पटेल ने पगबाधा आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। 16वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने डेविड मिलर (18) को अक्षर पटेल के हाथों कैच आउट कराकर जीत की ओर बढ़ रही दक्षिण अफ्रीका को तगड़ा झटका दिया। 18वें ओवर में




हाइनरिक क्लासन (41) और 20वें ओवर में मार्को यानसन 17 गेदों में (54) रन को अर्शदीप सिंह ने आउटकर मैच भारत की झोली में डाल दिया। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 208 रन ही बना सकी और 11 रन से मुकाबला हार गई। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह को तीन विकेट मिले। वरूण चक्रवर्ती ने दो विकेट लिये। हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही और पहले ही ओवर में मार्को यानसन ने संजू सैमसन (शून्य) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये तिलक वर्मा ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 106 रनों की साझेदारी हुई। नौवें ओवर में केशव महाराज ने क्लासन के हाथों अभिषेक को स्टंप आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। अभिषेक ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 25 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए (50) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। कप्तान सूर्यकुमार यादव एक बार फिर विफल रहे और ऐंडिले सिमेलाने ने एक रन पर उनका शिकार किया। 13वें ओवर में केशव महाराज ने हार्दिक पंड्या (18) को पगबाधा कर भारत को चौथा झटका दिया। 18वें ओवर में रिंकू सिंह (8) को ऐंडिले सिमेलाने ने अपना शिकार बनाया। तिलक वर्मा ने 19वें ओवर में चौका लगाकर मात्र 51 गेंदों में आठ चौके और छह छक्के लगाते हुए अपना पहला अंतरराष्ट्रीय और टी-20 शतक जड़ा। रमनदीप सिंह (14) 20वें ओवर में रनआउट हुये। तिलक वर्मा ने 56 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के लगाते हुए (नाबाद 107) रनों की पारी खेली। अक्षर पटेल (एक) रन पर नाबाद रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 219 का विशाल स्कोर खड़ा किया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत 219/6 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| संजू सैमसन बो यानसेन | 0 | 2 | 0/0 |
| अभिषेक स्टंप क्लासेन बो महाराज | 50 | 25 | 3/5 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 107 | 56 | 8/7 |
| सर्यकुमार कैच यानसेन बो सिमेलाने | 1 | 5 | 0/0 |
| हार्दिक पांड्या पगबाधा को महाराज | 18 | 16 | 3/0 |
| रिंकू सिंह बो सिलेमाने | 8 | 13 | 0/0 |
| रमनदीप सिंह रनआउट (क्लासेन) | 15 | 6 | 1/1 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 19 गेंदबाजी : यानसेन 4-0-28-1, कोएत्जी 3-0-51-0, सिपामला 4-0-45-0, सिमेलाने 3-0-34-2 माक्रराम 2-0-19-0, महाराज 4-0-36-2

**दक्षिण अफ्रीका 208/7 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रियान रिकेलटन बो अर्शदीप | 20 | 15 | 2/1 |
| रीजा हेंडरिक्स स्ट सैमसन बो वरुण | 21 | 13 | 4/0 |
| एडेन माक्रम का रमनदीप बो वरुण | 29 | 18 | 0/2 |
| ट्रिस्टन स्टब्स पगबाधा बो पटेल | 12 | 12 | 2/0 |
| हेनरिच क्लासेन का वर्मा बो अर्शदीप | 41 | 22 | 1/4 |
| डेविड मिलर का पटेल बो पंड्या | 18 | 18 | 1/1 |
| मार्को जानसेन पगबाधा बो अर्शदीप | 54 | 17 | 4/5 |
| गेराल्ड कोएत्जी नाबाद | 2 | 3 | 0/0 |
| एंडिले सिमलेन नाबाद | 5 | 2 | 1/0 |

अतिरिक्त : 6, गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-37-3, पंड्या 4-0-50-1, पटेल 4-0-29-1, वरूण 4-0-54-2, बिश्नोई 4-0-33-0

## खेल डायरी

### गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के सीईओ बने अमनदीप

**नई दिल्ली।** प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने बुधवार को अमनदीप जोहल को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की। वह जनवरी 2025 से अपना कार्यभार संभालेंगे। जोहल भारतीय गोल्फ जगत में एक सम्मानित नाम है। उन्हें इस खेल का व्यापक अनुभव भी है। महान क्रिकेटर कपिल देव ने इस साल जून में पीजीटीआई अध्यक्ष की भूमिका संभाली है। जोहल उत्तम सिंह मुंडी का स्थान लेंगे, जिन्होंने इसकी स्थापना के बाद से संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जोहल एक जनवरी से कार्यभार संभालेंगे। वह 31 दिसंबर तक की अंतरिम अवधि में कार्यभार स्थानांतरण प्रक्रिया को पूरा करने में मुंडी की सहायता करेंगे। सीईओ के रूप में जोहल की पदोन्नति का स्वागत करते हुए कपिल देव ने कहा अमनदीप लगभग 34 वर्षों से भारतीय और एशियाई गोल्फ सर्किट में हैं। वह पीजीटीआई का नेतृत्व करने के लिए बिल्कुल उपयुक्त व्यक्ति है।

### वर्षा बाधित मैच में श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को हराया

**दांबुला।** कुसल मेंडिस (143) और अविष्का फर्नांडो (100) की शतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका ने बुधवार को वर्षा बाधित पहले एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 45 रनों से हरा दिया है। वर्षा बाधित मैच में संशोधित 221 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की विल यंग (48) और टिम रॉबिंसन (35) की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 88 रन जोड़े। न्यूजीलैंड 27 ओवर में नौ विकेट पर 175 रन ही बना सकी और 45 रनों से मुकाबला हार गई। बारिश के कारण न्यूजीलैंड को 27 ओवर में 221 रन का संशोधित दिया गया था। आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने आए कुसल मेंडिस ने अविष्का फर्नांडो के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 206 रनों की साझेदारी की। फर्नांडो ने 115 गेंदों में 100 रन बनाए। कुसल मेंडिस ने 128 गेंदों में 143 रनों की तूफानी पारी खेली। इस दौरान बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय श्रीलंका ने 49 .2 ओवर में पांच विकेट पर 324 रन बनाये थे।

### नोदिरबेक को एकल बढ़त, नारायणन दूसरे स्थान पर

**कोलकाता।** उज्बेकिस्तान के युवा ग्रैंडमास्टर अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक ने टाटा स्टील रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के ओपन वर्ग में बुधवार को एकल बढ़त बना ली। अब्दुसत्तोरोव ने तीन में से 2 .5 अंक हासिल कर लिए। उन्होंने दूसरे दौर में जर्मनी के विंसेंट केमेर को और तीसरे दौर में भारत के आर प्रज्ञानानंदा को हराया जबकि पहले दौर में दानिल दुबोव से ड्रॉ खेला। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने भारत के प्रज्ञानानंदा और निहाल सरीन से पहले दो मुकाबले ड्रॉ खेले जबकि विदित गुजराती को हराया। कार्लसन और भारत के एस एल नारायणन दो अंक लेकर दूसरे स्थान पर हैं। नारायणन ने पहले दौर में केमेर को हराया जबकि वेसले सो और अर्जुन एरिगेसी से ड्रॉ खेला। महिला वर्ग में भारत की वंतिका अग्रवाल ने अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना और कैटरीना लागनो के साथ बढत बना ली है। वंतिका ने पहले दौर में वालेंटिना गुनिना को हराया जबकि अलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक और नाना जागनिजे से ड्रॉ खेला। भारत की कोनेरू हम्पी, डी हरिका और दिव्या देशमुख दूसरे स्थान पर हैं।

### वेस्टइंडीज और आयरलैंड की मेजबानी करेगा भारत

**मुंबई।** भारतीय महिला टीम अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप से पहले दिसंबर-जनवरी में तीन तीन मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज और आयरलैंड की मेजबानी करेगी। भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ नवी मुंबई और वडोदरा में तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलेगी जबकि जनवरी में राजकोट में आयरलैंड के खिलाफ तीन वनडे खेलेगी। भारतीय टीम डी वाई पाटिल मैदान पर 15, 17 और 19 दिसंबर को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 मैच खेलेगी। वडोदरा में तीन वनडे 22, 24 और 27 दिसंबर को खेले जाएंगे। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम आयरलैंड से राजकोट में 10, 12 और 15 जनवरी को तीन वनडे खेलेगी। यह वनडे श्रृंखला आईसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा है जो अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन का जरिया भी है।

# सिंधु दूसरे दौर में, लक्ष्य सेन हारे

कुमामोटो (जापान), एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने बुधवार को कुमामोटो मास्टर्स जापान टूर्नामेंट के महिला एकल के राउंड ऑफ 32 में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। वहीं, पुरुष एकल में लक्ष्य सेन पहले राउंड में हारकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इसी के साथ भारत का अभियान पुरुष एकल में समाप्त हो गया।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधु ने 38 मिनट तक चले

जापान मास्टर्स



मुकाबले में रैंकिंग में 11वें स्थान पर मौजूद थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को सीधे गेम में 21-12, 21-8 से हराया।

वहीं पुरुष एकल मुकाबले में पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन को 31वें नंबर के खिलाड़ी मलेशिया के लियोंग जून हाओ से 22-20, 17-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। पहला गेम रोमांच से भरा हुआ था। रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने लियोंग जून हाओ को बराबर की टक्कर दी। मैच को तीसरे गेम तक पहुंचाने के इरादे से कोर्ट पर उतरे लियोंग ने दूसरे गेम में आक्रामक प्रदर्शन के साथ शुरुआती बढ़त बनाई, लेकिन लक्ष्य ने इसे कम करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में लक्ष्य को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और तीसरा गेम 21-16 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। दूसरे दौर में सिंधु का मुकाबला मिशेल ली से होगा।

# कर्नाटक ने यूपी को 89 रनों पर समेटा

- रणजी ट्राफी कर्नाटक ने ली 38 रनों की बढ़त, वासुकी और कृष्णन का शानदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रणजी के इस सत्र में यूपी टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। सोमवार को यूपी टीम कर्नाटक के विरुद्ध पहली पारी में मात्र 89 रन के योग पर सिमट गई। जवाब में पहले दिन का खेल खत्म होने तक कर्नाटक ने पांच विकेट खोकर 127 रन बना लिए थे और 38 रन की बढ़त बना ली। रणजी के इतिहास में यूपी का कर्नाटक के खिलाफ यह सबसे कम स्कोर है। वर्ष 1977- 78 में यूपी की टीम कर्नाटक के खिलाफ 112 रन सिमट गई थी।

इकाना स्टेडियम में बुधवार को टॉस जीतकर यूपी के कप्तान ध्रुव जुयाल ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम का शीर्षक्रम कर्नाटक के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सका। वासुकी कौशिक ने 20 रन देकर पांच विकेट चटकाए। विद्वाधर ने तीन विकेट हासिल किए। जवाब में कर्नाटक के कृष्णन श्रीजीथ ने कप्तान मयंक के साथ पारी को संभाला। खेल खत्म होने तक कर्नाटक ने पांच विकेट खोकर 127 रन बना लिए। श्रीजिथ 77 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 68 रन बनाए।

## अर्जुन तेंदुलकर के पंजे से अरुणाचल 84 पर ढेर

**पोरवोरिम।** अर्जुन तेंदुलकर (पांच विकेट) और मोहित रेडकर (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर बुधवार को रणजी ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप में मुकाबले में गोवा ने अरुणाचल प्रदेश को 84 रनों के स्कोर पर ढेर कर दिया है। बल्लेबाजी करने उतरी अरुणाचल की शरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 27 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये। नबाम हचांग (शून्य), नीलम ओबी (22), जय भावसार (शून्य), चिन्मय पाटिल (3) रन बनाकर आउट हुये। इन चारों बल्लेबाजों को अर्जुन तेंदुलकर ने आउट किया।

# सिनर ने फ्रिट्ज को फिर से हराया, मेदवेदेव भी जीते

तूरिन (इटली), एजेंसी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया। इटली के सिनर ने अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने फ्रिट्ज को 6-4, 6-4 से हराया। उन्होंने इस साल अमेरिकी ओपन के फाइनल में भी अमेरिका के इस खिलाड़ी को सीधे सेटों में हराया था।

टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज करने वाले सिनर ने कहा मुझे घरेलू कोर्ट पर खेलना पसंद है। अगर आप अपने प्रशंसकों और आपका समर्थन करने वालों को पसंद करते हैं तो इससे काफी मदद मिलती है। इससे पहले दानिल मेदवेदेव ने अलेक्स डी मिनौर को 6-2, 6-4 से हरा कर खुद को सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में बनाए रखा। दुनिया के चोटी के आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे इस




## बोपन्ना-एबडेन की लगातार दूसरी हार

**तूरिन (इटली)।** रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की एटीपी फाइनल्स 2024 सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें ध्वस्त हो गई जब वे बुधवार को लगातार दूसरा मैच हार गए। छठी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन को शीर्ष वरीयता प्राप्त अल सल्वाडोर के मार्शेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पाविच ने 7-5, 6-3 से हराया। अब बोपन्ना और एबडेन का सामना जर्मनी के केविन के और टिम पुत्ज से होगा। बोपन्ना और एबडेन फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में भी पहुंचे थे।

# बॉलीवुड हलचल

## 57 की हुई जूही चावला



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जूही चावला आज 57 वर्ष की हो गईं। जूही चावला का जन्म 13 नवंबर, 1967 को हुआ था। उनके पिता एस .चावला एक डॉक्टर थे। जूही चावला ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लुधियाना से पूरी की। इसके बाद उन्होंने आगे की पढ़ाई मुंबई के सिद्धेनम कॉलेज से पूरी की। वर्ष 1984 में वह मिस इंडिया चुनी गई। इसके बाद उन्हें मिस यूनीवर्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिला। इस प्रतियोगिता में उन्हें सर्वश्रेष्ठ वेश-भूषा के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जूही चावला ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 1986 में प्रदर्शित फिल्म सल्तनत से की। फिल्म सल्तनत की असफलता के बाद जूही चावला को हिंदी फिल्मों में काम मिलना बंद हो गया। वर्ष 1987 में प्रदर्शित कन्नड़ फिल्म प्रेमालोक उनके करियर की पहली हिट फिल्म साबित हुई। लगभग चार वर्ष तक मायानगरी मुंबई में संघर्ष करने के बाद 1988 में नासिर हुसैन के बैनर तले बनी फिल्म कयामत से कयामत तक की सफलता के बाद बतौर फिल्म अभिनेत्री इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में सफल हो गई। वर्ष 1990 उनके सिने करियर के लिए अहम वर्ष साबित हुआ।

## कंगुवा दर्शकों के लिए खुशी लेकर आएगी : सूर्या

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार सूर्या का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि उनकी फिल्म कंगुवा दर्शकों के लिये खुशी लेकर आयेगी। सूर्या ने कहा, कंगुवा जैसे बड़े मौके से पहले मैं शांति महसूस कर रहा हूं और सकारात्मकता को बनाए रखने की कोशिश कर रहा हूं। मेरी बस यही चाहत है कि फिल्म से जुड़े हर व्यक्ति को खुशी और गर्व महसूस हो। तमिलनाडु में असली खुशी तब है जब आप किसी और को खुश कर सकें। मुझे सच में उम्मीद है कि यह फिल्म वही खुशी लेकर आएगी। हर फिल्म अपने निर्माताओं के लिए एक बच्चे की तरह होती है और कंगुवा में पूरी टीम ने अपना दिल और जान लगा दिया है। हमने इस फिल्म को बहुत प्यार से बनाया है और उम्मीद है कि 14 तारीख हम सब के लिए एक जश्न का मौका होगी। कांगुवा के निर्माता के . ई . ज्ञानवेल राजा ने कहा, निर्देशक शिवा सर तो पिछले 90 दिन से सोए नहीं, और मैं खुद भी पिछले 30 दिन से नींद से दूर हूं। अब फिल्म का परिणाम और दर्शकों का उत्साह देखकर लगता है कि हमें कुछ आराम करना चाहिए। कंगुवा को भारत के अलावा सात अलग-अलग देशों में शूट किया गया है। मेकर्स ने टेक्निकल डिपार्टमेंट जैसे एक्शन और सिनेमेटोग्राफी के लिए हॉलीवुड एक्सपर्ट्स को हायर किया है। फिल्म में कुल 10 हजार लोगों से ज्यादा के साथ शूट किया गया, सबसे बड़ा वॉर सीक्वेंस भी है।






## रश्मिका ने पुष्पा 2: द रूल के डबिंग सेशन से शेयर की तस्वीरें

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपनी आने वाली फ़िल्म पुष्पा 2 : द रूल के डबिंग सेशन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। पुष्पा 2 : द रूल इस साल की मच अवेटेड फिल्म है। फिल्म का ट्रेलर 17 नवंबर को रिलीज होने वाला है। ट्रेलर पटना में होने रिलीज होने वाला है। पुष्पा 2 : द रूल में श्रीवल्ली की भूमिका निभा रही रश्मिका ने अपने डबिंग सीजन से तस्वीरें शेयर की हैं, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है अब जब मस्ती और खेल खत्म हो गए हैं, तो चलिए काम पर लग जाएं ! मतलब- पुष्पा की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है.. पुष्पा द रूल- फर्स्ट हाफ की डबिंग पूरी हो चुकी है.. 1 बजे सेकंड हाफ की डबिंग और माय गॉड ! फिल्म का फर्स्ट हाफ पहले से ही कमाल का है और सेकंड हाफ तो और भी ज्यादा कमाल का है.. मेरे पास सच में कहने के लिए शब्द नही हैं.. आप लोग सच में एक अद्भुत अनुभव के लिए तैयार हैं मैं इंतजार नहीं कर सकती यह चेहरा इस लिए है क्योंकि शूटिंग खत्म होने को है और मैं इस बात से थोड़ा दुखी हूं। फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है, जबकि म्यूजिक टी-सीरीज ने दिया है। यह फिल्म 5 दिसंबर 2024 को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## मिले बाइडन-ट्रंप



डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद वाशिंगटन पहुंचे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने ट्रंप का ओवल ऑफिस (व्हाइट हाउस) में स्वागत किया। • एजेंसी

# अनुकूल जलवायु के लिए गरीब देशों की मदद दोगुना करें विकसित देश

## जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने की अपील, कहा- जी20 को करना चाहिए नेतृत्व

बाकू (अजरबैजान), एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने विकसित देशों से विकासशील और गरीब देशों को जलवायु परिवर्तन के अनुरूप अपनी अर्थव्यवस्थाओं को ढालने में मदद के लिए वित्तीय सहायता को दोगुना करने के अपने वादे को पूरा करें।

गुटेरेस ने कहा कि यह सनुश्चित करने की जरूरत है कि जलवायु परिवर्तन कार्यवाही के लिए गठित हानि और क्षतिपूर्ति कोष के पास पर्याप्त धन संसाधन हों और कॉप29 की अगली बैठक में वित्तीय सुविधा के बारे में एक ऐसा महत्वाकांक्षी नया लक्ष्य प्राप्त हो सके जिससे विकासशील देशों की ज़रूरत का ध्यान रखा जा सके जिसके लिए हजारों अरब डालर की जरूरत है। संयक्त राष्ट्र महासचिव ने बुधवार को यहां संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन समझौते के तहत एक विशेष सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन को घटा कर वायुमंडल को अधिक गरम होने से बचाने के लिए विश्व समुदाय से और अधिक एकता तथा ऊंचे संकल्प की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों का नेतृत्व जी20 को करना चाहिए। गुटेरेस ने इस अवसर पर यह भी कहा कि पेरिस सम्मेलन के लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में पांच वर्ष महत्वपूर्ण हैं।




संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस सम्मेलन में बोलते हुए।

### भारत, अन्य विकासशील देशों ने उचित जलवायु वित्तीय प्रतिबद्धताओं की मांग की

**बाकू (अजरबैजान)।** समान विचारधारा वाले विकासशील देशों के समूह के हिस्से के रूप में भारत यहां जारी सीओपी29 जलवायु वार्ता में विकसित देशों से समान वित्तीय सहायता दिए जाने के आह्वान पर दृढ़ रुख अपना रहा है। समूह के कई सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई कि लगभग 69 प्रतिशत निधि ऋण के रूप में आयी, जिससे पहले से ही कमजोर देशों पर बोझ बढ़ गया है। वार्षिक जलवायु वार्ता में भारत ने समान विचारधारा वाले विकासशील देशों (एलएमडीसी), जी–77 और चीन तथा बेसिक (ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, भारत और चीन) जैसे अहम समूहों में बातचीत की, जहां यह जलवायु वित्त, इक्विटी और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की वकालत करने के लिए अन्य विकासशील देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में लगभग 130 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे बड़े समूह जी–77 और चीन ने मंगलवार को नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर वार्ता के मसौदा पाठ की रूपरेखा को अस्वीकार कर दिया था। यह इस वर्ष अजरबैजान के बाकू में होने वाले जलवायु शिखर सम्मेलन का केंद्रीय मुद्दा है।

## एक नजर

### आईएईए महानिदेशक 13-14 को ईरान के दौरे पर

**तेहरान।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी 13–14 नवंबर तक ईरान का दौरा करेंगे और देश के उच्च पदस्थ अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। ग्रॉसी ईरानी सरकार के सदस्यों के साथ–साथ ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी से भी मुलाकात करेंगे। ये बैठकें सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ ग्रॉसी की चर्चा के बाद होंगी। तेहरान में चर्चा के नए दौर का उद्देश्य मार्च 2023 में ईरान की परमाणु सुविधाओं के निरीक्षण पर बनी सहमति के संयुक्त वक्तव्य का कार्यान्वयन है।

### इमरान खान और उनके करीबी सहयोगियों को बरी

**इस्लामाबाद।** इमरान खान को राहत देते हुए पाकिस्तान की एक अदालत ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री और उनके करीबी सहयोगियों को अवैध रूप से जमा होकर कानून का उल्लंघन के मामले में बरी कर दिया। इस्लामाबाद की एक जिला एवं सत्र अदालत ने आरोपों को खारिज करते हुए खान, शेख रशीद, असद कैसर, सैफुल्ला नियाज़ी, सदाकत अब्बासी, फैसल जावेद और अली नवाज को बरी कर दिया। अवामी मुस्लिम लीग के प्रमुख शेख रशीद को खान के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान गृह मंत्री नियुक्त किया गया था।

### अमेरिकी उप विदेश सचिव भारत के दौरे पर

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिका के उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल अमेरिकी–भारत हिंद महासागर वार्ता के लिए 13–14 नवंबर का नयी दिल्ली का दौरा कर रहे हैं। एक अमेरिकी बयान में कहा गया है कि वार्ता में वह प्रधान उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर और वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के साथ पूरे हिंद–प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा करेंगे। बयान के अनुसार, नयी दिल्ली में, वह तकनीकी नवाचार और उत्पादन पर अमेरिका और भारत के बीच सहयोग को और विकिसत करने के लिए क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज (आईसीईटी) अंतर सत्र में भी हिस्सा लेंगे।

# गाजा-लेबनान में भीषण बमबारी, 79 मरे

## हिजबुल्ला की कार्रवाई के बाद इजराइल ने तेज किए हमले, अमेरिका बोला- सैन्य सहायता नहीं करेंगे कम

दीर अल-बला, एजेंसी

इजराइली सेना द्वारा गत 24 घंटे में किए गए हवाई हमलों में 79 लोगों की मौत हो गई। गाजा पट्टी में 46 लोगों की मौत हो गई जबकि लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगर पर मंगलवार को की गई बमबारी में 33 अन्य लोगों की जान चली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गाजा के चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि इलाके के उस क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया जिसे इजराइल ने मानवीय क्षेत्र घोषित किया गया।

गाजा में जान गंवाने वाले 46 लोगों में से 11 लोग इसी क्षेत्र के एक अस्थायी कैफेटेरिया में मौजूद थे। लेबनान में, मंगलवार को लड़ाकू विमानों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हमला किया और देश के अन्य हिस्सों में 33 लोगों की जान ले ली। इजराइल द्वारा नवीनतम बमबारी ऐसे समय में की गई है जब अमेरिका ने कहा है कि वह गाजा में और अधिक मानवीय सहायता भेजने की समय-सीमा बीत जाने के बाद भी इजराइल को दी जाने वाली अपनी सैन्य सहायता में कमी नहीं करेगा। लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में बड़े धमाके सुने गए। इस इलाके को दहियाह के नाम से जाना जाता है और यहां पर हिजबुल्ला की उपस्थिति मानी जाती है। इससे पहले इजराइल की सेना ने वहां 11 घरों को खाली करने की चेतावनी जारी की थी। हताहतों की संख्या के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई। इजराइली सेना ने बताया कि उसने हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया है जिसमें कमान केंद्र और हथियार उत्पादन स्थल शामिल हैं, लेकिन उसने कोई सबूत नहीं दिया। इजराइली हमले में बेरूत के पूर्व में स्थित एक अपार्टमेंट बिल्डिंग ध्वस्त हो गई जिसमें कम से कम छह लोग मारे गए। वाएल मुर्तदा ने बताया कि नष्ट हुई इमारत उनके चाचा की थी और उसमें रह रहे लोग पिछले महीने दहियाह से भाग कर आए थे। उन्होंने कहा कि मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं और अन्य लोग लापता हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बिना पूर्व चेतावनी मध्य लेबनान में एक आवासीय इमारत पर इजराइली हवाई हमले में आठ महिलाओं और चार बच्चों सहित 15 लोग मारे गए और कम से कम 12 अन्य घायल हो गए। वहीं, मंगलवार को उत्तरी इजराइल के शहर नाहरिया में एक भंडारण भवन में रॉकेट विस्फोट हुआ, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई।शहर के बाहर एक अन्य हमले में छर्रे लगने से दो अन्य लोग घायल हो गए। हिजबुल्ला ने मंगलवार की सुबह ड्रोन से उत्तरी इज़राइली शहर हाइफा के पास एक नर्सरी स्कूल पर हमला किया लेकिन बच्चे उस समय बंकर में थे। इसलिए कोई हताहत नहीं हुआ। गाजा स्थित नसीर अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि कैफेटेरिया पर हुए हमले में दो बच्चों सहित कम से कम 11 लोग मारे गए। अधिकारियों के मुताबिक, गाजा के उत्तरी शहर बेत हनून में एक घर पर मंगलवार को हुए हमले में 15 लोग मारे गए, जिनमें अल जजीरा के पत्रकार होसम शबात के रिश्तेदार भी शामिल हैं, जो उत्तरी क्षेत्र से रिपोर्टिंग कर रहे थे।



बेरूत में हमले के बाद राहत कार्य में जुटे कर्मचारी।

### बाइडन यूक्रेन युद्ध को अगले साल जारी रखने के लिए भेज रहे हैं सहायताः ब्लिंकन

**कीव।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को कहा कि बाइडन प्रशासन अपने कार्यकाल के अंतिम महीनों में यह सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है कि यूक्रेन के पास रूस की आक्रमकता का अगले साल भी मुकाबला करने के संसाधान उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि बाइडन प्रशान यूक्रेन को यथासंभव सहायता भेज रहा है ताकि वह रूसी सेना को रोक सके और किसी भी संभावित शांति वार्ता में मजबूत स्थिति में हो। ब्लिंकन ने कहा राष्ट्रपति बाइडन यह सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध हैं कि हमारे पास उपलब्ध प्रत्येक डॉलर को अब से लेकर 20 जनवरी के बीच यूक्रेन भेज दिया जाए। अमेरिका के नए राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेंगे। ब्लिंकन ने ब्रसेल्स की यात्रा के दौरान कहा, नाटो देशों को अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यूक्रेन के पास 2025 में प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए धन, गोला–बारूद और सैन्य बल हों ताकि वह मजबूत स्थिति में शांति वार्ता करने को सक्षम हो। इस बीच, रूस ने 73 दिनों के बाद पहली बार बुधवार को यूक्रेन की राजधानी कीव को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया। रूस ने यह हमला अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन के बयान के एक दिन बाद किया है जिसमें दावा किया गया है कि रूस मदद के लिए आए अधिकांश उत्तर कोरियाई सैनिकों को कुर्स्क सीमा क्षेत्र में रूसी धरती से यूक्रेन की सेना को खदेड़ने के लिए तैनात किया है।



# जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे प्रधानमंत्री मोदी

• 16 से 21 तक नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की यात्रा पर जाएंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 से 21 नवंबर तक नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की यात्रा पर जाएंगे जहां वह 18 एवं 19 नवंबर को रियो डि जनेरियो में 19वें जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार 16 नवंबर को तीन देशों ब्राजील, नाइजीरिया और गुयाना की यात्रा पर निकलेंगे। ब्राजील की यात्रा यह 18-19 नवंबर को होने वाले 19वें जी20 शिखर सम्मेलन के लिए है।

मिस्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ब्राजील के संघीय गणराज्य के राष्ट्रपति लुइस इनासियो लूला दा सिल्वा द्वारा आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 18-19 नवंबर को रियो डी जनेरियो की यात्रा करेंगे। भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ जी20 ट्रोइका का हिस्सा है और चल रहे जी20 शिखर सम्मेलन की चर्चाओं में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। विदेश सचिव के मुताबिक शिखर सम्मेलन के दौरान, प्रधानमंत्री वैश्विक महत्व के विभिन्न मुद्दों पर भारत के रुख को सामने रखेंगे जो जी20 नई दिल्ली नेताओं की घोषणा और वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के परिणामों पर आधारित होगा। जिनकी मेजबानी पिछले दो वर्षों में भारत ने की थी।



### ब्राजील सम्मेलन की सुरक्षा के लिए नौ हजार सैनिक होंगे तैनात

**रियो डि जेनेरियो।** ब्राजील की सरकार ने कहा कि वह आगामी जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 9,000 सैनिकों की तैनाती करेगा। सरकार ने बुधवार को कहा रक्षा मंत्रालय जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए 9,000 सैन्य कर्मियों को आवंटित करेगा। जी20 शिखर सम्मेलन 18–19 नवंबर को ब्राजील में होगा। इसमें 19 सदस्य देशों के नेताओं के साथ–साथ अफ्रीकी संघ और यूरोपीय संघ के नेताओं के भी शामिल होने की उम्मीद है।

# ट्रंप ने मस्क व रामास्वामी को सौंपी जिम्मेवारी

• डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का करेंगे नेतृत्व

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को घोषणा की कि टेस्ला के मालिक एलन मस्क और भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी 'डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी' (सरकारी दक्षता विभाग) या डीओजीई का नेतृत्व करेंगे।

ट्रंप ने घोषणा की, मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि एलन मस्क, अमेरिकी देशभक्त विवेक रामास्वामी के साथ मिलकर 'डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी' (डीओजीई) का नेतृत्व करेंगे। रामास्वामी अगले साल 20 जनवरी से प्रभावी हो रहे ट्रंप प्रशासन में किसी पद पर नियुक्त किए जाने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी हैं। ट्रंप ने कहा ये दोनों साथ मिलकर मेरे प्रशासन के लिए सरकारी नौकरशाही को खत्म करने, अतिरिक्त नियमों को कम करने, व्यर्थ व्यय में कटौती करने व संघीय एजेंसियों के पुनर्गठन का मार्ग प्रशस्त करेंगे।



### सीआईए के प्रमुख पद के लिए जॉन रैटक्लिफ ट्रंप की पहली पसंद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नव–निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि राष्ट्रीय खुफिया विभाग के पूर्व निदेशक जॉन रैटक्लिफ सीआईए का नेतृत्व करने के लिए उनकी पहली पसंद हैं। ट्रुथ सोशल पोस्ट में ट्रंप ने राष्ट्रीय खुफिया विभाग के पूर्व निदेशक जॉन रैटक्लिफ को सच्चा और ईमानदारी का एक योद्धा बताया और कहा मैं आशा करता हूं कि जॉन रैटक्लिफ देश के दोनों सर्वोच्च खुफिया पदों पर सेवा करने वाले पहले व्यक्ति होंगे। ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के लिए शीर्ष सहयोगियों और नामांकितों के बारे में घोषणाओं की एक क्लिप जारी की।

## इक्वाडोर की जेल में झड़प, 15 की मौत

**क्विटो।** इक्वाडोर की सबसे बड़ी जेल में कैदियों के बीच हुई झड़प में कम से कम 15 कैदी मारे गए और 14 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी राष्ट्रीय जेल प्रशासन एजेंसी एसएनएआई ने दी। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि हिंसा मंगलवार सुबह दक्षिण पश्चिम शहर गुआयाकिल में लिटोरल पेनिटेंटरी के एक विंग में भड़क उठी। बयान के अनुसार सुरक्षा समूह (पुलिस और सशस्त्र बल) ने सुविधाओं पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाने के लिए तत्काल कार्रवाई की और रक्तपात की जांच चल रही है। लिटोरल पेनिटेंटरी में संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े समूहों के कैदियों के बीच अक्सर झड़पें होती रहती है। अधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2021 से अब तक ऐसी घटनाओं में 400 से ज्यादा कैदी मारे जा चुके हैं।

# पेंटागन के गोपनीय दस्तावेजों को लीक करने पर 15 साल जेल

बोस्टन, एजेंसी

बोस्टन के एक संघीय न्यायाधीश ने 'मैसाचुसेट्स एयर नेशनल गार्ड' के एक कर्मी को यूक्रेन युद्ध के संबंध में अत्यधिक गोपनीय सैन्य दस्तावेजों को लीक करने के जुर्म में 15 साल की सजा सुनाई है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश इंदिरा तलवानी ने जैक टेक्सेरा को गोपनीय सैन्य दस्तावेजों को लीक करने के जुर्म में सजा सुनाई।

टेक्सेरा ने राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी सूचनाओं को जानबूझकर एकत्र करने और प्रसारित करने के छह मामलों में इस साल की शुरुआत में जुर्म कुबूल किया था। सजा सुनाए जाने के दौरान टेक्सेरा संयमित दिखाई दिया। सजा सुनाए जाने से पूर्व उसने अपने कृत्यों के लिए माफी मांगी। टेक्सेरा ने कहा मैं कहना चाहता हूं कि मैंने जो नुकसान पहुंचाया है उसके लिए मैं माफी चाहता हूं। साथ ही उसने अपने परिवार, मित्रों और उसके कृत्य से प्रभावित हुए सभी लोगों से माफी मांगी। टेक्सेरा (22) ने स्वीकार किया कि उसने देश की कुछ सर्वाधिक खुफिया सूचनाओं को गैर कानूनी तरीके से एकत्र किया था।

### अमेरिकी कर्मी पर इजराइल हमले संबंधी दस्तावेज लीक करने का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अदालत में दाखिल वाद के मुताबिक संघीय सरकार के लिए काम करने वाले एक व्यक्ति पर ईरान पर हमला करने की इजराइल की पहले की योजनाओं का आकलन करने वाली गोपनीय जानकारी लीक करने का आरोप लगाया गया है। कर्मचारी की पहचान आसिफ विलियम रहमान के तौर पर की गई है।

## द. कोरियाई नौसेना ने स्थिर-पंख वाले ड्रोन का किया लोकार्पण

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की नौसेना ने मानव रहित हवाई वाहन प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने के लिए पहली बार एक जहाज से स्थिर-पंख वाला ड्रोन का लोकार्पण किया है। देश की समाचार एजेंसी 'योनहाप' ने बुधवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम इंक द्वारा विकसित और मोजावे ड्रोन की एक प्रतिकृति है, जो 140 समुद्री मील की अधिकतम वायु गति के साथ लगभग 1.8 मील तक 10,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ सकता है। इसका उपयोग उड़ान भरने के लिए रनवे की आवश्यकता के कारण सीमित था। प्रतिकृति ड्रोन ने हमला जहाज आरओकेएस दोक्दो से मंगलवार को उड़ान भरी और पूर्वी शहर पोहांग में एक रनवे पर सुरक्षित रूप से उतरने से पहले लगभग एक घंटे तक पूर्वी सागर के पानी के उपर उड़ान भरी।

# ज्वालामुखी फटने से ऑस्ट्रेलिया इंडोनेशिया की उड़ानें की गईं रद

• ज्वालामुखी फटने से उठे धुएँ के कारण रोकी गईं उड़ानें

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया के बाली प्रांत के बीच ज्वालामुखी फटने से उठे धुएँ के कारण उड़ानें रोक दी गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की तीन सबसे बड़ी एयरलाइंस, क्वांटास, वर्जिन ऑस्ट्रेलिया और जेटस्टार ने मंगलवार और बुधवार को इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी के विस्फोट के बाद बाली से आने और जाने वाली उड़ानों को रद्द कर दिया या विलंबित कर दिया।

क्वांटास की सहायक कंपनी जेटस्टार ने ऑस्ट्रेलिआई समयानुसार मंगलवार दोपहर दो बजे तक ऑस्ट्रेलिया से बाली के देनपसार हवाई अड्डे के लिए बुधवार को अपनी सभी उड़ानें रद कर दीं। एक बयान में कहा गया इंडोनेशिया में माउंट लेवोटोबी के कारण ज्वालामुखी से उठे धुएं के कारण, बाली से आना-जाना फिलहाल सुरक्षित नहीं है, हम स्थिति पर बारीकी से नजर रखना जारी रखेंगे और जल्द से जल्द ऑस्ट्रेलिआई समयानुसार दो बजे के बाद संचालित होने वाली उड़ानों पर सूचना प्रदान करेंगे।

यदि स्थिति में सुधार हुआ ऑस्ट्रेलिया और बाली के बीच कम से कम दो अतिरिक्त वापसी सेवाएं संचालित करेगा। मंगलवार को वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की चार, दो देनपसार में और दो हवाई अड्डे से बाहर उड़ानें रद्द कर दी गईं।

## महिलाओं से दुष्कर्म के दोषी को सार्वजनिक रूप से फांसी दी

**तेहरान।** पिछले दो दशक में कई महिलाओं से दुष्कर्म के दोषी एक ईरानी व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से फांसी पर लटका दिया गया। ईरान के सरकारी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकारी आईआरएएन अखबार ने बताया कि देश के उच्चतम न्यायालय ने अक्टूबर की शुरुआत में मोहम्मद अली सलामत की मौत की सजा बरकरार रखी थी जिसके बाद उसे फांसी दे दी गयी। उसे मंगलवार सुबह पश्चिमी हमेदान शहर में एक कब्रिस्तान में मौत की सजा दी गयी। करीब 200 महिलाओं ने दवा की दुकान और एक जिम चलाने वाले 43 वर्षीय सलामत पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। ऐसा आरोप था कि उसने पिछले 20 वर्ष में कई अपराधों को अंजाम दिया।

## खगोल विज्ञान

यह दुर्लभ खगोलीय घटना हमारी पड़ोसी आकाशगंगा एंड्रोमेडा में देखी गई है

# वैज्ञानिकों ने खोजा ब्लैक होल को जन्म देता विशाल तारा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हमारी पड़ोसी आकाशगंगा एंड्रोमेडा (एम 31) में एक ब्लैकहोल जन्म ले रहा है। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि ब्लैक होल को जन्म दे रहा तारा बिना विस्फोट के ही ब्लैक होल में तब्दील हो रहा है। यह दुर्लभ खोज एमआईटी के कावली इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस रिसर्च के वैज्ञानिकों ने की है।

यह समझना जरूरी है कि ब्लैक होल तभी बनता है, जब कोई विशाल तारा अपने जीवन के अंतिम चरण के भीषण विस्फोट के साथ खत्म हो जाता है। इस घटना को सुपरनोवा कहा जाता है। सुपरनोवा के बाद ब्लैकहोल जन्म लेता है। मगर नई खोज ब्लैक होल के जन्म की नई कहानी बयान करती है। आकाशगंगा एंड्रोमेडा में एक विशाल हाइड्रोजन रहित सुपरजाइंट तारा सुपरनोवा के रूप में विस्फोटित नहीं हो सका और अब वह ब्लैक होल को जन्म दे रहा है। इस प्रकार के सुपरनोवा को कोर-कोलैप्स सुपरनोवा कहा जाता है। इसका दूसरा नाम टाइप 2 है। ये दुर्लभ खगोलीय घटना हैं। आकाशगंगा में लगभग हर 100 साल में एक बार इस तरह की घटना घटती है। वैज्ञानिक सुपरनोवा में खास रुचि रखते हैं। सुपरनोवा से कई तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिलती है, जिससे ब्रह्मांडीय किरणें भी उत्पन्न होती हैं। जिसका असर पृथ्वी तक पहुंच सकता हैं। जिस कारण इस विध्वंशक ब्रह्मांडीय घटनाओं की तलाश वैज्ञानिकों को रहती है। नए शोध से पता चलता है कि सुपरनोवा को अभी भी पूर्णरूप से नहीं समझ पाए हैं। ब्लैक होल में तब्दील हो रहे इस तारे का नाम एम 31-2014-डीएस 1 है। खगोलविदों ने 2014 में पहली बार मध्य-अवरक्त (एमआईआर) में चमकते हुए देखा था। तब इसकी चमक एक हजार दिनों तक स्थिर देखी गई थी। इसके बाद चमक गायब होती चली गई। यह एक परिवर्तनशील तारा है। जिसकी वास्तविकता के संकेत 2023 में मिले और अंत में यह निष्कर्ष निकाला गया कि यह तारा बिना विस्फोट के ब्लैक होल में तब्दील हो रहा है।



ब्लैक होल में तब्दील हो रहे तारे की तस्वीर। • अमृत विचार

### सूर्य से आठ गुना बड़े तारे करते है सुपरनोवा विस्फोट

नैनीताल : सूर्य से लगभग आठ गुना विशाल तारे अपने जीवन के अंत में सुपरनोवा के रूप में विस्फोटित होते हैं। यह विस्फोट एक ब्लैक होल या न्यूट्रॉन स्टार को पीछे छोड़ जाते हैं। यह इतने ऊर्जावान होते हैं कि वे महीनों तक अपनी मेजबान आकाशगंगाओं को प्रभावित कर सकते हैं। मगर इस घटना के विशाल तारा विस्फोट होने से बच गया और सीधे ब्लैक होल में बदल गया।